CMYK

सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-265 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 05 मार्च 2024
23 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# योगी मंत्रिमंडल विस्तार आज

**कार्यभार**

- ओमप्रकाश राजभर दारा सहित तीन मंत्री ले सकते हैं शपथ
- राजभवन में होगा शपथ ग्रहण समारोह



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 का पहला मंत्रिमंडल विस्तार मंगलवार शाम 5 बजे राजभवन में होगा। सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, भाजपा विधायक दारा सिंह चौहान और रालोद के एक से दो विधायक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल आनंदी बेन पटेल मंगलवार शाम को लखनऊ लौट रही है। उनके लखनऊ लौटने के बाद राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और सरकार के मंत्री मौजूद रहेंगे। **होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ाने का प्रस्ताव:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट में होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान में होमगार्ड स्वयंसेवकों को अंतरजनपदीय आवागमन के दौरान ड्यूटी भत्ते के 30 रुपये भोजन भत्ता मिलता है। बढ़ती महंगाई में यह भत्ता नाकाफी है। इसकी वजह से होमगार्ड विभाग ने इसे बढ़ाकर 120 रुपये करने का प्रस्ताव किया है। इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। **आबकारी विभाग में आएगी एकमुश्त समाधान योजना:** आबकारी विभाग अपने बकाये को हासिल करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लाने की तैयारी में है। मंगलवार को कैबिनेट में इसका प्रस्ताव पेश किया जाएगा। बता दें कि आबकारी विभाग का वर्ष 1956 से करीब 43 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें कई फुटकर व्यापारी शामिल हैं, जिन्होंने विभाग की बकाया रकम नहीं दी है।

## वोट के बदले नोट केस में 1998 का सुप्रीम कोर्ट ने पलटा फैसला

# किसी को घूसखोरी की छूट नहीं

**26** साल पुराने फैसले पर की सुनवाई



- सात जजों के बैंच ने फैसला सुनाया
- सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 105 का हवाला दिया
- नोट लेकर सदन में वोट दिया तो मुकदमा चलेगा
- सासंदों को कानूनी संरक्षण देने से कोर्ट ने इनकार कर दिया है

**नई दिल्ली।** वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है। बेंच ने 26 साल पुराने अपने पिछले फैसले को पलट दिया है। सीजेआई ने सांसदों को राहत देने पर असहमति जाहिर की है। सात जजों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से यह फैसला सुनाया है। अब अगर सांसद पैसे लेकर सदन में भाषण या वोट देते हैं तो उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 105 का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि किसी को घूसखोरी की कोई छूट नहीं है। रिश्वत लेकर वोट देने पर अभियोजन को छूट नहीं दी जाएगी। बहुमत के फैसले में पांच जजों की पीठ ने तब पाया कि सांसदों को अनुच्छेद 105 (2) और 194(2) के तहत सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के बदले आपराधिक मुकदमे से छूट है।

### रिश्वतखोरी भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरा : कोर्ट



सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि विधायकों द्वारा भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारतीय संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नष्ट कर देती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर वकील अश्विनी उपाध्याय ने कहा सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने कहा कि अगर कोई सांसद राज्यसभा चुनाव में सवाल पूछने या वोट देने के लिए पैसे लेता है, तो वे अभियोजन से छूट का दावा नहीं कर सकते। वोट देने के लिए पैसे लेना या प्रश्न पूछना भारतीय संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नष्ट कर देगा। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा हम पीवी नरसिम्हा मामले में फैसले से असहमत हैं।

## जेपी नड्डा ने राज्यसभा सीट से दिया इस्तीफा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राज्यसभा सीट से बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार रात इस्तीफा दे दिया। 20 फरवरी को नड्डा गुजरात से राज्यसभा सांसद के चुने गए थे। इसके अलावा तीन अन्य उम्मीदवारों को गुजरात से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया था। गुजरात की राज्यसभा की चार सीटें खाली थीं। सत्तारूढ़ भाजपा ने सभी सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए थे। अब नड्डा गुजरात से संसद पहुंचे। हालांकि अभी राज्यसभा सांसदों के शपथ ग्रहण की कोई तारीख का एलान नहीं हुआ है। जेपी नड्डा का इस्तीफा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने स्वीकार कर लिया है। जारी किए गए पार्लियामेंट्री बुलेटिन में लिखा है, हिमाचल प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्यों की परिषद (राज्यसभा) के निर्वाचित सदस्य जगत प्रकाश नड्डा ने राज्यसभा में अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया।

## सीएम योगी ने 762 पर्यटन विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

# यूपी में अराजकता अब आस्था में बदली : योगी

**शिलान्यास**

- एआई टेक्नोलॉजी की मदद से हो पर्यटकों की गिनती
- आज आ रहे प्रदेश की आबादी से दोगुने टूरिस्ट



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बताते हुए खुशी जाहिर की है कि यूपी में आज प्रदेश की आबादी से दोगुनी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं।

सीएम योगी सोमवार को लोक भवन सभागार में आयोजित पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी। पहली बार प्रदेश के सभी 75 जनपदों में और सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी पर्यटन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए प्रो पुअर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर आधारित योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण एक साथ हो रहा है। आज हम सभी को नया यूपी देखने को मिल रहा है। पर्यटन के दृष्टिकोण से हम केवल स्थल विशेष का विकास नहीं करा रहे, बल्कि इसके माध्यम से वहां के समग्र विकास, ईको सिस्टम और इम्पलॉयमेंट को गति देने का कार्य भी कर रहे हैं। सरकार की नियत साफ हो और गति में तीव्रता हो तो उसके परिणाम भी देखने को मिलते हैं। प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति ने जहां यूपी के परसेप्शन को बदला है। वहीं सरकार द्वारा लिये गये फैसले का लाभ यूपी को प्राप्त हो रहा है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में अयोध्या धाम, नैमिष में नैमिष तीर्थ आज पुनर्जीवित हो गया है।

विंध्यवासिनी कॉरिडोर नये रूप में है। बृजभूमि फिर से दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। प्रयागराज का कुंभ, चित्रकूट, शुकतीर्थ, बौद्ध, सूफी, भक्ति और शक्ति के केंद्र के साथ ही हेरिटेज और ईको टूरिज्म को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने का परिणाम है कि जिस यूपी में पहले कोई आना नहीं चाहता था, आज प्रदेश की आबादी से दोगुने टूरिस्ट यहां आ रहे हैं।

### आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती है

मुख्यमंत्री ने काशी, अयोध्या, मथुरा, प्रयाग, गोरखपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि आज सभी जगह होटल बुक हैं, टैक्सियां बुक हैं, मार्केट कई गुना बढ़ चुके हैं, रेस्टुरेंट में तिल रखने की जगह नहीं मिल रही है है। आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती है। यूपी अब उपद्रव नहीं उत्सव की भूमि बन चुका है।

# टीएमसी नेता मोइत्रा को ईडी का दूसरा समन

**पूछताछ**

- विदेशी मुद्रा नियम उल्लंघन का है मामला
- ईडी ने 11 मार्च को पेश होने को कहा



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा को फेमा उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। उन्हें 11 मार्च को एजेंसी के कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि लोकसभा की पूर्व सदस्य मोइत्रा ने जांच में शामिल होने के लिए कुछ हफ्तों का समय मांगा था। उन्होंने एजेंसी को पत्र भेजकर पिछले महीने पेश होने में असमर्थता जताई थी। जांच एजेंसी विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत उनसे पूछताछ करना चाहती है और उनका बयान दर्ज करना चाहती है। सूत्रों ने कहा कि इस मामले में कुछ अन्य विदेशी प्रेषण और धन के हस्तांतरण के अलावा एनआरई खाते से जुड़े लेनदेन एजेंसी की जांच के दायरे में हैं।

## दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने 10वां बजट पेश किया

# महिलाओं को हर माह 1000 रुपये देगी सरकार

**वादे**

- केजरीवाल सरकार ने 76 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया
- सोलर पैनल लगाने के लिए मिलेगी सब्सिडी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने 10वां बजट पेश किया। इस दौरान वित्त मंत्री आतिशी ने दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना का एलान किया गया है।

अगले वित्तीय वर्ष का बजट 76 हजार करोड़ रुपये का होगा। वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2025 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 8,685 करोड़ आवंटित किए हैं। बुजुर्ग तीर्थ यात्रा के लिए 80 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि अब हमारी सरकार दिल्ली में सोलर पावर पर ज्यादा जोर रहे रही है। साल 2024-25 तक दिल्ली की हर छत पर सोलर प्लेट होंगी। वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना का ऐलान किया है। इस योजना के तहत दिल्ली में 18 साल से बड़ी सभी महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये दिए जाएंगे। वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि स्थानीय निकायों को करीब 8.5 हजार करोड़ रुपये दिए जाएंगे। अस्पतालों के लिए 6000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। मोहल्ला क्लीनिकों के लिए 2000 करोड़ रुपये का प्रावधान है। दवाइयों के लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान है। दिल्ली सरकार ने अस्पतालों के लिए 6 हजार 215 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया है। दिल्ली आरोग्य कोष के लिए 80 करोड़, इसके अंतर्गत मुफ्त इलाज, सर्जरी, रेडियोलॉजी, डायग्नोस्टिक सेवाएं और चिकित्सा उपचार की सुविधा मिलेगी।

### ई-बसों के लिए 510 करोड़ रुपए का प्रावधान

आतिशी के अनुसार, ई बसों के लिए 510 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। दिल्ली मेट्रो के विस्तार के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। न्यायालय के लिए 3000 करोड़ रुपये का प्रावधान है। सड़कों और फ्लाईओवर के लिए करीब 1800 करोड़ रुपये का प्रावधान है। विधायकों के फंड के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। दिल्ली के सभी गांव में एक हजार सड़कें बनाई जाएंगी।

## दो सीटों से ताल ठोंक सकते हैं अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आगामी लोकसभा चुनाव दो सीटों से लड़ सकते हैं। उनके लिए कन्नौज और आजमगढ़ दोनों में तैयारियां चल रही हैं। इन दोनों लोकसभा क्षेत्रों से अखिलेश यादव पहले भी सांसद रह चुके हैं। सपा ने पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को कन्नौज और आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया है। ये दोनों ही सीटें मुस्लिम और यादव मतदाताओं की संख्या अच्छी खासी होने के कारण सपा का गढ़ मानी जाती हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव लगातार 2000, 2004 और 2009 का लोकसभा चुनाव जीते थे। उसके बाद 2014 में उनकी पत्नी डिंपल यादव यहां से जीतीं। जीत का यह सिलसिला वर्ष 2019 में थमा, जब डिंपल यादव भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक से हार गईं। इसी तरह से आजमगढ़ से वर्ष 2014 का चुनाव मुलायम सिंह यादव जीते और 2019 में अखिलेश यादव वहां से सांसद चुने गए।

## रामलला दर्शन करने अयोध्या पहुंचे एमपी के सीएम मोहन यादव

# आज जीवन धन्य हो गया : मोहन

**आस्था**

- सौभाग्य से आया ये दिन
- सीएम ने किया रामलला को साष्टांग प्रमाण
- सरयू पर विक्रमादित्य के नाम से घाट बनवाएंगे



**अयोध्या।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अयोध्या के रामलला मंदिर में भगवान को साष्टांग प्रमाण किया। उन्होंने दर्शन करने के बाद कहा कि ऐसा लगा जीवन धन्य हो गया। प्रभु राम का दर्शन कई जन्मों के पुण्य प्रताप का प्रसाद है।

आज हमने अयोध्या आकर भगवान श्रीराम के मंदिर के गर्भगृह में भगवान के दर्शन किए। यहां उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार मध्य प्रदेश भवन के साथ-साथ सरयू पर महाराज विक्रमादित्य के नाम से घाट बनवाएगी। कई जन्मों के पुण्य के बाद ये दर्शन प्राप्त हो रहा है, प्राण प्रतिष्ठा के बाद 22 जनवरी अमर दिवस हुआ है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का संबंध 2000 वर्ष पुराना है, महाराज विक्रमादित्य ने अयोध्या आकर राम मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था, विकास कार्य करवाए थे। 500 साल बाद फिर एक अच्छा समय आया है, भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या भव्य नगरी बनी है, अयोध्या पहुंच कर प्रभु श्री राम के चरणों में प्रणाम करते हैं। प्रदेश की सरकार आगामी दिनों में जनता के लिए कार्य करें, मेरी तरफ से उत्तर प्रदेश वासियों को बहुत-बहुत बधाई, अयोध्या को कई जन्मों के पुण्य प्राप्त हुए हैं। अयोध्या, काशी, मथुरा यह तो मोक्ष प्रदान करने वाली नगरिया हैं, ऐसे में यहां आकर जो आनंद आता है उसकी किसी से तुलना नहीं हो सकती, उत्तर प्रदेश सरकार चाहेगी तो अयोध्या में मध्य प्रदेश भवन बनाकर तो यात्रियों के लिए एक सुविधा केंद्र भी बनाएंगे।

# आप के दफ्तर पर गिरी सुप्रीम कोर्ट की गाज

**निर्देश**

- सुप्रीम कोर्ट ने 15 जून तक पार्टी दफ्तर खाली करने का दिया आदेश
- कोर्ट की जमीन पर है 'आप' का दफ्तर



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी को अपना दफ्तर खाली करने को कहा है। हालांकि, कोर्ट ने चुनाव के मद्देनजर 15 जून तक की मोहलत दी।

दरअसल, आम आदमी पार्टी के खिलाफ शिकायत की गई थी कि उनका दफ्तर राउज एवेन्यू कोर्ट को आवंटित जमीन पर बना है। इस मामले में हाईकोर्ट ने भी सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए दफ्तर खाली करने को कहा था. इस फैसले के खिलाफ आप ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने दफ्तर खाली करने के लिए कहा है. साथ ही कोर्ट ने कहा कि आप नए दफ्तर के लिए सरकार को आवेदन दे सकती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि संबंधित विभाग आप के आवेदन पर 4 सप्ताह में फैसला ले. कोर्ट ने साफ किया कि जमीन पहले से कोर्ट को आवंटित है। उस भूमि पर हाई कोर्ट के कर्मचारियों का आवासीय परिसर बनना है वहां पार्टी दफ्तर नहीं चला सकते।

# मेरा भारत-मेरा परिवार : पीएम मोदी

**कटाक्ष**

- चेन्नई जैसे शहरों को विकसित करने पर काम कर रहा केंद्र
- परिवारवादी पार्टियां सिर्फ और सिर्फ अपने भविष्य की सोचती हैं
- मोदी देश के लिए काम कर रहा है



**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार चेन्नई जैसे शहरों को विकसित करने के लिए काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के मिशन में तमिलनाडु के लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, जब भी मैं चेन्नई आता हूं तो मुझे लोगों से उर्जा मिलती है। चेन्नई प्रतिभा, व्यापार और परंपरा का एक बड़ा केंद्र है और विकसित भारत के निर्माण के मिशन यहां के लोग बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरे लिए आपका प्यार बहुत पुराना है। लेकिन हाल के वर्षों में जब भी मैं तमिलनाडु आता हूं, तो कई लोग परेशान हो जाते हैं। उन्हें परेशानी है कि यहां भाजपा की लोकप्रियता बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा, विकसित भारत के साथ ही मोदी ने विकसित तमिलनाडु का संकल्प लिया है। जल्द ही हमें भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। केंद्र सरकार चेन्नई जैसे शहरों को विकसित करने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि संकट के समय द्रमुक के लोग बाढ़ प्रबंधन के बजाए मीडिया प्रबंधन में व्यस्त थे। परिवारवादी पार्टियां केवल अपने परिवारों के बारे में सोचती हैं। लेकिन मोदी भारत के भविष्य को ध्यान में रखकर काम करता है। पीएम मोदी ने कहा, जब परिवारवादी पार्टियां सत्ता में थीं, तब भारत के करीब 18,000 गांव बिजली के संघर्ष कर रहे थे। जिससे ढाई करोड़ से ज्यादा घर अंधेरे में रह रहे थे। उन्होंने कहा, द्रमुक और कांग्रेस जैसी पार्टियां कहती हैं- फैमिली फर्स्ट (परिवार पहले) और मोदी कहता है- देश पहले।

### कोरोना काल में दिया मुफ्त राशन और टीका

उन्होंने आगे कहा, भाजपा सरकार एक संवेदनशील सरकार है, जो गरीबों पर बहुत ज्यादा ध्यान देती है। कोरोना के दौरान हमने गरीबों को मुफ्त राशन और सभी के लिए निशुल्क टीका सुनिश्चित किया। तमिलनाडु एमएसएमई क्षेत्र का अग्रणी राज्य रहा है। हमारी सरकार ने तमिलनाडु के एमएसएमई क्षेत्र को करोड़ों का ऋण दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, केंद्र सरकार की तमाम कोशिशों के बीच द्रमुक सरकार ने चेन्नई के लोगों की जरूरतों और उनके सपनों से मुंह मोड़ लिया है। जब चक्रवात आया तो द्रमुक सरकार ने मदद करने के बजाए लोगों की समस्याओं को बढ़ाने का काम किया। संकट के समय द्रमुक के लोग बाढ़ प्रबंधन सुनिश्चित नहीं करते हैं।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ उद्घाटन एवं शुभारम्भ

अवधनामा, संवाददाता।

**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन एवं शुभारम्भ मुख्य अतिथि भूतपूर्व जिला सैनिक कल्याणअधिकारी कर्नल सी0 पी0 मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान श्रीमती ज्ञान देवी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की वार्षिक कार्य प्रणाली के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन एन एस एस प्रभारी प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा के निर्देशन में उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम बाजपेई में चार मार्च से दस मार्च तक किया जायेगा। इस शिविर के माध्यम से एन एस एस के वोलेन्टियर्स समाज हित एवं राष्ट्र हित से संबधित विभिन्न कार्यो को करेंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों व संगठनों के पदाधिकारीगण स्वयंसेवकों से संवाद कर उनका मार्गदर्शन करेंगे। शिविर के प्रथम एंव उद्घाटन समारोह में

**मेरा पहला वोट देश के लिए की थीम पर गोष्ठी का किया गया आयोजन**

सुनियोजित मतदाता शिक्षा एव निर्वाचक सहभागिता श्स्वीपश् कार्यक्रम के तहत चुनाव का महापर्व एंव मेरा पहला वोट देश के लिए की थीम पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए एन एस एस प्रभारी प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने कहा कि लोकतंत्र में स्त्री पुरुष, गरीब-अमीर, आम नागरिक से लेकर प्रथम नागरिक सहित सभी के मताधिकार का मूल्य समान है। इस अधिकार से लोकतन्त्र को शसक्त और मजबूत बनाने में सभी की स्वतंत्र, निष्पक्ष भागीदारी होनी चाहिए। युवा विद्यार्थी राष्ट्र हित में अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।मुख्य




अतिथि कर्नल सी0 पी0 मिश्रा ने पहली बार वोटर बने स्वयंसेवकों को मताधिकार के महत्व को बताया तथा चुनाव में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आवाहान किया ।

असिस्टेंट प्रोफेसर डा सौरम वर्मा में विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदाताओं को भूमिका को रेखांकित किया साथ ही मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति पंत ने कहा कि आधी आबादी की प्रतिनिधि महिलाओं का चुनाव में भागीदारी करना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अब चुनाव में मतदान के प्रति महिलाओं का रुझान बढ़ा है, ऐसे में यह अति महत्वपूर्ण है कि युवा छात्रायें महिला मतदाताओं को जागरुक उन्हें शत प्रतिशत करने के लिए प्रेरित करें।

प्रो0 नीलम सिवेदी, प्रधानाध्यापिका शहनाज बेगम ने भी मतदाता जागरुकता पर अपने विचार रखे। गोष्ठी के पश्चाद मतदाता मारूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रेली के माध्यम से एन एस एस वोलेंटियर्स ने घर-घर जाकर ग्रामवासियों को वोट देने के लिए जागरुक किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने सभी को मतदाता शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापिका शहनाज बेगम, सहायक अध्यापिका रुबी,रीता और सुधा उपस्थित रहीं।

# भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली पद यात्रा

अवधनामा, संवाददाता।

**सहारनपुर।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत पदयात्रा निकाली गई और केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया गया।



भाजपा महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा आरती शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रूण सुरक्षा के साथ-साथ वृद्धावस्था तक बहनों को हर सुविधा दी। गर्भ में बच्चों की देख रेख के लिए ,पढ़ाई के लिए, राशन फ्री, छत फ्री, जो इंसान की मूलभूत आवश्यकता होती है मोदी जी ने वह सभी हमें फ्री दी है।

महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री नूतन शर्मा ने पदयात्रा में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।लोकसभा व विधानसभा में तीन दशकों बाद महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिया जिसके लिए देश की आधी आबादी उनकी आभारी है।

क्षेत्रीय महामंत्री रमा गुप्ता व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वर्षा चोपड़ा ने कहा कि देश में उज्ज्वला योजना में 10 करोड महिलाओं को गैस कनेक्शन मिले जिससे गृहणियों को धुएं से मुक्ति मिली, तीन तलाक पर सख्त कानून का मुस्लिम बहनों को लाभ मिला और तीन तलाक के मामलों में 82 प्रतिशत की कमी आई।

उन्होंने कहा कि महिलाओं का जीवन स्तर सुधारने के लिए पिछले 10 वर्षो में अनेकों काम किये गए इसीलिए आगामी लोकसभा चुनाव में देश की महिलाए एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाये जाने के लिए संकल्पित हैं।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजिका सरिका गुप्ता, महानगर महामंत्री योग चुघ, पूजा शर्मा, आशा अग्रवाल, हरप्रीत कौर, कांता , मोनिका नरूला, मोनिका सिंह, कंचन धवन, जूली, अनीता त्यागी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एचटीसी ने किया सेमिनार का आयोजन



**सहारनपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में हैंड्स टू केयर वेलफेयर सोसायटी द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वयं से प्रेम करने और तनाव प्रबंधन के महत्वपूर्ण तरीकों पर जागरूक करना रहा। सेमिनार की मुख्य अतिथि मिंटी छाबड़ा, मेहल गुप्ता मनोचिकित्सक और अनुराधा सिंघल योगा एवं लाइफस्टाइल विशेषज्ञ ने अपने-अपने विचारों से महिलाओं को प्रेरित किया।

सेमिनार ने महिलाओं को अपने स्वयं के जीवन में सकारात्मक विचारों में वृद्धि करने और तनाव को संभालने के लिए नए दृष्टिकोण प्रदान किए। हम उम्मीद करते हैं कि इस सेमिनार के माध्यम से महिलाएं अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएंगी। इस दौरान एचटीसी महिला सेल अध्यक्ष आदिति बनर्जी और उपाध्यक्ष श्वेता बेदी और संचालक, मोनिका नारंग ने सेमिनार की सफ्लता में अहम भूमिका निभाई। सोसायटी के टीम सदस्यों काशिश, मानसी, नेहा, शगुन, तमन्ना, शिवांगी और प्रियंका ने सेमिनार की सफ्लता में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

# अनियंत्रित रोडवेज बस ने ई.रिक्शा में मारी जोरदार टक्कर, एक की मौके पर मौत

अवधनामा, संवाददाता।

**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली अन्तर्गत गोला हाईवे मार्ग पर ग्राम दिलावरपुर के निकट अनियंत्रित रोडवेज बस ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शे में बैठी सवारियां गम्भीर रूप से घायल हो गयी तथा एक की मौके पर ही मृत्यु हो गयी तथा दो लोगो को जिला अस्पताल शाहजहापुर ले जाते समय मृत्यु हो गयी। जानकारी के अनुसार मोहम्मदी से एक ई-रिक्शा सवारियो को लेकर ग्राम दिलावरपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही ई-रिक्शा गोला हाईवे पर ग्राम दिलावरपुर के पास मोड़ के पास पहुंचा तभी पीछे से अनियंत्रित गति से आ रही रोडवेज बस संख्या यूपी-27टी-9067 ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा बस के बम्फर में फंसकर काफी दूर तक घसिट गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। इस भीषण टक्कर में रूची देवी पत्नी हीरालाल निवासी सिकंदरपुर जिला बलिया जो अपनी बेटी के यहां आयी थी और दवाई लेने मोहम्मदी




**दो लोगो की जिला अस्पताल शाहजहापुर ले जाते समय मौत**

आई थी वापस ग्राम दिलावरपुर वापस जा रही थी। मौके पर ही मृत्यु हो गयी तथा अन्य सवारिया रूखसाना पत्नी जावेद, अरहान पुत्र जावेद, आलिया पुत्री जावेद, रवीना पुत्री समशुल हसन, महरून्निशा पत्नी यूसुफ आटो चालक मुजीब पुत्र समीम गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पाते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंच गया। घायलो को एम्बुलेन्स 108 की सहायता से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।

जहां डाक्टरो द्वारा उपचार कर घायलो को गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। शाहजहांपुर जिला अस्पताल ले जाते समय आलिया (03) व रवीना (26) की भी मृत्यु हो गयी है। उक्त घटना के सम्बन्ध में साहिल पुत्र समशुल द्वारा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गयी है।

## अवैध शस्त्र का निर्माण करते हुए 02 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने प्रेस वार्ता करते हुये बताया कि दिनांक 03.03.2024 को समय करीब 18.05 बजे थाना धौरहरा पुलिस एवं क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम खगियापुर नदी के किनारे खाली जमीन में छप्पर डालकर अवैध शस्त्र का निर्माण करते हुए 02 नफर अभियुक्तगण किशोरी लोध पुत्र दुलारे लोध निवासी ग्राम खगियापुर थाना धौरहरा रफीक उर्फ रम्पत पुत्र अली हुसैन निवासी ग्राम रामनगर लहबडी थाना धौरहरा को अवैध निर्मित/अर्धनिर्मित शस्त्र मय शस्त्र बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 3/5/25 व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अदद अवैध तमंचा व 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद कर 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अवधनामा, संवाददाता।

**लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद करके 01 नफर अभियुक्त शान मोहम्मद उर्फ गुड्डू पुत्र मोहम्मद उमर निवासी ग्राम मौलापुरवा मजरा श्रीनगर थाना फूलबेहड़ को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना फूलबेहड़ पर मु0अ0सं0 84/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत चालान न्यायालय किया गया।



## सच्ची आस्था से ही मिलता है रास्ता: विधायक राजीव

सहारनपुर। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में भगवान शिव का जलाभिषेक किए जाने के लिए हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ तीर्थ यात्रियों की सेवा को श्री शिव कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। जेल चुंगी श्री शिव कावड़ सेवा शिविर द्वारा हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ तीर्थ यात्रियों की सेवा के लिए आज पूजा अर्चना के साथ पांच दिवसीय कांवड़ सेवार शिविर का शुभारंभ किया गय।

# पश्चिम बंगाल में महिलाओं अत्याचार के विरोध में किया प्रदर्शन

अवधनामा, संवाददाता।

**महिला समन्वय समिति ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

**सहारनपुर।** पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार व उत्पीड़न पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए महिलाओ ने विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई तथा महिलाओं को न्याय दिलाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक महिला समन्वय, सहारनपुर की संयोजिका अनिता शर्मा के नेतृत्व में महिलाएं जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए और पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर रहे अत्याचार और हिंसा को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए कहा कि बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के प्रति भयावह अत्याचार की स्थितियों ने देश के हर व्यक्ति के मानस को भीतर तक



डीएम को ज्ञापन देने जाती संस्था की महिलाएं

झकझोर दिया है। ये घटनाएं, जो निरंतर हो रही थी। ईडी के अधिकारियों पर हमला होने के बाद और शहजाद शेख के फरार होने के बाद ही सामने आ सकी। राजनीति और धार्मिक कारणों से प्रेरित ये कृत्य पुलिस प्रशासन एवं पश्चिम बंगाल सरकार की नाकामी को उजागर करते हैं। बच्चों और महिलाओं के साथ बर्बरता पूर्वक व्यवहार, यौन उत्पीड़न मार-पीट की अनेको घटनाएं लगातार निकलकर सामने जा रही है। अपराधियों द्वारा जमीन हड़पने के कितने ही मामले लगातार उजागर हो रहे हैं। इन घटनाओं से पश्चिम बंगाल की महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा की चिंताजनक स्थिति सामने आई है।

उन्होंने मांग करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में हो रहे इन कृत्यों के लिए दोषियों पर तुरंत कार्यवाही की जाए। सभी दोषियों के खिलाफ मुकदमें दर्ज करके जल्द ही न्यायालय फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चलाकर न्याय दिलाया जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्रीय गृह मंत्रालय तुरंत ही इन सभी घटनाओं का संज्ञान लेकर भारतीय संविधान एवं अन्य कानूनों के तहत ठोस कार्यवाही करें। ज्ञापन देने वालों में महिला समन्वय संयोजिका अनिता शर्मा, अंजूरी, मधु, कविता, बोनी, माता चौहान, कंचन, गौरी समेत कई बहनें उपस्थिति रही।

## बाईक चोरी का खुलासा कर दो वाहन चोर पकड़े



अवधनामा, संवाददाता।

**सहारनपुर।** विश्वास नगर मस्जिद के सामने से हुई बाईक चोरी का खुलासा करते हुए थाना मण्डी पुलिस ने दो शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद हुयी है। गौरतलब रहे कि 03 मार्च को मुर्सलीन पुत्र सादा निवासी ग्राम हलगोवा थाना रामपुर मनिहारान ने अज्ञात चोर पर विश्वास नगर में मस्जिद के सामने से मोटर साईकिल चोरी करने के संबंध में थाना मण्ड़ी पर मुकदमा पंजीकृत कराया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने घटना का तत्काल संज्ञान लेकर घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु आदेश निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में थाना मण्डी प्रभारी निरीक्षक पीयूष दीक्षित के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते अभियुक्त चाँद पुत्र मौ.कामिल निवासी विश्वास नगर थाना मण्डी सहारनपुर व रहमान पुत्र नसीम निवासी चाटका थाना कोतवाली देहात को जुल्मगढ की पुलिया से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की बरामद की गयी।

बरामदगी के आधार पर मुकदमें में धारा 411 की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वह नशे के आदि है और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्होंने यह मोटर साइकिल विश्वास नगर से उमरा मस्जिद के सामने से चोरी की थी। आज वह दोंनो सामान लेने के लिये चोरी की मोटर साईकिल से जा रहे थे। कि पुलिस ने पकड़ लिया। वाहन चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नरेन्द्र सोलंकी, हैड कांस्टेबल रविन्द्र कुमार, कांस्टेबल अंकित कुमार शामिल रहे।

# मिल कर्मचारियों को सुरक्षा दिवस की महत्वता बतायी




राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर कर्मचारियों को संबोधित करते मिल अधिकारी

अवधनामा, संवाददाता।

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर स्टार पेपर मिल में कर्मचारियों व उनके परिजनों को सुरक्षा दिवस की महत्वता से अवगत कराया गया और संस्थान में कार्यरत सेफ्टी सर्कल व अन्य कर्मचारियों को कारखाने के अंदर व बाहर असुरक्षित कार्य पद्धती व स्थितियों की संभावनाओं को कम करने के प्रति जागरूक किया गया।

स्टार पेपर मिल प्रांगण में आज 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक वर्क्स आई.जे. सिंह ने सभी उपस्थित जनों को सुरक्षा दिवस की महत्वता से अवगत कराया और संस्थान में कार्यरत सेफ्टी सर्कल व अन्य कर्मचारियों को कारखाने के अंदर व बाहर असुरक्षित कार्य पद्धती व स्थितियों की संभावनाओं को कम करने के प्रति जागरूक किया। संस्थान के महाप्रबंधक (एचआर एंड ए) मोहन शर्मा ने कहा कि सुरक्षा का महत्व केवल कारखानों में ही नहीं, बल्कि हमारे जीवन के हर क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के कर्मचारियों की यह जिम्मेदारी बनती है कि अपने कार्यस्थल की व्यवस्था अच्छी बनाने में सहयोग करें, जिससे कि कार्यस्थल पर अच्छा एवं दुर्घटनामुक्त वातावरण बन सकें।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार संस्थान द्वारा दिए गए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करना चाहिए, जिससे कि हम सभी को शून्य दुर्घटना लक्ष्य की प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर आयोजित सेफ्टी प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों व उनके परिजनों ने भाग लिया। सेफ्टी निबंध पोस्टर, कविता एवं स्लोगन के विजेताओं की प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त सेफ्टी सर्कल्स को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर एक सुरक्षा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक वर्क्स आईजे सिंह ने किया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ महाप्रबंधक (पी एंड डी) बीके महेश्वरी, महाप्रबंधक (एच.आर. एंड ए.) मोहन शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक (कमर्शियल) पी.के. गर्ग, कारखाना प्रबंधक वीके चौहान, महाप्रबंधक (पी एंड डी) जीके मिश्रा, महाप्रबंधक (प्रोडक्शन) प्रदीप कुमार अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं श्रमिक संघ प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संगोष्ठी का किया आयोजन

अवधनामा, संवाददाता।

**सहारनपुर।** पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सीवी रमन की रमन प्रभाव खोज पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें स्वदेशी आत्म निर्भर बनने को प्रेरित किया गया। जेवीजैन कॉलेज के सभागार में जैन कॉलेज व विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वाधान में डॉक्टर सीवी रमन की रमन प्रभाव खोज के उपलक्ष में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'स्वदेशी ज्ञान से आत्मनिर्भर भारत की ओर' रहा। शिवालिक बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर सुवीर मित्तल, विशिष्ट अतिथि निपुण जैन, डॉक्टर रंजना चौधरी ने की कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रहे प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ संजय आदि ने सीवी रमन एवं भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विज्ञान भारती की उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए संजीव मित्तल ने बताया की विद्यार्थी जनमानस एवं सामान्य जन्मे विज्ञान की तीव्र चेतन जगा कर राष्ट्र को संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनकर विश्व के प्रथम गौरव को प्राप्त करना है। संघ के नगर प्रचारक आशुतोष ने बताया कि अब भारत फिर प्रणाली और अपने स्वर ज्ञान से



परिचित होकर विश्व पटेल पर एक नया इतिहास लिखने जा रहा है उन्होंने वेदों से व्यक्ति वैज्ञानिकता की ओर के बारे में बताया। विज्ञान के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अमरीश शास्त्री ने गांव देहात से लेकर पूर्व माध्यमिक से उच्च शिक्षा संस्थान संस्थाओं के मध्य समन्वय एवं नई-नई प्रतिभाओं को पहचान कर उनका उचित सम्मान करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ने अपनी व्याख्यान में स्वामी विवेकानंद एवं जमशेद टाटा से मिलने एवं स्वामी विवेकानंद के टाटा से तकनीकी संस्थान निर्माण के आग्रह का जिक्र किया। कार्यक्रम अध्यक्ष सुधीर ने कहा कि स्वदेशी विज्ञान द्वारा ही राष्ट्र की मजबूती एवं पर्यावरण को हानि पहुंचाये बिना हम सशक्त राष्ट्र बना सकते है। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि युवाओं को नई खोज कर नोबेल पुरस्कार जीतकर नए भारत की अमिट पहचान विश्व पटेल पर लानी चाहिए। दीपक अग्रवाल ने कहा कि विज्ञान की तरक्की जीवन के हर क्षेत्र में जरूरी है जिस प्रकार शरीर का कोई अंग विकसित न हो और सभी अंग स्वस्थ हो तो भी उसे स्वस्थ नहीं माना जा सकता उसी प्रकार कृषि रक्षा औद्योगिक पर्यावरण आदि क्षेत्रों में हमें ध्यान देना होगा। इस दौरान प्रोफेसर ममता सिंगल राजीव मित्तल एवं लोकेश कुमार ने संयुक्त रूप से मंच का संचालन किया। प्राचार्य प्रोफेसर हरिओम गुप्ता ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में लगभग 130 छात्र-छात्राएं करीब 25 से अधिक छात्राएं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर प्रोफेसर ममता सिंगल, विज्ञान भारती से संजय कुमार, राजीव कुमार मित्तल, महाराज सिंह कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार, डॉ.एसके अग्रवाल, लघु उद्योग भारती के अनुराग महेश्वरी, विपिन सिंगल आदि मौजूद रहे।

## जिला बदर बदमाश को तमंचे समेत दबोचा

सहारनपुर। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने एक जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जिला बदर अभियुक्त रहीश उर्फ भूरा पुत्र गफूर निवासी नूर बस्ती थाना कोतवाली नगर को 01 अवैध तमन्चा 315 बोर मय 01 कारतूस जिन्दा 315 बोर के साथ नुमाईश कैम्प से गिरफ्तार किया है। जो न्यायालय अपर जिलाधिकारी प्रशासन के आदेश पर 23 नवम्बर को जिला बदर है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रविन्द्र धामा, हैड कांस्टेबल संजय व कांस्टेबल कपिल शामिल रहे।

# उज्जवल शर्मा को मोमबत्तियां जला दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अवधनामा, संवाददाता।

**विधायक उमर अली ने शोकाकुल परिवार को बधांयी ढांढस, मदद का आश्वासन**

**सहारनपुर।** इण्टर मीडिएट के छात्र उज्जवल शर्मा को मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी और शासन प्रशासन को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए परिजनों ने न्याय दिलाने की गुहार की है। उधर, मृतक के परिजनों से विधायक उमर अली खान ने भेंट की और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। गौरतलब रहे कि नगर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बाजार मोरगंज में उज्जवल शर्मा पुत्र अजय शर्मा निवासी मौहल्ला राधा विहार कॉलोनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। रविवार की देर शाम नुमाइश कैम्प भारत माता चौक पर उज्जवल शर्मा को क्षेत्रवासियों ने मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान



मृतक के पिता अजय शर्मा ने हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन की जांच में परिवार पूरी तरह सहयोग कर रहा है, लेकिन उन्हें अनावश्यक दबाव में न लिया जाये और दो दिन के भीतर मामले का खुलासा कर उज्जवल शर्मा की मौत के कारणों का स्पष्ट किया जाये। इस दौरान राधा विहार स्थित मृतक उज्जवल शर्मा के आवास पर पहुंचे विधायक उमर अली खान ने अपने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी तरह उनके साथ है और उनकी हर संभव मदद करायी जायेगी। इस दौरान अर्जुन शर्मा समेत क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# केयान डिस्टलरी के एमडी की माता की तेरहवीं के ब्रह्मभोज में शामिल हुए गणमान्य लोग

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** केयान डिस्टलरी के एम0डी0 विनय कुमार सिंह के माताजी तेरहवीं में समाजिक कार्यकर्ता से लेकर बड केयान डिस्टिलरी के प्रबंध निदेशक और श्रेयस शार्टेक्स इंडिया लिमिटेड के सस्थापक विनय कुमार सिंह जी के माता जी की तेरहवीं ब्रह्मभोज मऊ स्थित उनके पैतृक निवास पुनापार में श्रद्धा पूर्वक मनाया जा रहा है। परंपरागत पूजा पाठ होने के बाद उनके पिता श्री महेंद्र सिंह जी ने अपने स्वर्गीय पत्नी के श्रद्धा में दीप जलाकर चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की,तत्पश्चात विनय कुमार सिंह ने मां के लिए दीप जलाकर चित्र पर पुष्प अर्पित कर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मां के प्रति कृतज्ञता का भाव ज्ञापित करते हुए नतमस्तक होकर प्रणाम किया,इस अवसर पर नगरा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार सिंह जी के साथ आए हुए सैकड़ों लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।केयान डिस्टीलरी के महाप्रपंधक एपी मिश्रा , अंकुर गंगवार, नितिन दीक्षित,नरेंद्र सैनी,विकास त्रिपाठी श्रेया सोरटेक्स के जीएम दिनेश कुमार शुक्ला, भगत जी की पूरी टीम ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

अभी तक उपस्थिति गणमान्य लोगों का आना जाना लगा हुआ है,आज विनय सिंह की माता को श्रद्धांजलि देने आजमगढ़ मंडल के साथ गोरखपुर से भी बड़ी तादात में लोगों का आना शुरू हो गया है। कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था में लगे जे के पांडेय, केयान डिस्टिलिरिज से अमित कुमार पांडेय सहित नगरा से अजय सिंह आदि मौजूद है । श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विधायक सहजनवा माननीय प्रदीप शुक्ला,विधान परिषद सदस्य माननीय धर्मेंद्र सिंह ,भारतीय जनता पार्टी के भाजयुमो के पूर्व कार्यकारिणी के सदस्य राज गौरव सिंह ,विधायक प्रदीप शुक्ला जी के लखनऊ के सचिवालय प्रभारी कौशिक जी ,के के ग्रुप के एमडी जगदीश आनंद जी, प्रमुख नगरा,प्रमुख, मडियांव,दर्जनों जिलापंचायत के सदस्य गण के अलावा सहजनवा गोरखपुर से राष्ट्रीय सहारा के सत्यप्रकाश त्रिपाठी, दैनिक जागरण के श्री संतोष कुमार गुप्ता बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान गण भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। केयान डिस्टिलिरिज के प्रबंधक प्रशासन आत्मा नंद सिंह ने सभी जहां सभी आगुंतकों की अगवानी की वहीं सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जाम में फंसकर कराहते रहे राहगीर

**अमेठी।** स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण नगर एक लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में है।सोमवार को राहगीर जाम में फंसकर घंटों कराहते रहे। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सड़क की पटरियां गायब हो चुकी है उन पर बाजार लगी है।सड़के सकरी हो गई हैं लिहाजा आए दिन जाम में फंस कर राहगीर कराह रहे हैं। स्थानीय नगर पंचायत में एक लंबे समय से अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं चला है जिसके कारण गांधी चौक सगरा तिराहा अंबेडकर तिराहा राजर्षि तिराहा पोस्ट ऑफिस के सामने और तहसील के सामने जाम की समस्या विकराल हो चुकी है।स्कूल आने जाने वाले बच्चे जाम में फंसकर प्रायः कराहते रहते हैं। वहीं राहगीर भी नगर अमेठी के जाम की चुनौती से परेशान है विभिन्न तिराहों और चौराहों पर सुरक्षा बल तैनात जरूर रहता है लेकिन जाम से निपटने में वह नाकाम साबित होते हैं। नगर पंचायत अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने की पहल नहीं कर रही है जिसे लेकर जाम की समस्या से ग्रस्त लोग चिंतित नजर आ रहे हैं

# लोकसभा 2024 के चुनाव में भाजपा रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज करेगी : विजयलक्ष्मी

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर।** लोकसभा सलेमपुर भाजपा की विधानसभा चुनाव संचालन समिति बैठक श्रीरैनाथ ब्रह्मदेव डिग्री कालेज सलेमपुर किया गया। जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए यह संचालन समितियां महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के साथ काम करेगी। राज्य एवं केंद्र द्वारा जनकल्याण योजनाओं को सभी जनों तक पहुंचाने का काम करेंगे जिसके लिए पार्टी द्वारा लाभार्थियों से बस्तियों में संपर्क अभियान कार्यक्रम भी चल रहा है।

राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि सभी योजनाओ को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का काम करे। एक-एक आयाम पर आपको प्रमुखता के साथ जिम्मेदारी का निर्वहन करना है। लोकसभा प्रभारी विजय बहादुर दूबे ने कहा कि लोकसभा 2024 के चुनाव में भाजपा रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज करेगी। उन्होंने फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार 400 पार का नारा दिया। कार्यकर्ताओ को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करना है। लोकसभा संयोजक विनोद कुमार दूबे ने सभी कार्यकर्ताओं का परिचयात्मक बैठक ली। चुनाव संयोजक अशोक पाण्डेय,जयनाथ कुशवाहा,पूर्व विधायक काली प्रसाद,पूर्व जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध मिश्र, लोकसभा सह प्रभारी बलराम उपाध्याय,अजय उपाध्याय, अजय कुमार दूबे, हाकिम सिंह, अश्वनी सिंह,अभिषेक जायसवाल, लोकसभा विस्तारक नितेश चौबे, मण्डल प्रभारी दुर्गेश पाण्डेय, बलबीर सिंह दादा, कन्हैया लाल जायसवाल, रविन्द्र श्रीवास्तव,अभय सिंह विशेन,संजय दुबे,अमरदत्त यादव, ओमप्रकाश यादव,अशोक तिवारी, अजय दूबे वत्स, अनूप उपाध्याय, रामेश्वर सिंह, बचनदेव गोंड,रविशंकर मिश्र, संजय कुशवाहा,शेषनाथ भाई, सुनील यादव स्नेही,अशोक सिंह,मुरली जायसवाल, पिन्टु तिवारी, अतुल कुमार मिश्रा, आशुतोष तिवारी, अमरेश सिंह बबलू, रामनयन सिंह, जयप्रकाश शाह,कमलेश तिवारी, शमशुद्दीन अंसारी, राघवेंद्र पासवान, भोला बाबा, अमित सिंह, अवधेश मद्देशिया, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, इन्द्रजीत मौर्या, धर्मेन्द्र कुशवाहा, राजीव वर्मा आदि मौजूद रहे।

## शिवभार गुर्जर साहित्यिक संस्था की मासिक काव्य गोष्ठी सम्पन्न



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** आचार्य पिंगल सभागार, प्रभात नगर, लखनऊ में शिवभार गुर्जर साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्जवलन, श्रीमती नीतू आनन्द श्रीवास्तव की सुमधुर वाणी वन्दना व कवि प्रेम मिश्रा तूफानी के कुशल संचालन से हुआ। अनिल किशोर शुक्ल निडर की अध्यक्षता में चले कार्यक्रम में कविवर साहब दीन दीन मुख्य अतिथि, प्रेम शंकर शास्त्री बेताब विशिष्ट अतिथि व श्रीमती नीतू आनन्द श्रीवास्तव बतौर अति विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। पण्डित बेअदब लखनवी के संयोजन में चले कार्यक्रम में डॉ कुसुम चौधरी, सौरभ कांत वाजपेयी, अनीता अरोड़ा, विमल वैरागी, आकाश श्रीवास्तव, कुंवर आनन्द श्रीवास्तव, नीतू आनन्द श्रीवास्तव, प्रेम शंकर शास्त्री बेताब, पण्डित बेअदब लखनवी, राम शंकर वर्मा, डॉ राम राज भारती, संस्था अध्यक्ष शायर एल पी गुर्जर, संरक्षिका रमा गुर्जर, प्रेम मिश्रा तूफानी, साहब दीन दीन सहित कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल किशोर शुक्ल निडर ने अपने उत्कृष्ट व सुन्दर काव्य पाठ से गोष्ठी को सफलता के पायदान पर पहुँचाया। अंत में संस्था अध्यक्ष व आयोजक शायर एल पी गुर्जर ने पण्डित बेअदब लखनवी को राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा साहित्य गौरव सम्मान वर्ष 2023 - 24* से सम्मानित होने की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अतिथियों का आभार ज्ञापित कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# सांसद की अध्यक्षता में हुई बिजली सेवा एवं सम्पर्क अभियान की बैठक

अवधनामा संवाददाता



○ विद्युत संरचना के सुदृढ़ीकरण, अनुरक्षण एवं जन शिकायतों के समाधान पर चर्चा

**सिद्धार्थनगर।** विद्युत संरचना के सुदृढ़ीकरण, अनुरक्षण एवं जन शिकायतों के समाधान हेतु बिजली सेवा एवं सम्पर्क अभियान (विद्युत गति से समाधान) कार्यक्रम सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं सदस्य विधान परिषद, ध्रुव कुमार त्रिपाठी, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न हुई। सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा आरडीएसएस योजना एवं बिजनेस प्लान के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। सांसद ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि जनपद में खराब ट्रांसफार्मरों की शिकायतें अधिक प्राप्त होती हैं, जिसको बदलने का कार्य शीघ्रता से कराया जाये। जिन लोगों को नया कनेक्शन लेना है उनको जल्द से जल्द कनेक्शन उपलब्ध करायें। नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों में सेड्यूल के अनुसार निर्वाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करायें। किसी भी उपभोक्ता का उत्पीड़न न किया जाये तथा उनकी समस्याओं का शीघ्रता से निराकरण करायें। आरडीएसएस योजना एवं बिजनेस प्लान के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में तेजी लाकर कार्य को पूर्ण करायें। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा सूर्योदय योजना के अन्तर्गत एक करोड़ लोगों को फायदा पहुंचाने का लक्ष्य है। इस योजना से लाभान्वित होने वाले घरों पर सोलर पैनल स्थापित कराया जायेगा। सांसद ने मुख्य अभियंता विद्युत, बस्ती मंडल बस्ती को निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर उसमें जनप्रतिनिधिगण, ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान एवं उपभोक्ताओं को आमंत्रित कर इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को लाभ दिलाया जाये। जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जिस योजना के अन्तर्गत जितने लागत से जो भी कार्य किये जा रहे हैं उसकी सूचना एवं प्रगति के बारे में जनप्रतिनिधिगण को जानकारी उपलब्ध करायें। मुख्य अभियंता विद्युत, बस्ती मंडल बस्ती एसके सरोज एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने सभी अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देश दिया कि जिस योजना के अन्तर्गत जिन ग्राम पंचायतों में जितने लागत से जो भी कार्य किये जा रहे हैं उसकी सूचना सभी तहसीलों एवं विकास खण्डों में होर्डिंग लगाकर प्रदर्शित किया जाये। इस अवसर पर एसपी अग्रवाल, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विभिन्न लंबित समस्याओं का कोई निराकरण न किए जाने के विरोध में सौपा ज्ञापन



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट के माध्यम छात्रों की उपस्थिति तथा मध्यान भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने, अपनी आईडी से सिम कार्ड लेने का दबाव अधिकारियों द्वारा बनाए जाने साथ ही शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं का कोई निराकरण न किए जाने के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा आज खंड शिक्षा अधिकारी बांसी की अनुपलब्धता में कार्यालय लेखाकार रणवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें सभी संगठनों के पदाधिकारी सुधेन्दु धर द्विवेदी, नंदीश्वर यादव, आशुतोष तिवारी, अब्दुल रऊफ, इफ्तिखारुन निशा, सीमा द्विवेदी, वेदप्रकाश यादव, ज्योत्सना त्रिपाठी, अजय कुमार यादव सहित बहुत सारे शिक्षक, शिक्षिकाएं, अनुचर मौजूद रहे।

## जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक 11 को

**गाजियाबाद अवधनामा संवाददाता।** जनपद-गाजियाबाद के भूतपूर्व सैनिकों/दिवंगत सैनिकों की पत्नियाँ / आश्रितों को सूचित किया जाता है कि इस माह मार्च, 2024 की जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक जिलाधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में दिनॉक 11 मार्च, 2024 को दोपहर 12 बजे कलैक्ट्रेट सभागार, गाजियाबाद में आयोजित की जायेगी। यदि किसी भूतपूर्व सैनिक/दिवंगत सैनिक की पत्नी/आश्रितों की प्रशासन से सम्बन्धित कोई समस्या है तो अपना प्रार्थना-पत्र दिनॉक 06 मार्च 2024 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, गाजियाबाद में अवश्य जमा करा दें। ताकि जिला सैनिक बन्धु बैठक के एजेन्डा बिन्दु में सम्मिलित किया जा सकें।

# बीकेटी में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम सम्पन्न

## नियमित रूप से बच्चों को विद्यालय भेजने हेतु अभिभावकों को शपथ दिलायी गयी



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विकासखंड बक्शी का तालाब में लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग व बाल विकास पुष्टाहार द्वारा हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्धाटन दीप प्रज्वलन कर चेयरमैन नगर पंचायत इटौंजा अवधेश अवस्थी, खंड विकास अधिकारी पूजा पाण्डेय ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी बक्शी का तालाब रामराज के अनुसार कार्यक्रम में विकासखंड की 17 न्याय पंचायतों से 5-5 निपुण छात्र, उनके अभिभावक, कोलोकेटेड आंगनबाड़ी की कार्यकत्रियों, नोडल शिक्षक, सुपरवाइजरों ने सहभाग किया। समारोह के मुख्य अतिथि अवधेश अवस्थी व पूजा पाण्डेय ने सभी अभिभावकों से नियमित रूप से बच्चों को विद्यालय भेजने हेतु शपथ दिलायी। नोडल प्रभारी एआरपी नीतू सैनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा व प्रगति के बारे में सभी को अवगत कराया। इससे पूर्व प्राथमिक विद्यालय मल्लाहनखेड़ा तथा खेरवा विद्यालयों की बच्चियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सभी निर्गुण बच्चों व उनके अभिभावकों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य मांडवी त्रिपाठी, लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, शकुंतला यादव, ज्योति सिंह, शैलेश शुक्ला, मोहिनी आभा, सर्वेश कुमारी, नीलम यादव,रवि शर्मा,रेखा, निशि पांडे, अर्चना शुक्ला आदि शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थिति रही।

## दो कोतवाली व पांच थानों के प्रभारी बदले गए

**उरई (जालौन)।** लोकसभा चुनाव से पहले जालौन के पांच प्रभारी निरीक्षको के कानपुर स्थानांतरित हो जाने के बाद जालौन पुलिस अधीक्षक इराज राजा ने रविवार देर रात दो कोतबाली प्रभारी एवम पांच थानों के प्रभारी निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव करते हुये कोंच कोतबाली के प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक को माधौगढ़ कोतबाली एवम अजय ब्रम्ह तिवारी को सिरसा कलार से कोंच कोतबाली प्रभारी बनाया गया, इसके अलावा कोंच कोतबाली में तैनात अतिरिक्त निरिक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह को सिरसा कलार थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है चुनाव सेल के प्रभारी राजीव बैंस को रेढ़र थाना प्रभारी एवम रेढ़र थाना प्रभारी अर्जुन सिंह चौहन को रामपुरा थाना प्रभारी बनाया गया है, पुलिस अधीक्षक के पीआरओ कृष्णपाल सरोज को कुठौन्द थाना प्रभारी बनाया गया है जबकि मीडिया सेल उपनिरिक्षक वरुण प्रताप को कोटरा थाना प्रभारी बनाया गया है।

## बेमौसम बरसात से फसलों में हुए नुकसान के मुआवजे को लेकर सपा ने सौंपा ज्ञापन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** विगत कई दिनों से हो रही अतिबृष्टि एवं ओलावृष्टि से जनपद के किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।किसानों की फसलें पूर्णता नष्ट हो गई हैं।इसी को लेकर समाजबादी पार्टी नें जिले की सभी तहसीलों में जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर के निर्देशानुसार सपा पदाधिकारियों नें आज ज्ञापन सौंपा। तहसील माधोगढ़ परिसर में उपजिलाधिकारी के नाम ज्ञापन तहसीलदार रविशेखर को सौपते हुए विधानसभा सभा अध्यक्ष परमात्मा शरण त्रिपाठी नें बताया कि किसान की पकी हुई गेहूं की फसल पूरी तरह जमीन पर लेट गई और सरसों की फसल भी पकी खड़ी थी बो भी खराब हो गई मटर की फसल खेतों में कटी पड़ी थी उसमें भी इस समय पानी भर गया है ।ऐसे हालात में सरकार की नैतिक जिम्मेदारी बनती है की तत्काल प्रभाव से सर्वे कराकर जिस तरीके से 2015 में सभी जनपद को सूखाग्रस्त घोषित कर माननीय अखिलेश यादव ने 24000 रुपए प्रति एकड़ का मुआवजा देने का काम किया था तो हम वर्तमान प्रचण्ड बहुमत वाली सरकार से अनुरोध करते हैं कि किसान की हालत को देखते हुए फसल बर्बाद हुई है। उसको देखते हुए तत्काल सरकार 30000 प्रति एकड़ का मुआवजा तत्काल किसानों को दिलवाया जाए ।जिससे किसान की हालत को देखते हुए उनकी मदद की जा सके जिससे किसान अपने परिवार का भरण पोषण कर सके।

# स्टांप पंजीयन मंत्री ने किया उप-निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण

**लखनऊ।** प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन मंत्री श्री रवींद्र जायसवाल द्वारा सोमवार को विभागीय सुविधाओं का जनता को मिल रहे लाभ का जायजा लेने के लिए सरोजिनी नगर लखनऊ के उप निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में फैली अव्यवस्था और गंदगी तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाहियों पर घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगाई तथा एक सप्ताह के भीतर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए। श्री जायसवाल द्वारा साफ़ सफ़ाई की व्यवस्था ठीक ना होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा जनहित में व्यवस्थाओं को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिये। व्यवस्था एक सप्ताह में ठीक न होने पर उप-निबंधक तथा संबंधित कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यों के प्रति लापरवाही देख संबंधित कर्मचारी को मुख्यालय संबद्ध करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने उप निबंधक को निर्देश दिये कि कार्यालय को बाहरी व्यक्तियों से मुक्त रखा जाए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में आये हुए लोगो से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की तथा उनकी समस्याओं के विषय में जाना। उन्होंने लोगों से अपील की, कि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा उत्पीड़ित किए जाने पर इसकी शिकायत विभागीय टोल फी नंबर 18001801476 पर करें। औचक निरीक्षण के समय माननीय मंत्री जी के साथ महानिरीक्षक निबंधन डॉ रुपेश कुमार, अपर महानिरीक्षक निबंधन श्री रवीश गुप्ता भी साथ थे।

## देवनगर चौराहे पर महापुरुष की प्रतिमा स्थापना का मुद्दा भाजपा परिवार में विवाद का बनता जा रहा विषय



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** देवनगर चौराहे पर महापुरुष की प्रतिमा स्थापना का मुद्दा भारतीय जनता पार्टी परिवार में विवाद का विषय बनता जा रहा है। एक और जहां कुछ जनप्रतिनिधि अपने मनमानी रवैया व हठधर्मिता के चलते अपने-अपने मन का कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद कर रहे हैं। परिणाम स्वरूप अब दोनों पक्ष आमने-सामने एक दूसरे के विरुद्ध अपनी अपनी बात कह कर माहौल को गर्म किए हैं। एक दिलचस्प पहलू यह भी है की संपूर्ण उत्तर प्रदेश में विपक्ष नाम की कोई भी चीज भारतीय जनता पार्टी के संगठन के आगे बौनी होती जा रही है। हाल ही के राज्यसभा चुनाव में जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी को झटके दिए हैं और जनपद जालौन में विपक्ष के कद्दावर नेता व कालपी क्षेत्र के विधायक विनोद चतुर्वेदी ने पाला बदलकर भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य को मतदान किया है। उससे जनपद जालौन में विपक्ष की आवाज बेहद कमजोर हो गई है। इन सब के बावजूद भारतीय जनता पार्टी में ही गुटबाजी की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं । जैसे जैसे भाजपा में नए लोग जुड़ते जा रहे हैं वहीं भाजपा में ही एक विपक्ष तैयार होता दिखाई दे रहा है। देव नगर चौराहे पर मूर्ति प्रकरण ने जनपद में भारतीय जनता पार्टी में अंतर विरोध को सतह पर ला दिया है। एक ओर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि अपना वर्चस्व दिखाते हुए सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित करने पर अडिग हैं वहीं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता काफी लंबे समय से देवनगर चौराहे पर स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा स्थापित करने हेतु आवाज बुलंद किए हुए हैं।

# सांसद रितेश पाण्डेय के लिये इस बार सांसद बनना नहीं होगा आसान

अवधनामा संवाददाता



○ दलबदलू को सबक सिखाने को तैयार क्षेत्र की जनता

**अम्बेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने सांसद रितेश पाण्डेय को अम्बेडकरनगर लोकसभा का प्रत्याशी घोषित कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पहली लिस्ट 195 सीटों की जारी की जिसमें यूपी की 51 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किया है।उसमें अम्बेडकरनगर लोकसभा सीट भी शामिल है। जहां से पार्टी ने सांसद रितेश पाण्डेय को अपना प्रत्याशी घोषित किया । सांसद रितेश पाण्डेय अभी कुछ दिनों पूर्व ही बीएसपी की सदस्यता छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली थी।

जिले में खास तौर पर 55-अंबेडकरनगर लोस क्षेत्र में अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार÷ नारा लिखा हुआ (बैनर) फ्लेक्स बोर्ड, होर्डिंग चर्चा और लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस बैनर (फ्लेक्स बोर्ड) में पीएम मोदी, सीएम योगी की फोटो के साथ सांसद रितेश पांडेय की फोटो छपी है। रितेश पांडेय के समर्थकों में व्यापक खुशी व्याप्त है। बसपा ने लोकसभा चुनाव 2019 में रितेश को पार्टी प्रत्याशी बनाया था।

इस चुनाव में रितेश पांडेय को पांच लाख 64 हजार 118 मत मिले थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मुकुट बिहारी (पैराशूट कैंडिडेट) को 95 हजार से अधिक मतों से हराया था। 2019 के आम चुनाव में बीजेपी की जबरदस्त लहर थी। बावजूद इसके रितेश पाण्डेय अम्बेडकरनगर लोकसभा चुनाव जीत दर्ज किया और देश की सर्वोच्च पंचायत में पहुँच गए। आम चुनाव 2024 आसन्न है। कभी भी चुनाव की दुंदभी बज सकती है।

अब एक बार फिर वह चुनावी मैदान में है। फर्क इतना है कि इस बार सिंबल बदल गया हैं। इस बार ये हाथी के बजाय कमल के सहारे चुनाव जीतने का प्रयास करेंगे। रितेश पाण्डेय का राजनीति में प्रवेश पिता की विरासत संभालने को लेकर हुई।

2009 में जब इनके पिता राकेश पाण्डेय सांसद चुने गए तो जलालपुर विधानसभा (जहां से राकेश पाण्डेय विधायक रह चुके थे) की विरासत रितेश को दी गयी। 2012 का विधानसभा चुनाव रितेश पाण्डेय बीएसपी के सिंबल पर लड़े लेकिन अपना पहला ही चुनाव हार गए।

## कैंपेन दखल दो के तीन सोशल अप्रूवल ऑफ इंटरवेनिंग कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्विद्यालय के माननीय कुलपति प्रो.एन.बी.सिंह के मार्गदर्शन में ब्रेकथ्रू द्वारा आयोजित जी.बी.वी (जेंडर बेस्ड वायलेंस) के अंतर्गत चल रहे कैंपेन दखल दो के तीन सोशल अप्रूवल ऑफ इंटरवेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय में स्तिथ वाणिज्य विभाग में किया गया।इसी के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम का संचालन ब्रेकथ्रू फेलोज दीपांशु ने किया और फोरोज़ ने पोस्टर लगवाए फिज़ा, श्वेता और अन्य छात्र -छात्राओं ने प्रतिज्ञा ली। साथ ही साथ विश्वविद्यालय में लोगो को जी बी वी और उसके कर्तावियो के बारे में जागरूक किया सत्र में लगभग 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपना फीडबैक भी सांझा किया कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डा. नीरज शुक्ला, डॉ ममता शुक्ला और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से डॉ काजिम असगर रिजवी, डॉ आफरीन शिवम एवं मारिया के साथ मौके पे अन्य शिक्षाक्गण, छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## शिक्षिका को मिला सम्मान

**गोरखपुर।** प्रतिष्ठित कवियत्री एवं सहजनवा ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय टेकुआपाती की सहायक अध्यापिका, शायरा, नुसरत अतीक गोरखपुरी को राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के वार्षिक अलंकरण समारोह लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में पूर्व उप मुख्यमंत्री एव राज्य सभा सदस्य डॉक्टर दिनेश शर्मा एव जितेन्द्र कुमार प्रमुख सचिव भाषा के हाथों साहित्य में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वर्ष 2023-24 का साहित्य गौरव सम्मान तथा, अंग वस्त्र, प्रशंसा पत्र से अलंकृत किया

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पुत्र के पासपोर्ट संख्या K2482152 में मेरे नाम की स्पेलिंग अब्दुल वाहिद (ABDUL WAHID) लिख गया है मेरे नाम की सही स्पेलिंग अब्दुल वहीद (ABDUL WAHEED) है जो उसके सभी अन्य दस्तावेजों में दर्ज है।

अब्दुल वहीद
पुत्र रमजनी
निवासी 68/370 लाल कुआं भेड़ी मंडी लखनऊ

# भाजपा की चुनावी तैयारियां शुरू

## चुनाव संचालन समिति की हुई पहली बैठक

अवधनामा, संवाददाता



बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह

**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव संचालन समिति की प्रथम बैठक लोकसभा चुनाव कार्यालय सिविल लाइन आयोजित की गई। लोक सभा प्रभारी श्रीकृष्ण तिवारी, संयोजक डा. बीबी मणि त्रिपाठी व सहसंयोजक ओम प्रकाश सिंह है। संचालन समिति में रूदौली विधानसभा के प्रभारी कमला शंकर पाण्डेय व संयोजक ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, बीकापुर के प्रभारी शोभनाथ वर्मा व संयोजक रामकृष्ण तिवारी, मिल्कीपुर के प्रभारी गोकरन द्विवेदी व संयोजक जर्नादन मौर्या, अयोध्या के प्रभारी अशोक कसौंधन तथा संयोजक रमापति पाण्डेय, दरियाबाद विधान सभा के प्रभारी भुल्लन वर्मा तथा संयोजक अनिल द्विवेदी को बनाया गया है। लोकसभा चुनाव की पहली सूची में सांसद लल्लू सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है।बैठक में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जनता में उत्साह का माहौल है। सरकार के दो कार्यकालों में युवाओं को नए अवसर मिले है, किसान समृद्ध हुए है गरीबों के जीवन स्तर में सुधार आया है, महिलाओं का उत्थान व श्रमिकों को सम्मान मिला है। अयोध्या को विश्व की सर्वोत्त नगरी बनाने के लिए सरकार कृत संकल्पित है।

लोक सभा संयोजक डा बाके बिहारी मणि त्रिपाठी संचालन समिति के विधान सभा के पदाधिकारी संगठन के पदाधिकारियों से तालमेल स्थापित करें। बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों को चुनाव मोड आ जाएं। देश में सर्वाधिक मतों से अयोध्या लोक सभा सीट को जीतने का लक्ष्य लेकर कार्य करें।महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने की जिम्मेदारी पदाधिकारियों की है। अभियानों के माध्यम से जनता के बीच जा कर सरकार की नीतियों के बारे में चर्चा करें। उन्हें पार्टी की विचारधारा के बारे में बताएं।जिला प्रभारी मिथलेश त्रिपाठी पार्टी पदाधिकारी बूथ की समिति तथा पन्ना प्रमुख से सम्पर्क में रहें। चुनावों में बूथ समितियों तथा पन्ना प्रमुखों की विशेष भूमिका होती है। सम्पर्क व संवाद चुनाव में विजय का मूल मंत्र है। पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनता से लगातार सम्पर्क कर संवाद करते रहें।बैठक में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय खन्नू, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, राधेश्याम त्यागी, शैलेन्द्र कोरी, राम चन्द्र वर्मा, प्रतीक श्रीवास्तव, मोहन अग्रवाल, इंद्रभान सिंह, राजकुमार सचदेवा, सुधीर सिंह मुन्ना, दिवाकर सिंह, राजेश सिंह सहित संचालन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# कर्बला शरीफ की ज्यारत कर लौटे न्याजी का हुआ जोरदार स्वागत

अवधनामा, संवाददाता



**बदायूँ। बरेली** में स्थित खानकाह नियाज़िया के सज्जादानशीन के साथ बगदाद एवं नजफ ए अशरफ,कर्बला मोअल्ला आदि की ज्यारत को गए उसहैत निवासी यूनुस नियाजी का उसहैत में,वतन वापसी पर जोरदार स्वागत किया गया। उसहैत निवासी श्री न्याजी की,ज्यारत के सफर से घर वापसी होने पर उसहैत में उनके चाहने वालों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

उनके यहां पहुंचने पर सोमवार को उनके चाहने वालों द्वारा उन्हें फूल माला पहनाकर गले लगाया गया,और दुआओं से नवाजा गया।युवा मंच संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता द्वारा श्री न्याजी के आवास पर पहुंचकर उन्हें मुबारकबाद पेश की गई।इस अवसर पर श्री न्याजी ने कहा कि खानकाह नियाजिया के सज्जादानशीन की सरपरस्ती में ज्यारत के समय वहां पर मुल्क और आवाम की खुशहाली तथा देश की गंगा-जमुनी तहजीब की सलामती हेतु दुआ-ए-खास की गई।

## युवक का शव घर में छत की हुक से लटका मिला

**पूरा बाजार-अयोध्या।** थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत ग्राम जलालुद्दीन नगर,डिहवा निवासी राम हरीश कोरी का शव उसके अपने ही घर के कमरे में छत की हुक से लटकता मिला कार्यवाहक चौकी प्रभारी रंजीत सिंह ने बताया कि मृतक के भाई राजित राम की सूचना पर घर पहुंचा तो देखा कि राम हरीश कोरी 45 वर्ष पुत्र बुद्धू कोरी छत की हक से साड़ी का फंदा बनाकर लटक रहा है ग्रामीणों की मदद से नीचे उतरा तो देखा कि उसकी मृत्यु हो चुकी थी शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है । थानाध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणो का सही पता चल सकेगा फिर भी सभी पहलुओं पर नजर रखी जा रही है मृतक के भाई राजित राम ने बताया कि सायकॉल लगभग दस बजे खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था परिवार में किसी से भी कोई तकरार नहीं हुई थी।

# जल जीवन मिशन शासन की शीर्ष प्राथमिकता है: डीएम

अवधनामा, संवाददाता



**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा कैंप कार्यालय पर जल जीवन मिशन के तहत संचालित निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जल जीवन मिशन में कार्यदायी संस्था जेएमसी से विद्युत संयोजन हेतु विद्युत विभाग को किए गए भुगतान की जानकारी ली।

जेएमसी द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 52 परियोजनाओं में विद्युत संयोजन हेतु निर्धारित धनराशि विद्युत विभाग को प्रेषित की जा चुकी हैं, जिनमे 01 परियोजना में विद्युत संयोजन का कार्य विद्युत विभाग द्वारा पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 06 पर कार्य निर्माणाधीन हैं। जिलाधिकारी महोदय ने विद्युत संयोजन की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, 01 माह के भीतर सभी 52 परियोजनाओं में विद्युत संयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश अधीक्षण अभियंता विद्युत को दिया।

जिलाधिकारी ने जेएमसी द्वारा फेजङ्क2 की परियोजनाओं में कवर एग्रीमेंट में निर्धारित समयावधि बीतने के बावजूद कार्य पूर्ण न होने और प्रगति के संतोषजनक न होने पर पर जेएमसी को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही का निर्देश दिया। साथ ही एक्सईएन जल निगम को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं में कार्य भूमि विवाद या किसी अन्य कारण से लंबित हैं, उनमें संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए एक सप्ताह में समस्या का समाधान कराते हुए कार्य को शुरू करवाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन एक बेहद ही अहम परियोजना है और यह शासन की शीर्ष प्राथमिकता में सम्मिलित हैं। इसलिए परियोजना के क्रियान्वयन में शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जल निगम और संबंधित कार्यदायी संस्थाएं तेजी लाते हुए, निर्माणाधीन परियोजनाओं को पूर्ण करें और जो परियोजनाएं अभी शुरू नहीं हुई हैं, उन्हे तत्काल शुरू करें।

बैठक में एक्सईएन जल निगम आतिफ हुसैन, अधीक्षण अभियंता विद्युत वाई.पी. सिंह, सहायक अभियंता जल निगम महेश चंद्र आजाद, सभी एक्सईएन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यालय पर किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

अवधनामा, संवाददाता



**बदायूँ।** पूर्व मुख्यमंत्री की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कुंवर अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा कि दक्षिणपंथी ताकत उन्हें सबसे बड़ा राजनीतिक शत्रु समझती रही लेकिन ऐसे कई बड़े राजनेता हैं जो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कुंवर अर्जुन सिंह के सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत रूप से प्रशंसक रहे हैं। जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक छोटे से स्थान से अपनी राजनीति की शुरुआत करके राष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी अलग पहचान बनाने वाले श्री सिंह को विध्यवासी दाऊ साहब के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने कहा देश की राजनीति को दिशा देने वाले राजनेता और गरीबों एवं सर्वहारा वर्ग के प्रति उनकी जन सेवा को आज भी यहां के जनमानस में याद किया जाता है।

इस मौके पर इखलास हुसैन,गौरव सिंह, राठौड़,वीरेश कुमार,दिनेश गौड़,राजवीर, अफसर,फरहान आदि मौजूद रहे।

## आरोग्य भारती की समग्र चिकित्सा सेवा सराहनीय : गोपाल भार्गव

अयोध्या। मप्र सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री गोपाल भार्गव ने सपरिवार रामलला के दर्शन पूजन करने के बाद परिसर में चल रहे आरोग्य भारती व होम्योपैथी चिकित्सा विकास महासंघ के समग्र चिकित्सा सेवा शिविर के सेवाभावी चिकित्सकों से भेंट कर सेवा कार्य की सराहना की और उनका मनोबल बढ़ाया।

# गोकशी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## अपने ही घर में गोवंशों को काटकर कर रहा था रात में बिक्री

अवधनामा, संवाददाता



पुलिस गिरफ्त में गोकशी का मुख्य आरोपी

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज पुलिस ने गोकशी के मामले में एक आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। हालांकि घटना में शामिल अन्य दो आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। फिलहाल पुलिस ने गोमांस के साथ काटने के उपकरण भी बरामद किए हैं। पुलिस ने विधिक कारवाई करते हुए गोवंश के अवशेष को जांच के लिए भेज दिया है। धनैचा मक्खू का पुरवा गांव में बीती रात पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मकसूद अपने घर में बिक्री के लिए गोकशी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक अर्जुन यादव, एनडीए चौकी प्रभारी अरविंद पटेल, कांस्टेबल राहुल सिंह, अजय कुमार, बृजेश यादव जैसे ही मकसूद ऊर्फ लादेन के दरवाजे पर पहुंचे भनक लगते ही घटना में शामिल दो अन्य आरोपी भाग निकले। फिलहाल पुलिस ने मुख्य आरोपी मकसूद को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने मांस के साथ काटने के उपकरण भी मौके से बरामद किए। प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज रतन सिंह ने बताया कि अभियुक्त मकसूद उर्फ लादेन पुत्र रोंधे निवासी मक्खू का पुरवा धनैचा के पास से 25 किलो गोमांस, बाट, तराजू तथा लकडी का ठिहा व दो अदद छूरी व एक अदद चापड व 20 अदद काली पालिथीन तथा गोमांस बिक्री का 1050 रूपए बरामद हुआ है। रंगे हाथ पकड़े गए आरोपी के विरूद्ध मुकदमा आपराध संख्या 37/24 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी मकसूद उर्फ लादेन को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में शामिल दो आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## अवध विवि का 49 वां स्थापना दिवस धूम-धाम के साथ मनाया गया

# विश्वविद्यालय के चहुँमुखी विकास में संकल्पबद्ध होकर योगदान दे: कुलाधिपति

- अयोध्या नगरी दुनियां का सबसे बड़ा सांस्कृतिक केंद्र बनने जा रही है: महापौर गिरीशपति
- आज अवध विश्वविद्यालय ज्ञान का एक बहुत बड़ा बट वृक्ष बन गया: कुलपति

अवधनामा, संवाददाता



महापौर गिरीशपति त्रिपाठी का स्वागत करती कुलपति प्रतिभा गोयल

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 49 वां स्थापना दिवस धूम-धाम के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द सभागार में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। वहीं विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय के 49 वर्ष पूरे होने पर विश्वविद्यालय परिवार और समस्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा कि विश्वविद्यालय के चहुँमुखी विकास में संकल्पबद्ध होकर योगदान दे ताकि विश्वविद्यालय की गणना सर्वोच्च शिक्षण संस्थानों में हो सके। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यअतिथि महापौर मंहत गिरीश पति त्रिपाठी, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल, कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 चयन कुमार मिश्र व परीक्षा नियंत्रक उमानाथ द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि हम लोग इतिहास के उस कालखंड में है जब अयोध्या में नया इतिहास बन रहा है। इस समय डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय भी अपना इतिहास बना रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम विश्वविद्यालय का 49 वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। इस विश्वविद्यालय ने अपनी लंबी यात्रा तय की है यहां के शिक्षा व्यवस्था, यहां की सोच, यहां की संस्कृति, यहां की सामाजिक व्यवस्था में जो विश्वविद्यालय का अनोखा योगदान है, वह अनुपम है। कार्यक्रम में महापौर ने कहा कि हमारा नगर आध्यात्मिक धार्मिक नगरी है। लेकिन आधुनिक विचारों से उसे जोड़ने का कार्य और उसको प्रभावी ढंग से रखने का काम यदि कोई एक संस्था कर रही है तो वह डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा कि अब अयोध्या वह अयोध्या नहीं रही है। अयोध्या सबसे बड़ा सांस्कृतिक केंद्र बनने जा रही है। सांस्कृतिक केंद्र सिर्फ मंदिर से नहीं बनेगी। बल्कि इस शिक्षा के मन्दिर से बहुत से शोध, बहुत से विद्वान बहुत से विचार बहुत से इतिहास इस चारदीवारी से निकलेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय को इस बात के लिए तैयार होना चाहिए कि उसकी बहुत बड़ी सांस्कृतिक भूमिका होगी क्योंकि इस विश्वविद्यालय से निकले विचार केवल अयोध्या तक ही नहीं रहेंगे। बल्कि आपके विचार पूरी दुनिया के लिए होंगे। कार्यक्रम में गिरीशपति ने कहा कि वैसे भी विश्वविद्यालय ज्ञान का मंदिर होता है। विचारों का सृजन और विचारों के सृजन का जो आनंद है विश्वविद्यालय के अंदर ज्यादा है। क्योंकि उसका वातावरण अलग रहता है छात्र जीवन के बाद जब हम यहां से बाहर जाते हैं और करियर की तरफ आगे बढ़ते हैं तो उन विचारों के आधार पर अपने जीवन को संचालित करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने विश्वविद्यालय के 49वें स्थापना दिवस पर समस्त को बधाई देते हुए कहा कि 04 मार्च, 1975 को विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। आज एक बहुत बड़ा बट वृक्ष बन गया है। हम सभी को ज्ञान के इस मन्दिर में छाया प्रदान करने के साथ निरंतर ज्ञान की मशाल हाथ में लिए अज्ञानता के अंधकार को दूर करने का कार्य कर रहा है। कुलपति ने कहा कि शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान होता है। शिक्षा ही सत्य, विवेक और विवेक में अंतर बताती है। यह काम हमारा विश्वविद्यालय बखूबी कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय नए आविष्कारों की ओर अग्रसर है। विचार, विकास के साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध रहा है। हमारे लिए यह सबसे बड़े गर्व की बात है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि विश्वविद्यालय की कुलाधिपति के मार्गदर्शन में हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री, राज्य शिक्षा मंत्री सहित सभी का समयक पर मार्गदर्शन मिलने की वजह से हम निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। कुलपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में 700 से अधिक कॉलेज सम्बद्ध है। 7 लाख विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। कैंपस में आर्ट्स, साइंस, इंजीनियरिंग आदि में शिक्षा दी जा रही है। 7000 विद्यार्थी इस कैंपस में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस विश्वविद्यालय में 7 लाख विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं वह विश्वविद्यालय शिक्षा के प्रचार प्रसार में कितना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा होगा। कुलपति ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से परिवार में अच्छे विचार आते हैं। अच्छे समाज से अच्छे राष्ट्र का निर्माण होता है और राष्ट्रीय की प्रगति होती है। प्रो0 गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन 2 साल पूर्व ही शुरू हो चुका है। पिछले 1 साल से वैल्यू बेस्ड शिक्षा प्रदान करने की कोशिश की जा रही है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से हर्बल गार्डेन, कम्पोस्ट प्लांट एवं मशरूम यूनिट शुरू की गई है। अतं में कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान परियोजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को 100 करोड़ का अनुदान दिया जाना रहा है। कुलपति ने बताया कि देशभर के 26 विश्वविद्यालयों में छह विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के है। उसमें अवध विश्वविद्यालय प्रथम स्थान पर है। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व है। विश्वविद्यालय को नई ऊचाईयों पर ले जाने के लिए सभी को एकजुट व पूरे मनोयोग से कार्य करना होगा। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक द्वारा स्वागत एवं विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अद्यतन आख्या प्रस्तुत की गई।दूसरी ओर स्वामी विवेकानन्द सभागार में विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यकमों का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्यकमों का शुभारम्भ म्यूजिक एवं परफार्मिंग आर्ट्स के छात्र-छात्राओं के समूह गायन गणपति वंदना से की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# टिकट पाने के बाद जनपद में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री का हुआ भव्य स्वागत

अवधनामा, संवाददाता



**महराजगंज।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी टिकट मिलने के बाद सोमवार को गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट सहित जगह जगह पर समर्थको ने केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री का ऐतिहासिक स्वागत किया।

सोमवार को केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री अपने लोकसभा क्षेत्र के लिए गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां से काफिला महराजगंज के लिए निकला। जनपद के बार्डर कतरारी मे पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व मे समर्थको ने अपने नेता का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। यहा से काफिला आगे बढा। जहा श्यामदेउरवा और परतावल मे समर्थको ने भव्य स्वागत किया। भिटौली मे केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री का ऐतिहासिक स्वागत सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया के नेतृत्व मे हुआ।

इस दौरान पूर्व बिधायक बजरंग बहादुर सिंह,प्रभाकर द्विवेदी, दिनेश चंद तिवारी, अष्टभुजा शुक्ला, उमेश जायसवाल, विवेक गुप्ता, बेद प्रकाश शुक्ल, रामहरख गुप्ता, शिव शंकर बर्मा, सुशील श्रीवास्तव, अंशु पाण्डेय, ओमप्रकाश जायसवाल, वीरेंद्र सिंह, निर्भय सिंह,राकेश जायसवाल, राकेश मद्धेशिया, अंगद गुप्ता, वीरेंद्र लोहिया, प्रदीप गौड, सीनोद कुमार,सतीश मद्धेशिया, अजय कुमार, सुनील मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# प्रापर्टी डीलर हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

अवधनामा, संवाददाता



पुलिस गिरफ्त में घायल आरोपी रितेश यादव

**अयोध्या।** कैंट पुलिस ने प्रापर्टी डीलर हत्याकांड के एक आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में घायल आरोपी रितेश यादव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सप्ताह भर पहले थाना पूराकलंदर क्षेत्र के टोनिक गांव निगम प्रापर्टी डीलर विशाल यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तब से पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। थाना कैंट क्षेत्र के गद्दोपुर पेशकार पुरवा जाने वाले मार्ग पर पुलिस ने मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के कारण आरोपी रितेश यादव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार घायल आरोपी का इलाज कराया जा रहा है, नामजद अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

वहीं अभियुक्त के पास से एक अदद देशी पिस्टल 32 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर व घटना मे प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल अपाची बरामदगी की गई तथा पुलिस मुठभेड व बरामदगी के संबंध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 067/2024 धारा 307/34 भा0द0वि0 व मु0अ0स0 68/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मांगे पूरी न होने पर धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

अवधनामा संवाददाता



उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई के तत्वाधान में ज्ञापन देने के लिए जुटे शिक्षक

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज को ज्ञापन देते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग की। समस्याओं के समाधान न होने पर धरना प्रदर्शन की भी चेतावनी शिक्षकों द्वारा दी गई।

जानकारी के मुताबिक महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षकों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे शिक्षक परेशान व भयभीत है। ज्ञापन देने के बाद ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों को विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति तथा मध्याहन भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारियों द्वारा डाला जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने जैसी कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया है परन्तु टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिम कार्ड खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जो सही नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा उ प्र शासन लखनऊ के साथ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय प्रतिनिधि मण्डल की 30 अक्टूबर, 2023 एवं 09 नवम्बर, 2023 को हुई वार्ता में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु समिति बनायी गयी थी, परन्तु चार माह बीत जाने के उपरान्त भी शिक्षकों की किसी समस्या का समाधान नहीं किया गया। दिए गए ज्ञापन में प्रमुख मांग में शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भाँति एक कैलेण्डर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को अवकाश तथा अर्द्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाये। यदि शिक्षकों का उत्पीड़न बंद करते हुए उपरोक्त माँगों का शीघ्र ही निराकरण नहीं किया जाता है। तो संघ के लोग धरना प्रदर्शन के लिए बाद होंगे। इस मौके पर सुनील सिंह, श्रीश चंद्र, अजीत कोरिया, नसीम अहमद, मोहम्मद सलीम, अदनान मालिक, राम मिलन, धर्मराज दुबे, फखरुद्दीन, अमरनाथ, अवधेश पटेल, चंद्रलाल, आकाश चतुर्वेदी, आबिद अली, अखिलेश गौतम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# चार दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम बैच का समापन



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर चल रहे बुनियादी शिक्षा व संख्या आधारित ज्ञान (फाउंडेशनल लिट्रेसी एण्ड न्यूमेरेसी) के तहत आधार शिला क्रियान्वयन संदर्शिका आधारित चार प्रशिक्षण के अंतिम बैच का समापन गुरुवार को हुआ।

ब्लॉक एआरपी ने शिक्षकों को निपुण भारत मिशन के तहत आधार शिला क्रियान्वयन संदर्शिका भाषा व गणित में बताये गये तरीकों व गतिविधियों की जानकारी दी गई। साप्ताहिक व वार्षिक योजनाओं का सही क्रियान्वयन और सप्ताह के दिनों में भाषा व गणित के तीनों कालांश के कार्यों को पूर्ण करने, आंकलन व पुनरावृत्ति, ट्रैकर को भरने का तरीका बताया गया।

शिक्षकों को अपने स्कूल के कक्षा एक से तीन के बच्चों का भाषा य गणित का आंकलन निपुण लक्ष्य एप्प के माध्यम से करने पर जोर दिया गया। इस दौरान बीइओ बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्र, एआरपी बदरुज़्ज़मा, कपिल तिवारी, वेद प्रकाश, आबिद रिज़्वी, दिलीप तिवारी, सरिता, सन्त प्रताप, बलवीर सिंह, जय सिंह, अभिषेक शुक्ल, राना उस्मानी, प्रतिभा सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## 53वें सुरक्षा दिवस पर राष्ट्रीय सुरक्षा माह का शुभारंभ



**टाण्डा अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी टांडा में राष्ट्रीय सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया। यह सुरक्षा माह पूरे 30 दिनों तक मनाया जाएगा। 04 मार्च को प्रातः 09.30 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस सुरक्षा पार्क में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री नील कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय सुरक्षा ध्वज फहराया एवं उपस्थित सारे कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री नील कुमार शर्मा ने कहा कि सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन करते हुए खुद को सुरक्षित करना चाहिए ताकि हम परिवार के साथ-साथ संस्था एवं देश के उन्नति में सहायक हो सकें। इस वर्ष की सुरक्षा थीम है ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें। इसके पश्चात सुरक्षा प्रभात फेरी का आयोजन प्रशासनिक भवन से सेवा भवन तक किया गया। जिसमें कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं सुरक्षा पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन सप्ताह भर किया जाएगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवायें) डा उदयन तिवारी, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री अभय कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक (परियोजना) श्री अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री अभय कुमार मिश्रा व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जलालपुर सीओ ने गणमान्य लोगो के साथ की बैठक



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** आगामी त्यौहारों व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोतवाली जलालपुर में क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य के नेतृत्व में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें तमाम ग्राम प्रधान व सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी ने कड़े लहजों में कहा की त्योहार व मतदान में अगर कोई किसी प्रकार का खलल डालता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोग अपने गांव क्षेत्र व मुहल्लो में अपराधियों पर नजर रखें ऐसे लोगों की जानकारी समय रहते सूचित करें ताकि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके। वही कोतवाल दर्शन यादव ने कहा कि सामंजस्य बनाए रखना सभी लोगों का कर्तव्य है आपस में किसी प्रकार का द्वेष न बनाये रखे क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों की कोई जगह नहीं है अगर किसी प्रकार का कोई गलत कार्य करता हुआ पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी । इस मौके पर ग्राम प्रधान राधे लाल कनौजिया, इब्ने अली जाफरी, संदीप गुप्ता, मानिक चंद सोनी,आतिफ अंसारी, शत्रुघ्न सोनी, अकील अब्बास, सुहेल अहमद ,शैलेंद्र यादव, मिशम रजा, अरुण कुमार सिंह, नन्हे, सुरेश गुप्ता समेत तमाम ग्राम प्रधान व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बस्ती क्लस्टर की लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की कोर कमेटी की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** सर्किट हाउस हाल में सोमवार को दिन में 12 बजे बस्ती क्लस्टर के अन्तर्गत बस्ती संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर लोकसभा क्षेत्र के लिए लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेम चन्द्र बैरवा ने कहा कि आगामी 40 दिनों में चुनाव संपन्न कराना है। दिन रात एक कर देनी है। वहीं 80 में से 80 यूपी में लोकसभा चुनाव की में आनी चाहिए।

डिप्टी सीयम ने कहा कि भारत को विकास के रास्ते पर पहुंचना बिजली एवं सड़के पानी एवं विकास की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने का काम किया गया। कार्यकर्ता चुनाव में जीत दिलाने को जुट जाएं। मोदी और योगी का नाम देश मे ही नहीं अन्य देशों में भी लिया जाता है। क्लस्टर प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा चुनाव संचालन समिति द्वारा 40 दिन में चुनाव संपन्न होने हैं। साथ ही हमारे द्वारा कार्यकर्ताओं के रूप में हमने मोहरे सजा दिए हैं। विधानसभा और लोकसभा की बैठक हो चुकी है। हर विभाग के साथ हमें बूथ स्तर पर समीक्षा करनी है। चुनाव के समय पांच प्रतिशत तक वोट हो जाता है डायवर्ट विगत तीन बार के लोकसभा चुनावों का बूथवार तीन बार का डाटा निकाल कर रिकॉर्ड हमको देखना है। जिसमें हमें उस डाटा को ए बी सी की श्रेणी में विभाजित करना है। जहां तक समझ में आया है कि तीन से पांच प्रतिशत तक वोट चुनाव के समय डायवर्ट हो जाता है। इस डायवर्ट के लिए ही हमको यह देखना होगा कि ये हवा के साथ यह वोट बैंक किधर की तरफ जाता है। हर बूथ पर 51 प्रतिशत वोट पाने का लक्ष्य साधना है। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि भारत की जीडीपी टॉप 5 में है और तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत में स्वास्थ्य सुरक्षा गारंटी, तीन तलाक, धारा 370 खत्म हो चुकी है। भगवान राम का जन्मभूमि पर मंदिर भी भव्य बन चुका है। भगवान नाम का मंदिर बन जाने पर भारत ही नहीं, बल्कि 101 देशों ने खुशी जाहिर की। इस बार लोकसभा चुनाव विकसित भारत के लिए चुनाव लड़ेंगे।

# निर्माणधीन पार्क का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर एवं न्यायालय परिसर के बीच कराए जा रहे निर्माणाधीन पार्क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। यहां पर जिलाधिकारी कार्यालय, न्यायालय, विकास भवन जिला अस्पताल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, तहसील सदर, जिला पंचायत आदि महत्वपूर्ण कार्यालय स्थापित होने के कारण अत्यधिक आमजन का आवागमन बना रहता है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है, इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी के सराहनीय प्रयास से सड़क का चौड़ीकरण, सौंदरीकरण व अन्य कार्य के संबंध में वहा उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आपको बता दें कि टांडा मार्ग पर जिलाधिकारी आवास से पुलिस अधीक्षक कार्यालय होते हुए कलेक्ट्रेट तक पीली एवं तिरंगे की रोशनी में रोड लाइट तथा आसपास परिसर चमक रहा है, यह परिसर प्रतिदिन ऐसे ही दिन ढलते ही आभा बिखेरने लगता है। रात में भी दिन जैसी भव्यता तथा महानगरों के समान सुविधाएं दिखती है मुख्य मार्ग से कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ने पर जगमग होता प्रवेश द्वार बरबस ध्यान आकर्षित करता है। वही दोनों ओर लाइटें और कलेक्ट्रेट का दूसरा प्रवेश द्वार भी लाइटों से जगमगा रहा है। अतिक्रमण वाला स्थान आज पार्क में बदल चुका है दोनों तरफ आवागमन की सड़क और पार्क के चारों तरफ लगी लाइटें सुंदरता में चार-चांद लगा रही हैं। तहसील परिसर में निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित फरियादी से उनकी समस्याओं से अवगत होकर उपजिलाधिकारी को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, जिला सूचना अधिकारी तथा अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## संदिग्ध अवस्था में बोरी में मिली महिला की लाश

**अम्बेडकरनगर।** बसखारी थाना क्षेत्र के शुक्ल बाजार बाईपास के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में बोरी में भारी महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। वहीं घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। सोमवार की सुबह बसखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 233 शुकुल बाजार बाईपास पर बने पुल के नीच एक महिला का शव देखकर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटने लगी। शव को बोरी से बाहर निकलवाया गया। मृतक युवती की उम्र 25 से 30 वर्ष के करीब की बताई जा रही है। जो मेहंदी रंग की कुर्ती व नीले रंग की जींस पहने हुए हैं। माथे पर सिंदूर व पैर में पायल व मीना पहने होने के कारण महिला के विवाहित होने की भी बात बताई जा रही है। शंका जताई जा रही है कि युवती की अन्यत्र कहीं हत्या करके शव को बोरी में भरकर शुकुल बाजार बाईपास के निकट सुनसान जगह देखकर फेंक दिया गया है।

## नीलगाय को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे ग्रामीण



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा विकास क्षेत्र के जिभियांव गांव में सोमवार को ट्यूबल के पास गेहूँ की खेत में घायल नीलगाय को तड़पते देख ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व ग्रामीणों ने जेसीबी पर लाद राजकीय पशु चिकित्सालय कुदरहा पहुंचाए। पशु चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक उपचार कर वन विभाग को सौप दिया। गांव के उत्तर सिवान में ट्यूबल के पास घायल नीलगाय विगत तीन दिनों से तडप रही थी। ग्रामीणों के कहने पर पशु चिकित्साधिकारी ने उपचार किया था। लेकिन लाभ न होते देख प्रधान प्रतिनिधि सदरुद्दीन और ग्रामीणों ने बुलडोजर पर लादकर पशु अस्पताल पहुंचाया। जहां पर घायल नीलगाय का उपचार कर वन विभाग को सौंप दिया। वन विभाग की टीम ने घायल नीलगाय को जिला मुख्यालय ले गए। इस संबंध में पशु चिकित्साधिकारी डा फजील खान ने बताया कि नीलगाय विद्युत स्पर्ध होने से झुलस गया था। दो दिन पहले उपचार किया था। पुनः उपचार कर वन विभाग को टीम को सौप दिया गया।

# पावर एंजिल सशक्तिकरण कार्यशाला का समापन

अवधनामा संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र मिठवल में खण्ड शिक्षा अधिकारी राम कुमार सिंह के नेतृत्व में व समन्वयक बालिका शिक्षा सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के कुशल दिशा निर्देशन में स्पेशल प्रोजेक्ट फार जेंडर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजिल सशक्तिकरण के लिए कार्यशाला सम्पन्न हुआ, जिसमे विकास क्षेत्र मिठवल के सभी उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों से एक एक शिक्षको ने प्रतिभाग किया। मास्टर ट्रेनर देवेंद्र त्रिपाठी व अनामिका सिंह के द्वारा प्रशिक्षण सत्र परिचय गतिविधि से शुरू कराई गई ।

इसी क्रम में मीना मंच का गठन, पावर एंजिल की भूमिका, जेंडर एवं लिंग में अंतर आदर्श रूप जेंडर, स्टीरियोटाइप आदि पर विस्तार से चर्चा हुई तथा सभी प्रतिभागियों को प्रगति के पंख गतिविधि पुस्तिका का परिचय कराया गया साथ ही प्रगति के पंख मार्गदर्शिका का भी परिचय एवं प्रयोग विस्तार रूप से बताया गया। प्रतिभागियों को ग्रुप में विभाजित कर आधा पुल कॉमिक बुक सीरीज के टॉपिक के आधार पर प्रस्तुतीकरण कराई गई। कार्यशाला के तीन दिवस विभिन्न संवेदनशील मुद्दों पर परिचर्चा एवं प्रस्तुतीकरण के उपरांत संपन्न हुआ जिसके उपरांत प्रशिक्षित सुगमकर्ता अपने-अपने विद्यालयों में प्रगति के पंख नामक गतिविधि पुस्तिका का प्रयोग करेंगे तथा पावर एंजिल के माध्यम से सभी बच्चों को सम्मलित करते हुए गतिविधियों का संचालन अपने अपने विद्यालय में करेंगे। इस कार्यशाला में कुमकुम उपाध्याय, नेहा पाण्डेय, प्रियंका पाठक, शारदा प्रसाद चौधरी तनु श्री पाण्डेय, सुचि श्रीवास्तव प्रतिमा, रामकला सहित अन्य शिक्षक एवं बीआरसी स्टाफ शैलेश श्रीवास्तव (ब्लॉक समन्वय गुणवत्ता) विश्वजीत सिंह उपस्थित रहे।

# उर्दू अदब ने भारत की एकता को मजबूत किया है : मणेन्द्र मिश्रा



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मसीहा उर्दू सोसाइटी द्वारा आयोजित हुआ मिल कॉलोनी स्थित मैरेजहाल में उर्दू अदब पर सेमिनार। इस अवसर पर हिंदी उर्दू साहित्य अवार्ड कमेटी लखनऊ से प्रकाशित बच्चन की बातें पुस्तक का विमोचन हुआ। इसके लेखक डॉ मसीहउद्दीन खान मसीहा उर्दू सोसाइटी के संस्थापक है। जिनके प्रयास से मिल कॉलोनी मैरेज हाल - बढनी में उर्दू अदब पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम केअतिथि यश भारती से नवाजे गये, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा मणेन्द्र मिश्रा मशाल एवं विमलेश सिंह, इंस्पेक्टर उत्तर प्रदेश पुलिस रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निज़ाम अहमद, सभासद ने किया। यश भारती मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि उर्दू ने भारत में दिलों को जोड़ा है। उर्दू अदब से राष्ट्रीय एकता मजबूत हुई है। भारत की वैश्विक पहचान को उर्दू जुबान ने ऊंचाई दिया है। अन्य अतिथियों व वक्तागण ने उर्दू के फरोग के लिए मसीहा उर्दू सोसाइटी के कामों को सराहे और उर्दू के फरोग पर आगे काम करने पर जोर दिए। मसीहा उर्दू सोसाइटी के जानिब से आये हुए मेहमानों को बैज लगा कर तथा साल भेंट कर स्वागत किया गया । अच्छे काम के लिए प्रशस्ति पत्र देकर लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ मसीउद्दीन खान साहब ने कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए सभी का स्वागत किये व आभार व्यक्त की। कार्यक्रम में सपा शोहरतगढ़ विधानसभा अध्यक्ष हरिनारायण यादव, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा शकील शाह, शिवम उपाध्याय, पूर्व प्रधान गयासुद्दीन खान, पूर्व प्रधान जयकरन, सलाहुद्दीन साहब, रियाज शाह, डॉ सरफुद्दीन साहब, अजय चौरसिया, डॉ अमित शर्मा आदि की विशेष उपस्थिति रही।

## सांसद को विधायक ने दी जीत की अग्रिम बधाई

**बढ़नी सिध्दार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज लोकसभा से पुनः



प्रत्याशी बनाए जाने पर शोहरतगढ के विधायक विनय वर्मा ने अपने समर्थकों के साथ सांसद जगदंबिका पाल को जीत की अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की साथ में सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल,निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिराम निषाद, अपना दलएस शोहरतगढ़ विधान सभा प्रभारी रामदास मौर्य, भाजपा व्यापार सह संयोजक संतराम अग्रहरी, भाजपा व्यापार मंडल संयोजक कठेला नीरज कसौधन,भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, पूर्व नगर संयोजक दुर्गेश कमलापुरी, विष्णु सिंह, प्रशांत सिंह, विशाल सिंह, विजय कुमार पाण्डेय,स र्वदेव शुक्ला, राम प्रकाश मिश्र, अशोक पासवान, चंद्रकेश, आशीष अग्रहरी, चंदन अग्रहरी, अजय वरुण, रमाकांत, पवन कसौधन, पप्पू चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

## अनियंत्रित बाइक के ठोकर से दो घायल दो गंभीर

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के कप्तानगंज पिपराईच मार्ग पर स्थित गुदरहिया टोले के समीप मार्ग दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। प्राप्त सूचना के मुताबिक पारवी देवी पत्नी विशेसर निवासी हरदीनगर थाना सिराव जनपद नालंदा बिहार अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के मुज़ाहना एक ईट भट्ठे पर कार्य करती है। सोमवार की शाम अपने पति के साथ जगदीशपुर चौराहे पर बाजार करके ईट भट्ठे पर वापस लौट रही थी कि उधर से प्लसर बाईक पर सवार संजय होकर 28 वर्षीय पुत्र लाल बचन निवासी मौलाखोर थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर अपने रिस्तेदार के वहां से अपने घर लौट रहे थे। अभी वो गुदरहिया टोले के पास पहुंचा ही था तभी प्लसर चालक संजय अनियंत्रित होकर पैदल जा रहें पारवी और विशेसर को ठोकर मारकर अपना बाइक लेकर सड़क के किनारे गड्ढे में गिर गया। जिसमें पारवी देवी 55 वर्षीय और संजय 28 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गए और लाल बचन 60 वर्षीय और विशेसर 60 वर्षीय को हल्की चोट लगी है।

# एसडीएम ने किया बूथों का भौतिक सत्यापन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सोमवार को पोलिंग स्टेशन की व्यवस्था का निरीक्षण करने उपजिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित लेखपाल संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव के साथ भनवापुर विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय मन्नीजोत पहुंचे। जहां पर बूथ की स्थिति के साथ साथ विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय पर शिक्षा मित्र प्रभावती देवी उपस्थित पायी गयी, प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रशांत हस्ताक्षर बनाकर अनुपस्थित पाए गए। प्रभारी प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित होने के कारण पूछने पर शिक्षा मित्र प्रभावती देवी द्वारा बताया गया कि भवन निर्माण के सिलसिले में बाहर गये है, उन्होंने बताया कि सहायक अध्यापक महेन्द्र की बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी लगी है इसलिए अनुपस्थित हैं। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने जब कक्षा 5 के छात्र सुमित से फाइव की स्पेलिंग पूछी तो वह नही बता पाया, इसके अलावा सुखदेव, शिवा, मुराली आदि बच्चे भी फाइव की स्पेलिंग नही बता सके। शिक्षा मित्र प्रभावती देवी से कहा गया कि बच्चों को फाइव की स्पेंलिंग बताइए तो वह भी फाइव की स्पेंलिंग नही बता सकी मौके पर ही उपजिलाधिकारी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी भनवापुर को फोन द्वारा शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता सुधारने हेतु विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण करने का निर्देश दिया तथा अनुपस्थित प्रभारी प्रधानाध्यापक जो निरीक्षण की सूचना मिलते ही भागते हुए विद्यालय में निरीक्षण के समय ही उपस्थित हो गए थे, उन्हें बिना कोई सूचना अंकित किये हस्ताक्षर बनाकर विद्यालय से अनुपस्थित रहने के लिए स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया। उपजिलाधिकारी द्वारा इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय भरवठिया मुस्तहकम तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरवठिया का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ पर पंजीकृत 307 के सापेक्ष मात्र 81 बच्चे उपस्थित पाए गए। यहाँ पर भी बच्चों का शैक्षिक स्तर सही नही पाया गया। कार्यरत स्टाफ उपस्थित रहे। बूथ पर रैम्प शौचालय बिजली पानी इत्यादि की व्यवस्था सही पायी गयी। निरीक्षण के दौरान ही उपजिलाधिकारी द्वारा पिछली रात्रि में हुई आंधी एवं बारिस से हुई फसल क्षति का भी सर्वे किया गया।

## जिलाधिकारी ने किया तहसील व ब्लाक शोहरतगढ़ का औचक निरीक्षण

**शोहरतगढ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ तहसील निरीक्षण



के दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा पूर्ति निरीक्षक कक्ष में शिकायत रजिस्टर को देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा राशन कार्ड धारकों के फीडिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस रजिस्टर, जन सुनवाई रजिस्टर, मत्स्य पट्टा रजिस्टर, अभिलेखागार, संग्रह अभिलेखागार, तहसीलदार कोर्ट आदि पटलों का निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ कर्मेन्द्र कुमार को निर्देश दिया कि सबसे ज्यादा राजस्व के बकायेदारों की सूची सूचना पट्ट पर चस्पा करायें।अमीनों के द्वारा आरसी की वसूली करायें, इसके साथ ही साथ कोर्ट के केस समय से निस्तारण करायें। शोहरतगढ़ तहसील परिसर एवं कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। कार्यालय में समय से बैठकर जनता की समस्याओं का निराकरण करायें। इसके पश्चात विकास खण्ड कार्यालय शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थिति रजिस्टर, राज्य वित्त एवं मनरेगा सेल आदि सभी पटलों को देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता न होने पाये। कार्यालय में समय से उपस्थित होकर जनसुनवाई करें। कार्यालय एवं विकास खण्ड परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायें। पत्रावलियों का रख-रखाव सही ढंग से करायें आईजीआरएस रजिस्टर को देखा गया एवं समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारित कराने का निर्देश दिया।

## सोशल आडिट टीम का लिया साक्षात्कार



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 मैं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मनरेगा योजना तथा अन्य योजनाओं के सोशल ऑडिट हेतु ग्राम पंचायत स्तरीय सोशल ऑडिट टीमों कें चयन के लिए सोमवार को डुमरियागंज ब्लाक सभागार में जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में जीजीआई डुमरियागंज की प्रधानाचार्या रजनी देवी एवं जिला सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर रजनीश कुमार मिश्रा ने साक्षात्कार लिया। अधिकारियों ने बताया कि सोशल ऑडिट टीमों का चयन साक्षात्कार मैं प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार कर चयनित लोगों की सूची जारी की जायेगी। डुमरियागंज एवं भनवापुर के 126 लोगों ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। जिनका साक्षात्कार के लिए गठित डीडीओ नेतृत्व वाली टीम ने इण्टरव्यू लिया। इस मौके पर बीडीओ अमित सिंह, शाहिद रिजवी, विवेक कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। बीडीओ ने बताया कि सभी का रिपोर्ट संबंधित उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जायगी फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सत्ता की लोलुपता

सत्ता की लोलुपात ममता दीदी को कहां से कहां पहुचा दिया। ममता कभी जुझारू, अतिसंवेदनशील, गरीबों की मसीहा ज़हीन नेता थी। इन्हीं गुणों की वजह से पश्चिम बंगाल में बामपन्थी शासन को हमेशा के लिये सुप्त कर दिया है। पर सन्देशाखाली में हुये वारदात से जो सन्देश निकलता है वह यह है कि ममता दीदी के सारे पूर्व गुण लुप्त हो गये है। सत्ता लोलुपता, असंवेदनशीलता माफ़ियाओं का संरक्षण ये सब ममता में निहित हो गये है। सन्देशखाली मे औरतों पर हुये अत्याचार पर महिला होकर भी आंख मूदी हुये है। वह कहती है मैने जिन्दगी में कभी अन्याय नहीं होने दिया है। पर उनके कई मंत्री भ्रष्टाचार में फंस चुके है। कुछ पर केस भी चल रहे है। अभी उन्हीं के दल का शाजहां खां के घर पर जब ईडी ने राशन वितरण घोटाले को लेकर छापा मारा तो शहजहां के गुन्डों ने इडी अधिकारियों के सर फोड़ दिये। ममता इन सबसे आंख फेरे हुये अपनी सत्ता प्रेम में डूबी हुई है। शाहजहां शेख बहुत ही आतंकी नेता है सन्देशखाली की जनता उसके आतंक के आगे नतमस्तक है। बड़ी संख्या उसके डर से उसके अनुसार चुनावों में मत देती है। उसने बहुत बड़ा साम्रज्य उस इलाके मे गलत तरीको से स्थापित कर लिया है। फिरौती, जमीन हड़पना मुख्य धन्धा है। सेक्स उत्प्रीड़न उसकी हाबी है। ममता जैसी नेता सत्ता के पीछे उसके द्वारा वोटरों को प्रभावित करने की शक्ति के आगे नतमस्तक है। शाजहां शेख की गिनती ममता के करीबी नेताओं में होती है।

शाहजहां खान का इतना आतंक है कि प्रशासन भी उससे भय खाता है। 55 दिनों में वह फरार था। पुलिस उसके आतंक से कुछ कर नहीं पा रही थी। कहते है उसे पुलिस का संरक्षण प्राप्त था। मिडिया में सन्देश खाली छाया हुआ था। ममता और उनकी सरकार उस तरफ से आंखे मूदे हुये थे। कोर्ट जब फटकार लगाई और सख्ती दिखाई, ममता को राष्ट्रपति शासन का भय दिखा तो शाजहां खां दो दिनों में गिरफ्तार हो गया।

राष्ट्रीय महिला संगठन और भाजपा के कार्यकर्ता जायजा लेने सवेदना दिखाने सन्देश खाली पहुंचे तो उन्हें रोका गया। तरह तरह के अवरोध पैदा किये गये। जिन लोगों ने वहां के सताये लोगो से बात की महिलाओं ने रो रो कर अपनी व्यथा व्यक्त की। देखकर और सुनकर मन द्रवित हो आता है। पूछता है कि क्या यह वहीं ममता है। एक औरत होकर औरतों के प्रति सत्ता के पीछे हृदयहीन होना व्यथित कर देता है। अब शाहजहां खां कैद में है। पर उसके चेहरे पर निश्चिन्तता अकड बरकरार है। उसे विश्वास है बंगाल प्रशासन उसे बचा लेगी। वह खुद कहता था ईडी सीबीआई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। उसके ऊपर 44 केस दर्ज है। ऐसे आतंकी को केवल वोट की लालच में बचाने का उपक्रम होता है। पुलिस पर शाहजहां खां का रूआब है। पकड़े जाने पर पुलिस उसके पीछे सहमी हुये चल रही थी वह अकड़के साथ चल रहा था। वह आपने वकील से कहा कि मेरे केस में महीनो व्यस्त रहना पड़ेगा। तुम्हे फुरसत नही मिलेगी। घर आ कर पैसे ले जाना। उसे यकीन है उसका कुछ नहीं होगा। पर चूकि कोर्ट की कड़ी नजर उस पर है। राज्यपाल और ममता में पहले से ही संघर्ष चल रहा है। इसलिये उम्मीद है इस बार कुछ प्रभावी होगा। अति को तो कभी न कभी मार खानी ही पड़ती है। अभी तक देखने को मिल रहा है चाहे जितना बड़ा आतंकी माफिया हो टेरर 10-15 साल ही चल पता है। आम जनता की निगाह सन्देश खाली पर लगी है। कांग्रेस की न्याय यात्रा यहां का अन्याय नहीं देख पा रही है। गठबन्धन खामोश है। यह शर्मनाक है। सत्ता और प्रसिद्धि की चाह हर समाज की होती है। पर लोलुपता और चाह यहां के फर्क को समझना होता है।

## दिल पर लगेगी तभी बात बनेगी

मेरे जीवन के कई बसंत सिर्फ यह सुनते सुनते बीत गए कि देश का युवा जागरूक नहीं है पर क्या ऐसा वास्तव में है। मस्ती की पाठशाला में बिंदास जीवन का पाठ पढ़ रहे युवाओं ने देश ही क्या सारी दुनिया में दिखा दिया कि ना तो वो गैर जिम्मेदार हैं और ना ही अपने आस पास के परिवेश से कटे हुए। वास्तव ऐसा है नहीं। यही युवा है जो दुनिया भर की सोशल नेटवर्किंग साईट्स पर कई मुद्दों पर लोगों को जागरूक करने में लगे हुए है। वो एक गाना है ना बोले तुम ना मैंने कुछ कहा कोई ध्वनि प्रदूषण नहीं हुआ पर सोशल नेटवर्किंग साईट्स पर जो कुछ लिखा पढ़ा गया उसका असर सारे देश ने देखा और सुना भी। निर्भया काण्ड के बाद युवाओं की इसी मुहिम ने लोगों को अपने घरों से बाहर निकाला। ये एक सेल्फ मोटीवेटेड प्रयास था ना लाउडस्पीकर बजे ना लोग घरों घरों में जाकर घूमे यानि ना बिल आये



मुकुल श्रीवास्तव

का यूथ पोलिटकली एक्टिव हो रहा है ।हम जैसा सिस्टम चाहते हैं उसको बनाने की जिम्मेदारी हम किसको सौपने जा रहे हैं और इसके लिए हमें वोट देने जाना जरूरी है .वोटिंग डे को होलिडे मत समझिए ये सबसे बड़े काम का दिन है .मेरी बात पढकर शायद आप मान जाएँ पर वो जिसने ये लेख नहीं पढ़ा या चुनाव जिसकी प्राथमिकता में नहीं है उनका क्या करें ? चलिए एक कोशिश कर के देखते हैं हम सभी टेक्सेवी तो हैं ही ना तो तकनीक को हम अपना माध्यम बनाते हैं।

आज से सोशल नेटवर्किंग साईट्स का इस्तेमाल लोगो को इस बात को मोटिवेट करने के लिए कीजिये कि लोग वोट देने जरुर जाएँ और वोट सही उम्मीदवार को दें .वोट देने के बाद तुरंत अपना स्टेटस अपडेट कीजिये जिससे आपका वो फैंड जो थोडा सुस्त है



ना दिल घबराये फिर भी कमाल का असर हुआ और महिलाओं के लिए एक नया कानून बना। अब जब सिस्टम को सुधारने की बात की जायेगी तो उसका भारत में कम से कम एक ही तरीका है राजनीति में अच्छे और नए लोग ज्यादा से ज्यादा चुनकर आयें और ये काम पांच साल में एक ही बार होता है . एक बार अगर हमने गलती कर दी तो पांच साल का इन्तिज़ार करना पड़ेगा। अमूमन यूथ चुनाव के समय वोट ये सोचकर नहीं जाता कि हमारे एक वोट से क्या होगा और वही एक कम वोट सही कैन्डीडेट को हरा देता है। अब देश

उसे भी याद आ जाए कि जैसे हर एक फैंड जरूरी होता है वैसे ही हर एक वोट भी ब्लॉग लिखिए, ग्रुप्स बनाइये लोगों को याद दिलाइए कि वोट डालने के लिए उन्होंने अपना नाम रजिस्टर्ड कराया या नहीं और ये काम हमें इसलिए करना है कि ये हमारा देश है पर इसकी ज्यादा जिम्मेदारी हर यांगिस्तानी की है ध्यान रखियेगा भारत में 70 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या ऐसे युवाओं की है, जिनकी उम्र 35 वर्ष से कम है तो आपकी जिम्मेदारी ज्यादा है। सोच क्या रहे हैं जल्दी से लग जाइए काम पर ये गाते हुए हर एक वोट जरूरी होता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के कारण मौत का अनुपात (सभी मौतों के बीच) 1990 में 38 प्रतिशत से बढ़कर 2016 में 62 प्रतिशत हो गया। इससे बीमारी के बोझ में बदलाव के साथ महामारी का स्वकरूप भी तेजी से बदल रहा है। आयुर्वेद और योग स्वाइस्टें सेवा मूल्य श्रृंखला को पूरा करने और विशेष रूप से गैर-संचारी रोगों की प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक स्त र पर रोकथाम करने में एक दमदार, पूरक और एकीकृत भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, आयुर्वेद और योग विभिन्न प्रकार की वैकल्पिक सर्जरी की जरूरतों को खत्मप करते हुए अथवा टालते हुए आम लोगों की जेब पर खर्च के बोझ को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# 'स्वास्थ्य सेवा एवं कल्याण पर आयुर्वेद और योग का परिवर्तनकारी प्रभाव'

**राजीव वासुदेवन**

पिछले 10 वर्षों के दौरान, देश और दुनिया में आयुर्वेद एवं योग ने सभी हितधारकों- उपभोक्ताओं, बीमा क्षेत्र, नीति-निर्माताओं, स्वास्थ्य पेशेवरों आदि- के बीच जागरूकता, स्वीकृति, स्वीकार्यता और विश्वसनीयता के मामले में एक लंबी छलांग लगाई है। यह कोई छोटा-मोटा बदलाव नहीं है क्यों कि इस दौरान सरकार ने आयुष चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देते हुए उसे पारंपरिक चिकित्सा की पूरक पद्धति के तौर पर एकीकृत करने और उसे मुख्यधारा में लाने पर काफी दृढ़ता से फोकस किया है।

निम्नधलिखित तथ्या भारत सरकार के परिणाम-केंद्रित दृष्टिकोण के ठोस प्रमाण हैं : दिसंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र और डब्यू-र एएचओ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया और 2015 से हर साल 21 जून को उसे वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है। अगस्त 2022 में जामनगर में पारंपरिक चिकित्सा के लिए वैश्विक केंद्र की स्थापना की गई। जनवरी 2023 में आईसीडी-11 टीएम-2 मानक में आयुष रोग कोड को शामिल किया गया। आईआरडीए के स्पष्ट दिशानिर्देशों के साथ 2016 से आयुष बीमा के दायरे में फिर से लाने का कदम उठाया गया। उसके बाद 2020 और हाल में 2024 तक कई सकारात्मक कदम उठाए गए जिससे आयुर्वेद चिकित्सा देखभाल के लिए पूरी तरह कैशलेस बीमा कवरेज उपलब्ध है।

केंद्र सरकार के कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए आयुष चिकित्साउ सेवा को 2016 से ही सीजीएचएस योजना में शामिल किया जा चुका है। रक्षा मंत्रालय, रेलवे, इसरो, डीएई, ईएसआईसी एवं अन्य सरकारी संगठनों द्वारा आयुष उपचार केंद्रों/क्लिनिकों की स्थाजपना की गई और उसे मंजूरी दी गई है। हील-इन-इंडिया और हील-बाय-इंडिया जैसे प्रमुख कार्यक्रमों में आयुष को शामिल किया गया है ताकि आयुष आधारित स्वास्थ्य एवं कल्याण सेवाओं के जरिये सस्तीख दर पर चिकित्सा यात्रा और विदेशी मुद्रा आय को बढ़ावा दिया जा सके।

हल्केर अथवा मध्य म कोविड-19 रोग से बचाव और उसके उपचार के लिए हरेक आयुष पद्धति के लिए राष्ट्रीय क्लीमनिकल प्रबंधन प्रोटोकॉल तैयार किया गया। इससे आयुष ने कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभाव, गंभीरता और मौतों की संख्या को सीमित करने में महत्वआपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा, कोविड के बाद उसके दीर्घावधि प्रभाव से निपटने में आयुष लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य लक्ष्यों को हासिल करने में आयुष की उचित भूमिका के लिए भारत सरकार के नेतृत्व से लगातार समर्थन एवं प्रोत्साहिन मिल रहा है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक स्तर पर महज रोगों का प्रबंधन करने के बजाय जीवन पर्यन्त स्वावस्‍ स प्रबंधन पर जोर दिए जाने के साथ निवारक स्वा स्य्पर सेवा की अवधा रणा मजबूती के साथ विकसित हुई है। सभी उम्र के लोगों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करना और उनकी तंदुरुस्ती को बढ़ावा



देना संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य 3 (एसडीजी 3) है। एसडीजी 3 के 13 लक्ष्यों और 28 संकेतकों के तहत स्वस्थ जीवन एवं स्वस्थ जीवनशैली के विभिन्न पहलुओं को कवर किया गया है। आयुर्वेद और योग सहज रूप से जीवन-चक्र के परिप्रेक्ष्यो के साथ निवारक, उपचारात्मक एवं प्रोत्सावहक स्वास्थ्य उपायों पर जोर देते हैं जो रोग के चरण, व्यक्ति, स्थान, समय आदि के लिहाज से उपयुक्त होते हैं। इसके अलावा, यह व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य वाले दृष्टिकोण को अपनाता है जो सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील है। आयुर्वेद और योग समाज के लिए एक व्यापक जीवन-चक्र स्वास्थ्य प्रबंधन ढांचा प्रदान करते हैं जो एसडीजी 3 के 13 लक्ष्यों में से कई को हासिल करने में मदद करता है।

गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के कारण मौत का अनुपात (सभी मौतों के बीच) 1990 में 38 प्रतिशत से बढ़कर 2016 में 62 प्रतिशत हो गया। इससे बीमारी के बोझ में बदलाव के साथ महामारी का स्वकरूप भी तेजी से बदल रहा है। आयुर्वेद और योग स्वाइस्टें सेवा मूल्य श्रृंखला को पूरा करने और विशेष रूप से गैर-संचारी रोगों की प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक स्त र पर रोकथाम करने में एक दमदार, पूरक और एकीकृत भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, आयुर्वेद और योग विभिन्न प्रकार की वैकल्पिक सर्जरी की जरूरतों को खत्मप करते हुए अथवा टालते हुए आम लोगों की जेब पर खर्च के बोझ को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। आयुर्वेद के उपयोग काएक अन्यू पहलू व्यखक्ति की संपूर्ण देखभाल का मॉडल है जिसमें एक साथ कई बीमारियों से जूझ रहे लोगों को निजी तौर पर आहार, जीवनशैली, काउंसलिंग एवं चिकित्सा का नुस्खा प्रदान किया जाता है।

इसके अलावा, आयुर्वेद आधारित एकीकृत देखभाल एक उभरती हुई पद्धति है जिसमें निम्नअलिखित शामिल हैं : ज़स्वास्थ्य की दृष्टि से सक्रिय (मन की स्थिति, नींद, आंत, भूख, पाचन, जीवन शक्ति, आदि) और जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए एलोपैथी के पूरक उपचार के रूप में आयुर्वेद एवं योग पर जोर। ज़एडिमा, मायलोस्प्प्रेशन, कैशेक्सिया, स्पैमस्मं/क्रैप्से, मोबिलाइजेशन, म्यूकोसाइटिस, दस्त, चकत्ते, मतली और दर्द आदि के उपचार के लिए प्राथमिक एलोपैथी चिकित्साप के सहायक के रूप में आयुर्वेद का उपयोग। रोग की पुनरावृत्ति को रोकने और अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए तृतीयक/क्वातटरनैरी एलोपैथी उपचार के बाद स्टेनप डाउन केयर के लिए फिजिएट्री (शारीरिक एवं चिकित्सीय पुनर्वास) के साथ-साथ आयुर्वेद और योग का उपयोग। आयुर्वेद और योग आधारित सेवाओं से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होंगे क्योंकि उनका दायरा विभिन्नर सेवा क्षेत्रों- चिकित्साकीय तंदुरुस्तीन, आयुर्वेद अस्पताल/आयुर्वेद चिकित्साश केंद्र/आयुर्वेद क्लीषनिक, एकीकृत चिकित्सा केंद्र, अवकाश के दौरान तंदुरुस्तीत, स्टेप डाउन केयर सेंटर- तक विस्तृकत हैं।

आयुर्वेद अस्पताल विशेष तौर पर किसी गरीब देश में स्वास्थ्य सेवा के अर्थशास्त्र को बदलने की ताकत रखते हैं। आयुर्वेद एवं योग अत्येधिक पूंजी निवेश, कम समय तक ठहरने, तृतीयक/क्वोटरनैरी देखभाल मॉडल के बजाय कम पूंजी निवेश, अधिक दिनों तक (3 से 5 गुना) ठहरते हुए रोगों के उपचार मॉडल के साथ एक स्वाजस्य्वि सेवा व्यनवस्थाा तैयार करते हैं जो आम लोगों के लिए सस्ती, सुलभ और स्वीकार्य है। ऐसी स्वास्थ्य सेवा व्यथवस्थास जो उच्च गुणवत्ता वाली तृतीयक/क्वासटरनैरी चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के अलावा प्रारंभिक से प्राथमिक और द्वितीयक से तृतीयक रोकथाम तक निवारक स्वास्थ्य सेवा के व्याापक दायरे का विस्तार करती है। पिछले 10 वर्षों में पहली बार आयुर्वेद एवं योग आधारित स्टार्टअप में उल्ले खनीय निवेश और वृद्धि हुई है। नवाचार का दायरा आयुर्वेदिक उत्पादों (फार्मास्यूटिकल्स, खाद्य पदार्थ, न्यूट्रास्यूटिकल्स, सौंदर्य प्रसाधन, जीवन शैली उत्पाद), आयुर्वेद/योग सेवाएं (अस्पताल,क्लीनिक, टेलीमेडिसिन, स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाएं, चिकित्सा स्पा, प्रशिक्षण, अवकाश के दौरान तंदुरुस्तीा) और आयुर्वेद सिद्धांतों पर आधारित नई चिकित्सा तकनीक तक फैला हुआ है।

# खादी-भविष्य के लिए एक स्थायी समाधान

**पायल जैन**

पिछले 9 वर्षों के दौरान, खादी उत्पादन में वर्ष 2014-15 के 880 करोड़ रुपये से वर्ष 2022-23 में 2915.83 करोड़ रुपये तक की तीन गुना से अधिक वृद्धि दर्ज की गईहै। इसके अलावा खादी की बिक्री में वर्ष 2014-15 में 1170 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 5943 करोड़ रुपये की पांच गुना की समान रूप से आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। इस वृद्धि ने रोजगार सृजन पर महत्वेपूर्ण रूप से प्रभाव डाला है और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खादी की मांग को स्पष्ट रूप से पहचान मिली है।

खादी देशभक्ति और स्वतंत्रता का प्रतीक है, इसे हमारे देश की विरासत और परंपरा, आत्मनिर्भरता व स्वतंत्रता, विचारों एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सांस्कृतिक समावेशिता, अहिंसा की विरासत, एक अरब भारतीयों एवं धरती माता की आवाज के रूप में बुन गया है, जहां पंच-भूत स्वयं का प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य स्थापित करते हैं।

इतिहास में कभी भी हाथ से काते गए और हाथ से बुने हुए वस्त्र ने देश की नियति को आकार देने में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाई है। भारत में, वस्त्रों का ऐतिहासिक महत्व है क्योंकि वे उन लोगों की आवाज़ हैं जो उन्हें बनाते हैं और पहनते हैं। खादी हमारी स्वतंत्रता की विरासत रही है और यह महत्वापूर्ण रूप से हमारे आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक संदर्भों से गहराई से जुड़ी होने के साथ-साथ भारतीयों पीढ़ियों के स्था यी दर्शन की प्रतिनिधि भी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 20वीं सदी की शुरुआत में भारतीय उपमहाद्वीप को एक साथ जोड़ने के लिए खादी आंदोलन का शुभारंभ किया, इसके बाद चरखा एक राष्ट्रीय प्रतीक बन गया। खादी को स्थानीय उद्योग के माध्यम से स्व तंत्रता संग्राम में आत्मनिर्भरता का रूप देने और सक्रिय भागीदारी के लिए पेश किया गया था। खादी आंदोलन 1918 में शुरू हुआ, और आजादी के 7 दशकों के बाद भी, खादी भारत की गाथा के साथ गहराई से जुड़ी हुई है और हर भारतीय के भीतर इसके प्रति सम्मा न बना हुआ है। खादी को सूती, रेशम अथवा ऊनी रेशों के माध्यम से हाथ के चरखे से सूत बनाते हुए हथकरघे पर ऐसे कपड़े के तौर पर तैयार किया जाता है जो लम्बो समय तक चलने वाला और मजबूत होता है। हाथ से कताई और हाथ से बुनाई के कारण खादी की नैसर्गिक बनावट इसे विशिष्टजता और अलग रूप प्रदान करती है। हाथ से बने होने के कारण खादी से बने वस्त्‍ आरामदायक और सुकून प्रदान करने वाले होते हैं। स्वतंत्रता के बाद, भारत सरकार ने खादी के विकास की योजना बनाने, इसे बढ़ावा देने और सुविधा प्रदान करने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) की स्थापना की। व्याधपक स्तेर पर वस्त्र निर्माता खादी के नये-नये परिधान तैयार करने के मामले में केवीआईसी के साथ सहयोग कर रहे हैं। खादी उद्योग केवीआईसी (खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग) के माध्यम से आज एक स्थाहपित उद्योग है। यह उद्योग रोजगार सृजन के साथ-साथ बिक्री योग्य उत्पादों की उपलब्धथता, आत्मनिर्भरता और मजबूत ग्रामीण समुदायों का निर्माण करते हुए ग्रामीण समूहों के उत्थान में मदद करता है। केवीआईसी ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने के लिए खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देते हुए निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। खादी क्षेत्र में कताई, बुनाई, फिनिशिंग, पैकेजिंग और विपणन जैसे प्रमुख रोजगारों का सृजन होता है। प्रधानमंत्री ने खादी उत्सव के दौरान कहा, आजादी के बाद खादी की अनदेखीकी गई, जिसके कारण देश में



बुनकरों को नुकसान हुआ। उन्हों ने कहा कि खादी गरीबों की सहायता करने के लिए एक आंदोलन है और केवीआईसी एक ऐसा वैधानिक संगठन है जो भारत में खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने एवं विकसित करने में जुटा है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, पिछले 9 वर्षों के दौरान, खादी उत्पादन में वर्ष 2014-15 के 880 करोड़ रुपये से वर्ष 2022-23 में 2915.83 करोड़ रुपये तक की तीन गुना से अधिक वृद्धि दर्ज की गईहै। इसके अलावा खादी की बिक्री में वर्ष 2014-15 में 1170 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 5943 करोड़ रुपये की पांच गुना की समान रूप से आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। इस वृद्धि ने रोजगार सृजन पर महत्वेपूर्ण रूप से प्रभाव डाला है और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खादी की मांग को स्पष्ट रूप से पहचान मिली है।वस्त्र उद्योग में बड़ी मात्रा में पानी, रसायन और सॉल्वेंट का उपयोग होता है। सभी वस्त्र उत्पादक वस्त्री निर्माण के दौरान ठोस, निस्सारित अपशिष्ट के साथ-साथ वातावरण में काफी मात्रा में कार्बन और धूल एवं जहरीली गैसों का उत्सर्जन करते हैं। एक मीटर खादी में लगभग 3.5 लीटर पानी की खपत होती है, जबकि मिल-निर्मित एक मीटर वस्त्र में इस बहुमूल्य संसाधन के रूप में लगभग 55 लीटर जल की आवश्यकता होती है। भारत में, वस्त्र उद्योग प्रमुख ऊर्जा खपत वाले उद्योगों में से एक है, जिसमें ऊर्जा उपयोग में सबसे कम दक्षता है। लगभग 23 प्रतिशत ऊर्जा बुनाई में, 34 प्रतिशत कताई में, 38 प्रतिशत रासायनिक प्रसंस्करण में और अन्य 5 प्रतिशत मूल्य श्रृंखला के विविध उद्देश्यों के लिए खपत होती है। सामान्य तौर पर, वस्त्र उद्योग में ऊर्जा का उपयोग ज्यादातर बिजली के रूप में किया जाता है। चूंकि खादी प्राकृतिक धागों से बनाने के साथ-साथ बिना किसी विद्युत सहायता के हाथ से काती और बुनी जाती है और यह एकमात्र ऐसा वस्त्र है जिसमें जीवाश्म ईंधन का उपयोग नहीं किया जाता है। इस प्रकार, खादी पर्यावरण के अनुकूल सबसे बेहतर वस्त्र है। इसके निर्माण में खर्च होने वाली कम ऊर्जा खपत, न्यूनतम रासायनिक अपशिष्ट और कम कार्बन उत्सहर्जन पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालते हैं। खादी आजीविका प्रदान करने का एक प्राथमिक स्रोत भी हो सकती है और भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में सहायक हो सकती है। विशेष रूप से यह महिलाओं को परिवार की आजीविका को स्थिर करने के लिए अपने घरों में ही अपनी सुविधा के अनुसार खादी के वस्त्रि बुनने का अवसर प्रदान करती है। यह ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मविश्वास, आजादी के साथ-साथ उनकी अतिरिक्त आय का प्रमुख स्रोत बन सकती है और देश भर में लाखों समुदायों को महत्वपूर्ण रोजगार प्रदान कर सकती है। हमारे प्रधानमंत्री जी के आह्वान के अनुसार, आजाद भारत की मानसिकता लोकल के लिए वोकलहोनी चाहिए। इसी लोकल नेसंकट के समय में हमारी आवश्यकताओं को पूराकिया है, इसी लोकल ने हमें बचाया है। लोकल केवल जरूरत नहीं है, ये हमारी जिम्मेदारीभी है। भारत में खादी का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। यदि भारतीय डिजाइनर सामूहिक रूप से इसे कलेक्शन के लिए कच्चे माल के सचेत, नैतिक, टिकाऊ और जिम्मेदार विकल्प के रूप में लेते हैं, तो बाजार परिदृश्य बदल जाएगा। भारत के युवाओं को शिक्षित करना और खादी की खूबियों के बारे में जानकारी देकरप्रत्येक ग्राहक के बीच जागरूकता के माध्यम से एक क्रांति ला सकता है। हानिकारक ठोस, फास्ट फैशन, जहरीले अपशिष्टों के बारे में जागरूकता पैदा करना, और वे कार्बन उत्सर्जन को कैसे बढ़ाते हैं, जलवायु परिवर्तन का कारण बनते हैं और हमारे धरती की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं, इसके बारे में बिंदुओं को जोड़ना भविष्य की पीढ़ियों के लिए उपयोगी होगा। विश्व स्तर पर युवा अपनी जिम्मेदारी को अच्छी तरह से जानते हैं और अपने द्वारा चुने गए विकल्पों के प्रति सचेत हैं। उन्हें यह बताया जाना चाहिए कि खादी, भारत के माध्यम से खादी आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए एक स्थायी और नैतिक विकल्प है।

# विकसित भारत

**एस के पाठक**

भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम है। हमने भारत के सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में शानदार प्रदर्शन किया है। हमारे वित्तीय समावेशन और एकीकृत भुगतान इंटरफेस की सफलता पूरी दुनिया में एक मिसाल बन गई है। ये उपलब्धियां भारत के डिजिटल बदलाव की दिशा में महज शुरुआत भर हैं।

फिक्की ने 'विकसित भारत@2047' के लक्ष्य में योगदान करने वालीचार प्रमुख बातों की पहचान की है। ये बातें हमारी 2024 की प्राथमिकताएं हैं मेक-इन-इंडिया, महिलाओं की अगुवाई में विकास, कृषि क्षेत्र में समृद्धि और स्थिरता। यही कारण है कि हमें 27 फरवरी 2024 को 'विकसित भारत और उद्योग' पर एक सम्मेलन की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला, जिसे भारत सरकार के वरिष्ठ मंत्रियोंएवं उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों ने संबोधित किया।

दुनिया के विकास के इंजन के रूप में, भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह स्थिति अगले दशक और उससे आगे तक भी जारी रहेगी।हमारे उद्योग जगत के सदस्य पहले से ही भारत में विकास की तेज गति के साक्षी बने हुए हैं।विनिर्माण से संबंधित फिक्की के ताजा सर्वेक्षण से टिकाऊ और निरंतर विकास का पता चलता है। इस सर्वेक्षण में, कुल 73 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने तीसरी तिमाही में उच्च उत्पादन स्तर की जानकारी दी है और 87 प्रतिशत ने वित्तीय वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में उच्च या समान स्तर के उत्पादन की जानकारी दी है।भविष्य में होने वाले निवेश से जुड़ा अनुमान भी स्थिर दिखाई दे रहा है- 50 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने निवेश और विस्तार की योजनाओं का संकेत दिया। फिक्की यह सुनिश्चित करेगा कि मांग और निवेश से जुड़ा वर्तमान आशावाद लंबी अवधि में भी जारी रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने और उसे 'विकसित भारत'में बदलने का सपनाइस देश में उपलब्ध प्रतिभा, संसाधनों और शक्ति का लाभ उठाकर साकार किया जाएगा। जहां जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी), लोकतंत्र (डेमोक्रेसी) और मांग (डिमांड) तीन ऐसे 'डी' हैं जो भारत को एक अंतर्निहित लाभ प्रदान करते हैं, वहीं दो और 'डी' भी हैं निर्णायक (डिसाइसिव) और दृढ़ (डिटर्मिन्ड) जिनपर आधारित दृष्टिकोण नीति निर्माण और तेज गति एवं व्यापक पैमाने पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करके हमें विकासशील भारत@2047 का विश्वास दिलाता है। हम दुनिया का कारखाना बन सकते हैं और भारत की जीडीपी में विनिर्माण की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक ले जा सकते हैं। इससे आज के स्तर से 16 गुना वृद्धि सुनिश्चित होगी। कुल 14 क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं नौकरियां और निर्यात बढ़ाने में सफल रही हैं। अनेक नीतिगत उपाय किए गए हैं और हम सकारात्मक परिणामों की आशा करते हैं। इसी तरह, 'नारी शक्ति'पर हमारा ध्यान समग्र आर्थिक विकास सुनिश्चित करने की दिशा में महिलाओं की अगुवाई वाले विकास एवं महिला सशक्तिकरण पर स्वागतयोग्य तरीके से जोर दे रहा है। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि रोजगार और आय के मामले में लैंगिक आधार पर पाये जाने वाले भेदभाव को कम करने से देशों को प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में 20 प्रतिशत की वृद्धि और धन में 14 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में मदद मिल



सकती है। भारत शुरू से अंत तक निर्यात मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत करके, कृषि से जुड़े बुनियादी ढांचे को उन्नत बनाकर, भरोसेमंदकार्यप्रणालियों को अपनाकर और समग्र कृषि इकोसिस्टम में बेहतर दक्षता के लिए तकनीकी उपाय करके दुनिया के लिए 'खाद्यान्नों का कटोरा' बन सकता है। इनमें से कई काम पहले से ही किए जा रहेहैं। स्थिरता के मामले में, भारत अमीर एवंप्रति व्यक्ति उच्च उत्सर्जन करने वाले देशों की तुलना में कहीं अधिक कामकर रहा है। इसका एक उदाहरण सौर ऊर्जा उत्पादन में आया उल्लेखनीय उछाल है। हरित नीतियों और हरित व्यवसायों की दिशा में यह गति जारी रहेगी।

भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम है। हमने भारत के सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में शानदार प्रदर्शन किया है। हमारे वित्तीय समावेशन और एकीकृत भुगतान इंटरफेस की सफलता पूरी दुनिया में एक मिसाल बन गई है। ये उपलब्धियां भारत के डिजिटल बदलाव की दिशा में महज शुरुआत भर हैं।असल में बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण और कार्यान्वयन पर दिया गया अभूतपूर्व ध्यान, चाहे वह भौतिक हो, डिजिटल हो या फिर सामाजिक, सभी बड़े एवं छोटे व्यवसायों के लिए एक गुणात्मक अंतर पैदा कर रहा है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए कोष रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। इसके अलावा, गहन निगरानी और सशक्तिकरण द्वारा बुनियादी ढांचे से जुड़ीबड़ी एवं जटिल परियोजनाओं को समय पर और निर्धारित लागत के भीतर पूरा किया जा रहा है।इसी तरह, गरीबों के लिए अच्छी तरह से लक्षित करके बनाये गये सुरक्षा जाल समानता और निष्पक्षता के साथ काम कर रहे हैं, ताकि कोई भी पीछे न छूटे। इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण जल जीवन मिशन है, जिसके तहत ग्रामीण परिवारों को उनके घर में पाइप से पानी की आपूर्ति अगस्त 2019 में 17 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी 2024 में 75 प्रतिशत हो गई।इन लाभार्थियों में 112 मिलियन ग्रामीण महिलाओं की वह अतिरिक्त संख्या भी शामिल है, जिन्होंनेकभी अपने घरों में नल से पानी की कल्पना भी नहीं की थी।

इंडियाज़ सेंचुरी- मैकिन्से एंड कंपनी के साथ फिक्की की बहु-वर्षीय पहल-का भारत की विकास क्षमता का दोहन करने की कार्ययोजना के साथ 2022 में शुभारंभ किया गया था। रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत 2047 तक 7.7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 40 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बन सकता है। इससे 60 करोड़ नौकरियां पैदा होंगी और प्रति व्यक्ति आय बढ़कर दस लाख (1 मिलियन) रुपये हो जाएगी। इस लक्ष्य को साकारकरनेहेतुभारत को चार क्षमताओं के निर्माण पर अपना ध्यान जारी रखने की आवश्यकता है। ये क्षमताएं हैं- नवाचार; एसएमई का विस्तार, कौशल विकास और पूंजी बाजार को मजबूत बनाना।

**नवाचार को प्राथमिकता :** भारत को न केवल लागत या गुणवत्ता बल्कि प्रौद्योगिकी-आधारित नवाचारों के मामले में भी प्रतिस्पर्धा करनी होगी। वास्तव में, हाल ही में अंतरिम बजट 2024-25 में निजी क्षेत्र को उभरते हुए नये क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य सेएकलाख करोड़ रुपये की घोषणा की गई है, जो बेहद सराहनीय है। हम आने वाले दिनों में इसके प्रभावी कार्यान्वयन और उपयोग की आशा करते हैं।

एमएसएमई का विस्तार जरूरी है। हमारी समकक्ष उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत की तुलना में प्रति ट्रिलियन डॉलर सकल घरेलू उत्पाद में मध्यम एवं बड़ी आकार की कंपनियों की संख्या लगभग दोगुनी है। अकाउंट एग्रीगेटर और ओपन क्रेडिट इनेबलमेंट नेटवर्क फ्रेमवर्क का लाभ उठाने वाले डिजिटल ऋण से संबंधित उपायों के साथ कम लागत वाली पूंजी तक पहुंच सुनिश्चित करना और एमएसएमई पर नियामक एवं अनुपालन संबंधी बोझ को कम करने का काम पहले ही किया जा चुका है। अगले दशक में और भी बहुत कुछ किया जाएगा, जिसमें मध्यम स्तर वाले उद्योग को एमएसएमई दायरे से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना भी शामिल है।

# सीएम योगी ने महायोजना-2031 पर की चर्चा, बोले- ईज ऑफ लिविंग पर हो विकास प्राधिकरणों का फोकस

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना-2031 का अवलोकन किया और नियोजित विकास के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना है। फोकस आम आदमी की सुविधाओं पर होना चाहिए। सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी।

स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। प्रतिमाओं की स्थापना चौराहों के स्थान पर पार्कों में करना उचित होगा। नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर ज़ोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें।

सहारनपुर %देवभूमि का प्रवेश द्वार% है। बीते 06-07 वर्षों में यहां न केवल व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, बल्कि बेहतर होती कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं के कारण लोग यहां स्थायी निवास भी बना रहे हैं। सहारनपुर की महायोजना में औद्योगिक-व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास के लिए सुनियोजित प्रावधान रखे जाएं।

सहारनपुर में वुड कार्विंग क्लस्टर के लिए स्थान चिन्हित करें। वर्तमान में जहां काष्ठ शिल्प का हब है उससे यह स्थान बहुत दूर न हो। लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग हब के लिए भी स्थान चिन्हित की जाए। आमजन के लिए प्राधिकरण द्वारा नई आवासीय परियोजना की कार्ययोजना तैयार की जाए।

मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी के पावन धाम के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। यहां नवस्थापित मेडिकल कॉलेज और राज्य विश्वविद्यालय को भी महायोजना में शामिल करें। भविष्य के मिर्जापुर की आवश्यकताओं के दृष्टिगत मिर्जापुर के विकास क्षेत्र का दायरा और बढ़ाया जाना चाहिए। बस्ती, विकास की ओर तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है। यहां चीनी मिल भी लगी है और मेडिकल कॉलेज भी स्थापित हुआ है। महायोजना-2031 के दायरे में इन्हें भी लाया जाना उचित होगा। विकास नियोजित हो और संतुलित हो, इसके लिए विशेष ध्यान देना होगा।

अमरोहा के लिए पहली बार महायोजना तैयार हो रही है। यहां ढोलक, ड्रम, कॉटन रिसाइकिलिंग और बिंदी बनाने जैसी गतिविधियां परंपरा का हिस्सा हैं। इन्हें और फैसिलिटेट करने की व्यवस्था हो। बांदा में इंडस्ट्रिल कॉरिडोर प्रस्तावित है, महायोजना की सीमा कॉरिडोर तक होनी चाहिए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस को इससे जोड़ें। हैवी ट्रैफिक से नगर का आम यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है।

## स्टांप पंजीयन मंत्री ने किया उप-निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण

**लखनऊ।** प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल द्वारा सोमवार को विभागीय सुविधाओं का जनता को मिल रहे लाभ का जायजा लेने के लिए सरोजिनी नगर लखनऊ के उप निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में फैली अव्यवस्था और गंदगी तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाहियों पर घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगाई तथा एक सप्ताह के भीतर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए।जायसवाल द्वारा साफ़ सफ़ाई की व्यवस्था ठीक ना होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा जनहित में व्यवस्थाओं को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिये।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने शिष्टाचार भेंट की।

## अंकित तिवारी को प्रदेश युवा कांग्रेस मध्य का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने अंकित तिवारी को प्रदेश युवा कांग्रेस मध्य का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। अंकित तिवारी पूर्व में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव रहते हुए पार्टी कार्यक्रमों और आन्दोलनों में महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं। श्रीनिवास ने अंकित तिवारी से पूरी ताकत के साथ पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में योगदान देने की आशा व्यक्त की।

# एएसआरटीओ ने यूपीएसआरटीसी को किया पुरस्कृतः दयाशंकर सिंह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को एसोसिएशन आफ रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (एएसआरटीयू) द्वारा रोड सेफ्टी एवं फ्यूल एफिशिएंसी अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए विभागीय अधिकारियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम ने विगत एक वर्ष में सड़क सुरक्षा एवं ईंधन खपत में कमी लाने के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। उन्होंने बताया कि रेवेन्यू में सुधार, गुणवत्तापूर्ण सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए परिवहन निगम को रनर अप का भी पुरस्कार मिला है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में परिवहन निगम के प्रयासों से फैटल दुर्घटनाओं में कमी आई है। चालकों को ड्राइविंग में सुधार को लेकर जागरूकता के कई कार्यक्रम चलाए गए। कानपुर स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में चालकों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है, खासकर ऐसे चालक जिनके द्वारा सड़क दुर्घटनाएं कारित होती हैं।

परिवहन मंत्री ने बताया कि फ्यूल एफिशिएंसी के क्षेत्र में बेहतर प्रबंधन से वर्ष 2022-23 में 5.25 किमी0 प्रति लीटर डीजल औसत प्राप्त हुआ, जिसके लिए यूपीएसआरटीसी को पुरस्कृत किया गया है।

# नहरों की सफाई का विशेष ध्यान दें: स्वतंत्र देव सिंह

**भर्ती से लेकर तैनाती तक की पूरी प्रक्रिया में कहीं भी किसी प्रकार की अनियमित्ता नहीं होने दी जाएगी**

- बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों से संबंधित परियोजनाओं को समय से पूर्ण करायें
- निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती और स्थानांतरण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि नहरों की सफाई का विशेष ध्यान दें, बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में से संबंधित परियोजनाओं को समय से पूर्ण करायें। पूर्ण पारदर्शिता के साथ आपके द्वारा मांगे गए मनमाफ़िक जगह पर आपको तैनात किया जा रहा है इसलिए अपके कार्यों में कहीं भी कोई लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए। परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। आप सभी स्वप्रेरणा से काम करें। नहरों मे टेल तक पानी की पहुंच सुनिश्चित करायें। आप सभी अपने कर्तव्य का निर्वाहन अच्छे से करिए और अन्नदाता किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान दें।

उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री ने यह बातें आज यहां तेलीबाग स्थित परिकल्प भवन के सभागार में सहायक अभियंता (सिविल) के ऐक्षिक विकल्प चयन आधारित पारदर्शितापूर्ण स्थानांतरण कार्यक्रम में कहीं। ऐच्छिक विकल्प चयन आधारित पारदर्शी स्थानांतरण प्रक्रिया के माध्यम से कुल 928 सहायक अभियंताओ (सिविल) के स्थानांतरण हेतु उनके ऐच्छिक विकल्प लिए गए है, जिनके आधार पर स्थानांतरण आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया में ना पक्षपात है और ना ही भ्रष्टाचार का कोई स्थान।

# प्रदेश को मिली पांच नए सर्वोदय विद्यालयों की सौगात

- संत रविदास मिशन के अंतर्गत गौतमबुद्ध नगर, शामली, कन्नौज, बागपत एवं शाहजहांपुर में बनेंगे सर्वोदय विद्यालय
- विद्यालय निर्माण के लिए रुपये 50 करोड़ स्वीकृत
- 5 एकड़ में बनेंगे 490 छात्रों के आवासीय सर्वोदय विद्यालय

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री द्वारा संत रविदास मिशन के अंतर्गत प्रदेश के 5 असेवित जनपदों में समाज कल्याण विभाग को विद्यालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे गौतमबुद्धनगर, शामली, कन्नौज, बागपत और शाहजहांपुर में समाज कल्याण विभाग द्वारा आवासीय सुविधायुक्त विद्यालय का संचालन किया जाएगा। जिसके लिए भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। 5 एकड़ में बन रहे सर्वोदय विद्यालयों में छात्रावास, विद्यालय भवन, खेलकूद के मैदान सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक कुल 490 बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा अब गृह जनपद में ही प्राप्त होंगी।

नई शिक्षा नीति की मंशा के अनुरूप स्टेम एजुकेशन, कंप्यूटेशनल थिंकिंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से गुणवत्तापरक, तकनीक आधारित शिक्षा की व्यवस्था नवीन विद्यालयों में की जाएंगी। साथ ही अभ्युदय केंद्र के माध्यम से जेईई, नीट इत्यादि प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा भी इन विद्यालयों के छात्रों को प्राप्त होंगी।

वर्तमान में समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में समस्त वर्गों के बीपीएल परिवार के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापरक व निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान किए जाने के उद्देश्य से 105 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 9 सर्वोदय एवं 02 एकलव्य विद्यालय अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए संचालित किए जा रहे हैं। जहां कक्षा 6 से 12 तक के 35,000 छात्र-छात्राओं को छात्रावास, पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म, मेस, लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, कंप्यूटर व टैब-लैब, जेईई, नीट की निःशुल्क कोचिंग, कौशल विकास प्रशिक्षण इत्यादि की समस्त सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं।

# हौजाए इल्मिया जैनबिया में हुई मजलिस



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वर्गीय मौलाना मुशर्रफ हुसैन रिजवी के ईसाले सवाब के लिए ठाकुरगंज के मुफ्तीगंज स्थित हौजाए इल्मिया जैनबिया में मजलिस हुई। मजलिस को ईराक के पवित्र शहर नजफ अशरफ से आए आयतुल्लाह सैय्यद अली सीस्तानी के वकील मौलाना अशरफ अली गरवी ने खिताब किया। मजलिस के बाद उलमा ने फिकहे अहलेबैत किताब पेश की। यह पुस्तक किताबों की दुकानों पर उपलब्ध है।

# पीड़ित किसानों को तुरंत मुआवजा देने के लिये सीएम को लिखा पत्र

- किसानों का मुद्दा प्राथमिकता के आधार पर उठाएंगे: अजय राय

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश में भारी वर्षा और ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के पीड़ित किसानों को तुरंत मुआवजा दे राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। वर्षा और ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का जायजा लेने सोमवार को काकोरी पहुंचे श्री राय ने पीड़ित किसानों से मुलाकात की और परेशानियां जान हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि किसानों का मुद्दा प्राथमिकता के आधार पर उठाएंगे। श्री राय ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूरे क्षेत्र की फसल नष्ट हो गयी और अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों का पुरसाहाल लेने कोई अधिकारी अब तक नहीं पहुंचा। इस अप्रत्याशित आपदा से किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन परिस्थितियों में क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे किये जाने के निर्देश गंभीर आपदा की समस्या के समाधान में विलम्ब का प्रयास दिखता है। उन्होंने सरकार से किसानों की नष्ट फसलों की भरपाई के लिए तुरंत मुआवजा देने की मांग की। श्री राय के साथ प्रदेश प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, मीडिया चेयरमैन डॉ.सी.पी. राय, प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र यादव, पूर्व विधायक इन्दल रावत, प्रवक्ता सचिन रावत, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, अब्बास रिजवी, नितान्त सिंह नितिन आदि मौजूद थे।

# पुस्तक प्रेमियों के जमवाड़े से गुलजार रहा पुस्तक मेला

- निशुल्क प्रवेश वालों के लिये हर किताब पर मिल रही 10 प्रतिशत की छूट

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** चारबाग के रवीन्द्रालय लॉन में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले का तीसरा दिन भी पुस्तक प्रेमियों के जमवाड़े और विभिन्न आयोजनों से गुलजार रहा। पण्डाल में सोमवार भी साहित्य व पुस्तक प्रेमियों की मौजूदगी में चर्चाओं और काव्यरस की धूम रही। यूं तो मेले में हर तरह की किताबें हैं। यहां आने वालों में युवाओं की तादाद ज्यादा है और यह युवा अपने अपने शौक के हिसाब से अलग अलग साहित्यकारों का सृजन बटोरने में लगे हैं। बहुजन साहित्य के स्टाल पर बौद्ध साहित्य और दलित साहित्य के बीच मंडल कमीशन रिपोर्ट, पिछड़े वर्गों का आरक्षण इस युग की चुनौती, कांशीराम के कुछ अंतिम संपादकीय, दलित महिलाएं, पासी समाज दर्पण के संग लेखक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह की सम्राट अशोक का सही इतिहास, जीतेन्द्र वर्मा की जातिगत जनगणना का सच जैसी किताबें लोग टटोल रहे हैं। साहित्य कला संस्कृति को समर्पित मेले में सात से 10 मार्च तक वाश शैली के विख्यात चित्रकार सुखबीर सिंहल स्मृति कला प्रदर्शनी के साथ ही डॉ.स्तुति सिंघल की वाश चित्रों की कार्यशाला भी संचालित हो रही है। इसमें कोई भी नियमित रहकर प्रतिभाग कर सकता है। निशुल्क प्रवेश वाले मेले में हर किताब पर कम से कम 10 प्रतिशत की छूट मिल रही है। वहीं मंच पर हेल्पिंग हाट्र्स फाउंडेशन की ओर से आयोजित काव्य तरंग संध्या में अंजना मिश्रा की अध्यक्षता में चंद्रशेखर वर्मा, संध्या सिंह, बलवंत सिंह, अमित हर्ष, कल्पना अग्रवाल, निवेदिताश्री और अलका प्रमोद ने रचनाएं पढ़ीं।

# कुरान को समझना, उस पर अमल करना अच्छा काम है: मौलाना सैयद बिलाल

- मदरसा दारुल उलूम इक़रा में दस्तारबंदी कार्यक्रम सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** दारुल उलूम इक़रा मिश्री बगिया जल निगम रोड, बालागंज में जिन बच्चों ने क़ुरआन कंठस्थ (हाफ़िज़ा) किया आज उन बच्चों की दस्तारबंदी की गई। हाफ़िज़ा करने वाले बच्चों में फ़ज़ल, फ़ाज़िल, साकिब, अमान, अब्दुल्ला, ज़ैद, अनस आलम, हमज़ा रियाज़, मुज़म्मिल, हमज़ा रहे जिनका हाफ़ज़ा हाफ़िज़ मक़सूद नदवी और हाफ़िज़ एहतराम उल्ला ने पूरा कराया। नदवतुल उलमा लखनऊ के मौलाना बिलाल हसनी नदवी ने बच्चों के पगड़ी बांध कर उनकी हौसलाफ़ज़ाई भी की। इस मौके पर मौलाना बिलाल हसनी नदवी ने कहा अल्लाह की ये बड़ी नेमत है कि बच्चों को क़ुरआन याद हुआ और अल्लाह ने इन बच्चों के सीने में बड़ी क़ीमती चीज़ महफ़ूज़ कर दी। सभी को चाहिए कि क़ुरआन को पढ़ें समझें और अल्लाह ने जो इसके ज़रिये ज़िंदगी जीने का तरीक़ा, इंसानियत व दीगर बातें कही हैं उसपर सभी को अमल करना चाहिए। उन्होंने कहा असल बात तो ये है कि अल्लाह की किताब को पढ़ कर उसमें बताई गई हिदायतों को दुनिया में फैलाना और करना है। इरफ़ानिया मदरसे के क़ारी इम्तियाज़ साहब ने कहा कि अल्लाह की अपने बंदे से ख़ुशी और रज़ामंदी इस बात में ही होती है कि वह अपने बंदे के सीने में क़ुरआन महफ़ूज़ करता है। क़ुरआन की अहमियत इससे ही पता चलती है कि लाखों रुपयों के इंसान कपड़े पहन कर उनको इधर उधर फेंक देता है लेकिन जिसमे अल्लाह की किताब रखी जाती है वह कपड़ा यानी जुज़दान को वही इंसान सीने से लगाकर रखता है। मदरसा दारूल उलूम इक़रा के बानी और सरपरस्त मौलाना मक़सूद साहब ने बच्चों को दुआएँ देते हुए कहा कि इन बच्चों के वालिदैन की जितनी तारीफ़ की जाए कम है जिन्होंने अपने बच्चों को दिनी और दुनयावी तालीम देने में कोई कसर बाक़ी नहीं रखी।

## खादिमुल हुज्जाज (हाजी सेवक) हेतु आवेदकों का चयन लाट्री के माध्यम से आज

**लखनऊ।** हज सत्र 2024 में जाने वाले हज यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से भेजे जाने वाले खादिमुल हुज्जाज (हाजी सेवक) हेतु आवेदकों का चयन लाट्री के माध्यम से कल 05 मार्च 2024 को अपराह्न 12:00 बजे मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ में किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मपाल सिंह, कैबिनेट मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा विशिष्ट अतिथि दानिश आजाद अंसारी, राज्यमंत्री के अतिरिक्त अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति मोहसिन रजा और समिति के सदस्यगण भी प्रतिभाग करेंगे।

यह जानकारी आज यहां उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव/कार्यपालक अधिकारी एस0पी0 तिवारी ने दी।

# अल्पसंख्यक कांग्रेस ने मुख्य न्यायाधीश को भेजा ज्ञापन



अवधनामा ब्यूरो

**टीले वाली मस्जिद मामला**

**लखनऊ।** ऐतिहासिक टीले वाली मस्जिद को मंदिर बताने वाली याचिका को जिला अदालत के स्वीकार करने के विरोध में अल्पसंख्यक कांग्रेस ने मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भेजा। विभिन्न जनपदों से भेजे ज्ञापन में जिला जज के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी है। अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम 1991 स्पष्ट करता है कि 15 अगस्त 1947 के दिन तक पूजा स्थलों का जो चरित्र है उसमें कोई बदलाव नहीं हो सकता और न ही मांग करने वाली कोई याचिका किसी कोर्ट, अर्थॉरिटी या न्यायाधिकरण में स्वीकार की जा सकती है। ऐसे में लखनऊ जिला का याचिका को स्वीकार करना पूजा स्थल अधिनियम की अवमानना है। श्री आलम ने कहा कि मौजूदा मुख्य न्यायाधीश के कार्यकाल में पूजा स्थल अधिनियम के खिलाफ निचली अदालतों में फैसले देने की प्रवृत्ति बढ़ी है। कांग्रेस पूजा स्थल अधिनियम 1991 की रक्षा को पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# शायरों ने शाम को बनाया यादगार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** डॉ. ख्वाजा सैयद मोहम्मद युनूस की याद में हुए मुशायरे में डॉ.वसीम बरेलवी, मंजर भोपाली, अंजुम रहबर, डॉ.तारिक कमर, शकील आजमी जैसे नामी शायरों को शाम को यादगार बनाया। मशहूर शायरों के कलाम के साथ अखिल भारतीय मुशायरे की शाम सजी। इरम एजुकेशनल सोसाइटी की ओर से इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्रांगण में हुए मुशायरे की शाम देर रात तक रोशन रही। मुशायरे की निजामत प्रो.अब्बास रजा नैय्यर ने की और डॉ.वसीम बरेलवी ने मुशायरे की अध्यक्षता की और उनके मंच पर आते ही चाहने वालों ने फरमाइशे शुरू कर दी। वसीम बरेलवी ने किसी को निराश नहीं किया और एक के बाद एक कई शेर सुनने वालों के नजर कर दिए। उन्होंने फैसला हो ही नहीं पाया बहुत बातों के बाद, कौन खुलता है यहां कितनी मुलाकातों के बाद, आंसुओं के सामने पत्थर दिल की क्या विसात, अच्छे अच्छे घर दरक जाते हैं, बरसातों के बाद कलाम को सुनाकर भरपूर तालियां बटोरी। तो वहीं अंजुम रहबर ने अपने अंदाज में एक बार मिलने को जो प्यार समझते हैं, पागल है मगर खुद को होशियार समझते हैं, यह ऊंचे घरानों के बिगड़े हुए लड़के है, जो प्यार के मंदिर को बाजार समझते है, कलाम से पाक मोहब्बत की अहमियत बतायी। मशहूर शायर मंजर भोपाली ने अब तो गजल सुनाना कठिन हो गया, प्यार का गीत गाना कठिन हो गया, उसके कूचे में अब कैमरे है लगे, उसके घर आना जाना कठिन हो गया कलाम से मोहब्बत की दुश्वारियों से रूबरू कराया। शकील आजमी ने हार हो जाती है जब मान लिया जाता है, जीत तब होती है जब ठान लिया जाता है। डॉ. तारिक कमर ने पुश्त में मेरी उतरता हुआ खंजर कोई और फिर मेरे बराबर से निकलते हुए तुम, अपने हाथों की लकीरों से उलझता हुआ मैं और फिर मेरे मुकद्दर से निकलते हुए तुम, मुमताज नसीम ने मुरव्वतों से अब की बार काम भी नहीं लिया, थी बेरुखी की इंतेहा सलाम भी नहीं लिया, जैसे खास कलामों से खूब वाहवाही लूटी।

# पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ दस्तक यूथ फेस्टिवल

- एकल गायन में नीरज को पहला, आद्या को दूसरा और तनुष को तीसरा पुरस्कार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** संगीत नाटक अकादमी में चल रहे तीन दिवसीय दस्तक यूथ फेस्टिवल का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। फेस्टिवल में तीन तक लगातार प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें शहर के दर्जन भर स्कूल और कॉलेजों ने हिस्सा लिया था। एकल गायन मं नीरज शर्मा को पहला, आद्या त्रिपाठी को दूसरा और तनुष गौतम को तीसरा पुरस्कार मिला। वहीं एक नृत्य में सार्थक सिन्हा, साक्षी प्रजापति, श्वेता सिंह विजेता रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में मैहविश कुरैशी, सना बेगम दूसरे और प्रांजलि मोदनवाल तीसरे स्थान पर रहीं। कार्टून मेकिंग में मयंक जयसवाल प्रथम, सौम्य सिंह द्वितीय, शशांक मिश्रा तृतीय, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में मदिहा तनवरी प्रथम, महविश कुरैशी द्वितीय, आराधना जयसवाल तीसरे स्थान पर आयीं। फोटोग्राफी के लिए वर्शिका चौरसिया को पहला, आकाशी तिवारी को दूसरा और स्वाती को तीसरा पुरस्कार मिला। वहीं बैतबाजी प्रतियोगिता में मुमताज पीजी गर्ल्स कॉलेज और लखनऊ विश्वविद्यालय विजेता बना। खुनखुन जी गर्ल्स कॉलेज की टीम दूसरे और भाषा विश्वविद्यालय की टीम तीसरे स्थान पर रही। इसके साथ ही दस्तक कविता का पुरस्कार अंशिका, थीम डेकारेशन में सरुजीत कुमार, रंगोली में टीम रंगोत्सव, स्लोगन में वंशिका निर्मल, फेस पेंटिंग में हिमेश और फोटोग्राफी में वर्शिका चौरसिया विजेता बनी।

# जल्द ही डेढ़ घण्टे में पहुंच सकेंगे अयोध्या

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** ट्रेन के जरिये लखनऊ से अयोध्या तक अब यात्री जल्द ही डेढ़ घण्टे में पहुंच सकेंगे। रेलवे लाइन दोहरीकरण का काम पूरा होने के बाद उत्तर रेलवे ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने का खाका तैयार कर रहा है। लखनऊ से अयोध्या के बीच चलने वाली करीब दो दर्जन ट्रेनों की रफ्तार बढ़ा कर 130 किमी प्रति घण्टे की जायेगी। वर्तमान में इस रूट पर ट्रेनों की रफ्तार 110 किमी है। अगले दो महीने में ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने का काम पूरा कर लिया जायेगा। अभी वंदे भारत एक्सप्रेस लखनऊ से अयोध्या की दूरी दो घण्टे में तय करती है। अन्य ट्रेनें सवा दो से तीन घण्टे में अयोध्या पहुंच रही हैं। मिशन रफ्तार के तहत उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल अपने प्रमुख रूटों की ट्रैक स्पीड बढ़ाने को लेकर जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। लखनऊ से अयोध्या रेलखंड का दोहरीकरण व विद्युतीकरण चल रहा है। 130 किमी लम्बे रेलवे ट्रैक पर काम अंतिम चरण में है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि जौनपुर में सात किलोमीटर का सेक्शन बचा है। डबलिंग व इलेक्ट्रिक का काम होने के बाद ट्रेनों की रफ्तार 130 किमी प्रति घण्टे तक हो जायेगी। अगले दो महीने में ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने का काम पूरा कर लिया जायेगा।

## पांच ट्रेनों के बदले रूट

**लखनऊ।** पूर्व मध्य रेलवे में ट्रैफिक ब्लॉक के चलते बिहार से दिल्ली वाया लखनऊ चलने वाली पांच ट्रेनों को बदले रूट से चलाया जायेगा। ट्रेनों का संचालन सात मार्च से अलग अलग तारीखों में प्रभावित होगा। इनमें सहरसा नई दिल्ली आठ व नौ मार्च को, सात मार्च को कामाख्या उदयपुर सिटी बदले रूट से चलेंगी। अवध असम एक्सप्रेस छह मार्च को रास्ते में 40 मिनट रोककर चलाई जायेगी।

# सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी नजर, भड़काऊ पोस्ट फारवर्ड, पोस्ट करने पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**एटा।** शासन के निर्देश के क्रम में महाशिवरात्रि, होली, रमजान सहित अन्य आगामी त्योहारों का दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय शांति समिति की बैटक आयोजित की गई। डीएम ने जनपद के संभ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरूओं, अधिकारियों, थाना प्रभारियों आदि के साथ बैठक करते हुए कहा कि जनपद में शांति एवं सौहार्द की मिशाल कायम रहे। सभी धर्म के लोग आपस में मिलजुलकर रहें, साथ ही शांति एवं सौहाद कायम रखते हुए परम्परागत ढंग से आगामी त्योहारों को मनाएं।

डीएम ने कहा कि महाशिवरात्रि, होली, रमजान त्योहार पर अधिक भीड़ वाले स्थानों पर वालिण्टियर का उपयोग किया जाए, उनको सुविधा हेतु आईडी कार्ड भी जारी करें, साथ ही प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाएं। त्योहारों को दृष्टिगत जिले में ग्रामीण, शहरी क्षेत्र में साफ सफाई, विद्युत, जलापूर्ति के बेहतर इंतजाम किए जाएं, इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बरतने पर संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही होगी। होली स्थलों को चैक कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि किसी भी स्थल पर विवाद न हो। सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार सम्पन्न कराये जाने के लिये जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। सोशल मीडिया, ट्वीटर, व्हाट्सएप, फेसबुक, इन्ट्राग्राम पर भ्रामक व अफवाह से संबंधित खबरे न तो प्रेषित करें, और ना रही फारवर्ड करें।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए शिविर स्थलों को एक बार चैक कर लिया जाए, वहां पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए। शिविर स्थल पर साफ सफाई, विद्युत, प्रकाश आदि की व्यवस्था रहे। ट्रैक्टर ट्राली में यात्रा करने से बचें, इसका व्यापक स्तर पर प्रचार करें। बैठक के दौरान जनपदभर से आए गणमान्य नागरिकों द्वारा अपने सुझाव दिए गए।

जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक को एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह ने भी संबोधित करते हुए अपने विचार प्रकट कर विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम सदर सुश्री भावना विमल, एसडीएम जलेसर जगमोहन गुप्ता, एसडीएम अलीगंज प्रतीत त्रिपाठी, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी, पूर्व चेयरमैन परवेज जुबैरी, धीरेन्द्र झा, इरफान एड0, जहीर अहमद सहित जनपदभर से आए संभ्रान्त नागरिक, धर्मगुरू आदि उपस्थित रहे।

## योगी सरकार का मथुरा वृंदावन नगर निगम पर पूरा फोकस

**मथुरा।** योगी सरकार मथुरा वृंदावन नगर निगम में संसाधन बढ़ाने के साथ-साथ मैनपॉवर लगातार उपलब्ध करा रही है। संसाधन और अधिकारियों के बढ़ने से क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध तरीके से प्राप्त हो सकेंगी वही विभागीय कर्म में भी तेजी आने की पूरी संभावना है। नगर आयुक्त शशांक चौधरी का मानना है कि अधिकारियों और अभियंताओं की शत प्रतिशत तैनाती से जनमानस के हितार्थ कार्य तीव्र गति से पूर्ण किए जा सकेंगे। शासन ने नगर निगम में एक अपर नगर आयुक्त और एक सहायक नगर आयुक्त की नई तैनाती की है।

बदायूं से स्थानांतरित होकर आई पीसीएस अधिकारी सी पी पाठक ने सोमवार को अपर नगर आयुक्त का पद भार ग्रहण किया। जनरल गंज स्थित नगर निगम के मुख्यालय पर उन्होंने नगर आयुक्त शशांक चौधरी से औपचारिक भेंट की।

# सपा और एआईएमआईएम के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा बसपा का दामन

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जैसे जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे ही राजनीतिक पार्टी अपनी अपनी ताकत दिखाती हुई नजर आ रही है।

मामला फिरोजाबाद लोकसभा का है जहां से समाजवादी पार्टी एवं इंडी गठबंधन ने अक्षय यादव को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले है। लेकिन समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी अक्षय यादव एवं समाजवादी पार्टी का विरोध भी फिरोजाबाद में कहीं कहीं नजर आ रहा है। समाजवादी पार्टी और एआईएमआईएम के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम लिया जिसमे बसपा मंडल प्रभारी डॉक्टर ज्ञान सिंह व महानगर अध्यक्ष सैय्यद ईसार हसन जिलाध्यक्ष ब्रजेश वरुण के नेतृत्व में व बसपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में मेहरान अली द्वारा अपने दर्जनों समर्थकों और साथियों के साथ बहुजन समाज पार्टी ज्वाइन की पार्टी में शामिल होने वालों में हुसैन अल्वी,राजू कादरी,इंतजार अली, फैसल सिद्दीकी, औशद अली, बीजेपी छोड़कर आए अंशुल जैन, उमर सिद्दीकी, शाहनवाज सिद्दीकी, रहबर खान एडवोकेट,आदि शामिल हुए। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सैय्यद ईसार हसन ने सपा प्रमुख पर लगाए परिवारवाद के आरोप कहा की अपने भाई को चुनाव जिताने के खातिर उन्होंने एक बार फिर पूर्व विधायक अज़ीम भाई को लिया अपने साथ लिया 2019 में सपा और बसपा का गठबंधन था इसलिए उन्हें अज़ीम भाई की फिरोजाबाद में जरूरत नहीं महसूस हुई। लेकिन 2024 में सपा का बसपा से गठबंधन नही है जिस वजह से उन्हें अज़ीम भाई की जरूरत महसूस हुई। लेकिन अज़ीम भाई का अधूरा काम हम पूरा करेंगे।

# रमजान के पवित्र महीने को लेकर एसपी सिटी ऑफिस पर बैठक



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर मुस्लिम धर्म गुरुओं की एक बैठक हुई जिसमें फिरोजाबाद के पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित मौजूद रहे। मुस्लिम धर्म गुरुओं और पुलिस प्रशासन की आने वाले पवित्र रमजान त्योहार पर होने वाली व्यवस्थाओं के लिए विस्तार से चर्चा की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने कहा कि हमारी और आपकी पूरी जिम्मेदारी है कि हम त्योहारों को प्यार मोहब्बत अमन चैन भाईचारे के साथ मनाएं रमजान के त्योहार पर प्रशासन पुलिस प्रशासन के द्वारा अच्छी से अच्छी व्यवस्थाएं की जाएंगे आम जन को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी, कोई भी परेशानी होने पर 112,चौकी, थाना, व अधिकारियों से तुरंत संपर्क करें आपकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर तुरंत समाधान किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से नगर पुलिस अधीक्षक सर्वेश मिश्रा, सीओ सिटी हिमांशु गौरव, करबला कमेटी अध्यक्ष हिकमत उल्ला खान, शहर मुफ्ती तनवीर अहमद कासमी, मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी, मुफ्ती कासिम राजी, मौलाना अरशद रजवी, मौलाना अमीन अख्तर,मौलाना अनवार हुसैन, मौलाना तय्यब फारूक, लोग मौजूद रहे।

# सांसद ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराया

**जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में पूर्व सांसद कैलाश यादव को प्रशस्ती पत्र देकर किया सम्मानित**

अवधनामा संवाददाता



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल का सम्पूर्ण जनपद में असर देखने को मिला रहा है। जिले के शस्त्रलाईसैंसधारक स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए आग आ रहे हैं। लोगों को मानना है कि मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार से असुरक्षा महसूस नहीं होती है, इसी कारण लोग अपने शस्त्र लाइसैंस को स्वेच्छा से निरस्त करा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को जनपद एटा के पूर्व सांसद कैलाश चन्द्र यादव ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराया है।

जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने पर कोतवाली देहात क्षेत्र केग्राम लालगढ़ी निवासी पूर्व सांसद कैलाश चन्द्र यादव को उनके परिवारीजन की उपस्थिति में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बुलाकर प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। पूर्व सांसद ने अपने शस्त्र लाईसैंस संख्या 118 को निरस्त कराया है। बताते चलें कि डीएम प्रेम रंजन सिंह ने जिले में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल शुरू की। उन्होंने जनपद के ऐसे शस्त्र लाईसैंसधारक जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं या जिन्होंने शस्त्र लाईसैंस बनवा तो लिया लेकिन उनका शस्त्र घर में अनावश्यक ही रखा रहता है, तो वे स्वच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने अपील में यह भी बताया कि जो शस्त्रधारक स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त करायेंगे, उन्हें जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले व्यक्तियों के नाम वर्षों तक जिलाधिकारी कार्यालय में लगे बोर्ड पर देखने को मिलेंगे। परिणामस्वरूप डीएम ने अपने कार्यालय कक्ष में एक बोर्ड लगवाया है, जिसमें पूर्व में स्वेच्छा से अपने शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले लोगों के नाम अंकित कराये गए हैं। जनपद में अभी तक 06 व्यक्तियों द्वारा 07 शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराए गए हैं। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य सहित अन्य अधिकारीगण, पूर्व सांसद कैलाश यादव आदि मौजूद रहे।

# कैंडल मार्च निकालकर मृतका की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द होने से आहत हुई 22 वर्षीय छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के बाद समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और परिजनों ने कैंडल मार्च निकालकर उसकी आत्मा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। फिरोजाबाद के थाना दक्षिण क्षेत्र के नई बस्ती निवासी 22 वर्षीय वर्षा ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त होने और सरकारी परीक्षाओं में सफलता हासिल न होने से आहत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और मृतका के परिजनों ने शहर में कैंडल मार्च निकालकर मृतका की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। तो वहीं भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने छात्रा की मृत्यु के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। सपाईयों ने कहा कि भाजपा सरकार ने पुलिस भर्ती परीक्षा पूरी नहीं होने दी। होनहार बच्चे नौकरी पाने से वंचित रह गए।

# समाज की सम्पत्ति परिवार से मुक्त कराया जाए: मंसूरी


- समाज के रैन बसेरे को निजी सम्पत्ति बनाने का प्रयास: शफी अहमद

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** मंसूरी समाज द्वारा स्थापित रैन बसेरा/मुसाफिर खाना मंसूरी समाज को सुपर्द होने एवं एक परिवार से मुक्त कराने तक मंसूरी समाज वैधानिक तरीके से निरन्तर संघर्ष करता रहेगा। उक्त बात भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी मुईनुद्दीन मंसूरी गुड्डू व महासचिव शफी अहमद मंसूरी बालक ने रविवार को नगर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेसवार्ता में संयुक्त रूप से कही। उन्होंने बताया कि 51 सदस्यीय भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन का गठन वर्ष 1996 में हुआ जिसका रजिस्ट्रेशन वर्ष 2001 में 11सदस्यीय किया गया था, जिसमें मरहूम हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी सदर एवं शफी अहमद मंसूरी सेक्रेटरी एवं समाज के 9 अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य का चयन किया गया था जिसके बाद मरहूम हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी द्वारा मूल समिति के सदस्यों को गुमराह करते हुए समिति का नवीनीकरण 2006, 2011 एवं 2016 में कराया गया जिसमें समाज के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को हटाकर अपने ही परिवार के पुत्र, दामाद आदि को पदाधिकारी एवं सदस्य नामित करा लिया गया था। उन्होंने कहा कि जब समिति का रजिस्ट्रेशन कराया गया तब समिति का बैंक आफ इण्डिया, इटावा में खाता हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी अध्यक्ष, शफी अहमद मंसूरी जनरल सेक्रेटरी एवं हाजी फैय्याजुद्दीन मंसूरी खजांची के संयुक्त हस्ताक्षर से संचालित था। इनके द्वारा वर्ष 2016 में समिति के नवीनीकरण में अपने ही परिवार के लोगों को पदाधिकारी बना लिया गया था। अंत में उन्होंने कहा कि मंसूरी समाज एवं मूल समिति के पदाधिकारियों के द्वारा मनमानी तरीके से नियम विरुद्ध एक ही परिवार की तथाकथित समिति का विरोध किया जा रहा है एवं उनके परिवार द्वारा रैनबसेरा/मुसाफिर खाने की भूमि का व्यवसायीकरण को रोके जाने की लड़ाई निरन्तर लड़ी जा रही है, जिसमें एक तरफ पूरा मंसूरी समाज एवं दूसरी तरफ मात्र एक परिवार के लोग हैं।

# शिवरात्रि महोत्सव का हुआ आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** प्रजापति ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ज्ञान सूर्य भवन के विकास नगर स्थित प्रांगण में सोमवार को शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के सुप्रसिद्ध बुद्धिजीवी सम्मिलित हुए। शुभारंभ पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉ कैलाश चंद्र यादव ने अर्चना सिंह जिला समन्वयक अभियान बीएसए ऑफिस एवं डॉक्टर प्रहलाद द्वारा व ब्रह्म कुमारी बहनों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया। इटावा सेवा केंद्र संचालिका बीके नम्रता बहन, करहल से बीके निधि बहन, भरथना से बीके अनिता बहन, छिबरामऊ से बीके नीरज बहन, किरण बहन, सैफई से बीके तेजस्विनी बहन सम्मिलित हुई। बहनों ने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर हम यह संकल्प ले कि सारे व्यसन छोड़ सादा जीवन व्यतीत करेंगे। तथा अपने आप को ईश्वर को समर्पित कर अच्छा आचरण करेंगे। शिवरात्रि के अध्यात्मिक महत्व को समझेंगे। इस अवसर पर कैलाश चंद्र यादव ने सभी बी के बहनों का आभार व्यक्त किया एवं समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने हेतु अपने प्रयास करते रहने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में भूमि बहन, रूपाली बहन, प्राची आशीष भाई आदि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रसाद वितरण के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**मथुरा।** मथुरा में फरह क्षेत्र के अंतर्गत एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां रविवार की शाम तलाकशुदा महिला का शव उसकी सहेली के घर में बंद कमरे में मिला, शव बुरी तरह से गल चुका था। महिला अपनी सहेली के साथ उसी के घर में रहती थी। शव और कपड़ों की स्थिति देख मौत से पहले उसके साथ गलत काम की आशंका जताई जा रही है। सहेली को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि बृहस्पतिवार को महिला ने जानलेवा कदम उठा लिया था। पुलिस के डर से उसने शव छिपा दिया था. वह तीन रातों से सहेली के शव के साथ सो रही थी। घटना फरह थाना इलाके के महुअन इलाके की है। यहां की रहने वाली गंगा देवी (26) पुत्री मुंशी मूलरूप से छड़गांव, रिफाइनरी की रहने वाली थी।

## सभी परीक्षा केन्द्रों पर आठवें दिन की परीक्षा हुई शांतिपूर्वक सम्पन्न

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं के आठवें दिन प्रथम पॉली में हाईस्कूल अंग्रेजी और इंटर कृषि वनस्पति विज्ञान, कम्प्यूटर, कृषि व्यावसायिक की परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हुई। हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा में 3094 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा में एक छात्रा को राजकीय मॉडल इंटर कालेज में नकल करते हुए पकड़ा गया। पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक ने बताया कि श्री सद्गुरु उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जौनाई की एक छात्रा को परीक्षा केद्र के कक्ष नौ में हाईस्कूल की परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए कालेज के आंतरिक दस्ते ने पकड़ लिया। कंट्रोल रूम प्रभारी डॉ. छीतर सिंह ने बताया कि हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा के लिए 37445 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे।

# कोर्ट ने शुरू की झूठा मुकदमा लिखाने वाली प्रिंसिपल और विवेचक व अन्य खिलाफ कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** फर्जी मुकदमा लगाने वाली अस्थाई प्रधानाचार्य ने अपने पति के सहयोग से फर्जी मेडिकल बनवाकर व पुलिस से मेलजोल कर अपने विद्यालय के लोगो पर झूठा मुकदमा लिखाया था। अदालत ने मेरिट पर सुनवाई करते हुए मुकदमा झूठा पाते हुए सभी अभियुक्तों को बरी करते हुए फर्जी मुकदमा लिखने वाली प्रधानाचार्य और झूठे मुकदमे में चार्ज शीट लगाने वाले विवेचक पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर के मध्य स्थित जानकी बाई बालिका इंटर कॉलेज मथुरा की अस्थाई प्रधानाचार्य श्रीमती अनीता गौतम ने अपने ही विद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉक्टर सीमा सिंह व उनके पति अरुण कुमार सिंह तथा विद्यालय के सफाई कर्मचारी राधा चरण पर अपने पति सतीश कुमार के सहयोग से सेल्फ का फर्जी मेडिकल बनवाकर तथा थाना कोतवाली मथुरा पुलिस से सांठ गांठ कर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था तथा पुलिस से मिलकर आरोप पत्र न्यायालय में भिजवा दिया था। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सोनिका वर्मा की अदालत ने मेरिट पर मुकदमे की सुनवाई करते हुए मुकदमा को झूठा पाया एवम झूठी गवाही देने वाली सीता शर्मा को अनीता गौतम का हितबद्ध गबह बताते हुए डॉक्टर सीमा सिंह, उनके पति अरुण कुमार सिंह, कॉलेज के सफाई कर्मचारी राधा चरण को बरी कर दिया। फर्जी मुकदमा करने पर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए अनिता गौतम एवम मुकदमे की झूठी विवेचना करने वाले विवेचक छात्र पाल सिंह पर सीआरपीसी की धारा 340 के अंतर्गत दोनों को नोटिस जारी किया है निर्धारित तिथि पर अनीता गौतम व विवेचक छात्र पाल सिंह न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके खिलाफ कोर्ट वारंट जारी कर तलब कर सकती है। महत्वपूर्ण है कि झूठे मुकदमा में निर्दोष को सजा दिलाने के लिए अनीता गौतम एवम उनके पति सतीश गौतम ने जज पर दबाव बनाने का भी अनेकों तरह से प्रयास किया। अभियुक्त गणों की तरफ से पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता मोहर सिंह ने की थी अधिवक्ता मोहर सिंह ने बताया कि जब अदालत पूरा ट्रायल कर बरी करती हैं तो फर्जी मुकदमा लगाने व झूठी विवेचना करने वाले विवेचक, झूठी गवाही देने वालो के खिलाफ मुकदमा चलाने की व्यवस्था सीआरपीसी में है इसमें उतनी ही सजा का प्रावधान है जिन धाराओं मे ट्रायल चला था और झूठा मुकदमा लिखाने वाले, झूठी विवेचना करने वाले विवेचक और झूठी गवाही देने वालो को सजा पक्की होती हैं।

## वार्ड 69 में महापौर ने किया सीसी सड़क का लोकार्पण

**वृंदावन (मथुरा)।** भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार की प्राथमिकता धार्मिक क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को आगे बढ़ाने की है।जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सके। ऐसा ही प्रयास किया जा रहा है। यह विचार नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल ने वार्ड 69 में सड़क लोकार्पण के दौरान व्यक्त किए। महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा सोमवार को नगर निगम के विकास कार्यों में लगातार गति प्रदान करते हुए नगर निगम वृन्दावन क्षेत्र के पार्षद घनश्याम चौधरी के वार्ड 69 में प्रसिद्ध संत प्रेमानन्द महाराज के आश्रम पर लगभग 23 लाख रुपये से निर्मित सी. सी सड़क का विधिवत पूजा के साथ नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम के प्रत्येक क्षेत्र में लगातार विकास के कार्य कराये जा रहे हैं उनके कार्यकाल में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं रहेगा जहाँ विकास ना हुआ हो।

# प्रधानमंत्री का संकल्प है नारी शक्ति मज़बूत हो: सरिता भदौरिया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** हमारी मातृशक्ति में बहुत उत्साह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो संकल्प है कि नारी शक्ति मजबूत हो उसकी एक झलक आज की इस शक्ति बंधन मैराथन दौड़ में देखने को मिल रही है उक्त उदगार सदर विधायक सरिता भदोरिया ने÷नारी शक्ति वंदन अभियान÷के अन्तर्गत'शक्ति वंदन दौड़'जिसका आयोजन महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विरला शाक्य के नेतृत्व में आयोजित शक्तिबंधन दौड़ में व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि जिस हिसाब से आज यहां हमारी माताएं बहने आई है उससे मुझे आज प्रसन्नता हो रही है कि देश जिस दिशा में जा रहा है और जिस विकसित भारत की बात हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं वह मातृशक्ति के आशीर्वाद से ही संभव है नारी शक्ति बंधन मैराथन के अन्तर्गत शहर के शास्त्री चौराहे से पक्का तालाब चौराहे तक नारी शक्ति के विशाल जन समुह ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि विधायक सरिता भदौरिया ने दौड़ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया क्षेत्रीय मंत्री मनीषा शुक्ला, महिला मोर्चा की ज़िलाध्यक्ष विरला शाक्य, ज़िला उपाध्यक्ष रिचा मिश्रा , राधा पाल, श्याम राजपूत, रेखा पोरवाल, प्रमिला पालीवाल, जिला मंत्री गुड्डी बाजपेई, ममता गुप्ता, चंचल तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी रेनू शुक्ला, कोषाध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव, रजनी भदौरिया, कुसमा राजपूत मनी लता जाटव, सीमा यादव विनीता राजपूत, सीता मिश्रा, बबली प्रजापति, सीमा यादव चकरनगर मंडल अध्यक्ष शिवानी गुप्ता और भरथना प्रथम मंडल अध्यक्ष अंजू राजावत एवं मंडल अध्यक्ष एवं मंडल की महिला मोर्चा की अन्य पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रही।

# बुलंदी पर नसीबा हो गया, करम प्यारे नबी का हो गया

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** जश्ने गौसे आज़म की महफिल का आयोजन किया गया। महफिल में शायरों ने खूबसूरत कलाम पेश कर मेहफ़िल में खूब वाह वाही लूटी। महफिल का आयोजन रविवार को अहमद अली वारसी की ओर से उनके उझैदी स्थित आवास पर किया गया। हाफिज़ कैफ ने नात पाक पेश कर नातिया मुशायरे की शुरुआत की। उन्होंने कुछ इस कहा नबी के इश्क में जिसने जान देदी है, उसी को हक में रब ने अमान देदी है। कोई भी रोक न पायेगा उसको जन्नत से, रसूले पाक ने जिसको ज़बान देदी है। संचालन कर रहे शायर रौनक इटावी ने कहा बुलंदी पर नसीबा हो गया, करम प्यारे नबी का हो गया। नवाज़ा इस कदर कि उनके करम ने, जो कतरा था वो दरिया हो गया। नदीम अहमद एड.ने कहा नबी के नाम का दिल में चिराग जलता है, मेरी बला से अगर आफताब जलता है आदि शानदार कलाम पेश कर शायरों ने खूब वाह वाही लूटी। इस मौके पर हाजी अजीम वारसी, सूफी अब्दुल सत्तार, हाफिज कारी शहवाज अनवर, हादी हसन हादी, हाफिज हारून, दिलशाद पहलवान, शाहिद हुसैन, शकील वारसी, मोहम्मद औसाफ, मोहम्मद शारिक, शहवाज, अली हसन, हैदर अली आदि मौजूद रहे।

# पराक्रम दिवस पर संस्कृति विवि में सुभाष चन्द्र बोस को किया याद

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की प्रासंगिकता पर अपने-अपने शोधपरक विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा रजनीश त्यागी ने कहा कि विकसित भारत के लिए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवाओं के लिए नेता जी सुभाषचन्द्र बोस का जीवन-दर्शन प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं के समक्ष स्वामी विवेकानन्दजी व नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जीवनवृत से संकल्प लेने की आवश्यकता है। सुभाषचन्द्र बोस ने विपरीत व प्रतिकूल परिस्थितियों में आजाद भारत का सपना साकार कर दिखाया था उनके आह्वान पर आजाद भारत के लिए आजाद हिंद फौज की स्थापना की गई थी तथा उन्हें नौ राष्ट्राध्यक्षों ने आजाद भारत का राष्ट्राध्यक्ष भी घोषित किया गया था।



भारतीय वायुसेना सेना से रिटायर्ड पवन शर्मा ने कहा कि नेता जी सुभाषचन्द्र बोस जन्म से ही कुशाग्रबुद्धि व तार्किक शक्ति के धनी थे। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त करके आईएएस की परीक्षा चौथी रैंक के साथ उत्तीर्ण की किन्तु भारत की आजादी के लिए उन्होंने इस्तीफा देकर सच्चे राष्ट्रभक्त व मां भारती के सपूत का परिचय दिया। विश्वविद्यालय के डीन आफ स्टूडेंट वेलफेयर डा डीएस तोमर ने युवाशक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त और सक्षम बनाने के लिए विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में अपनी-अपनी नैसर्गिक प्रतिभाओं के साथ सहभागिता सुनिश्चित करनेके लिए प्रेरित किया। छात्र सौरभ द्विवेदी ने कविता के रूप में अपनी रोचक प्रस्तुति देते हुए कहा कि ÷वो हिंद फौज का नायक था, वो भारत के स्वाभिमान का गायक था। वो नेता जी के नाम से जाना जाता था, वो बंगाल की खाड़ी से आया था।÷

कार्यक्रम का संचालन जाह्नवी ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ सचिन गुप्ता व सी ई ओ डा मीनाक्षी शर्मा ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के व्यक्तित्व से छात्र, छात्राओं को प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं संप्रेषित की। छात्र वक्ताओं में से विजय प्रताप, नूपुर यादव , देवांश गुप्ता ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर छात्र, छात्राओं को नेता जी सुभाषचन्द्र बोस के जीवन वृत्त पर सोर्ट फिल्म लाइव प्रदर्शन किया गया।

# योगी सरकार ने सेमीकंडक्टर नीति को दी मंजूरी

## स्टाम्प शुल्क और निबंधन शुल्क के अंतर्गत भूमि की खरीद पट्टे पर 100 प्रतिशत मिलेगी

अवधनामा संवाददाता

■ छूट, कौशल और प्रतिभा विकास गतिविधियों के लिए भी मिलेगा प्रोत्साहन



**लखनऊ।** योगी सरकार ने हाल ही में यूपी सेमीकंडक्टर नीति 2024 को मंजूरी देकर उत्तर प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। इस नीति को लागू कर सीएम योगी ने प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग की रीढ़ कहे जाने वाले सेमीकंडक्टर्स के बड़े पैमाने पर निर्माण की राह काफी आसान कर दी है। इस नीति के तहत यूपी में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने के इच्छुक निवेशकों को कैपिटल सब्सिडी के साथ ही इंटरेस्ट सब्सिडी, लैंड सब्सिडी, स्टांप फीस और रजिस्ट्रेशन फीस के साथ ही इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में भी भारी राहत दी गई है। यही नहीं, योगी सरकार यहां सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाली कंपनियों को कौशल और प्रशिक्षण के लिए भी सहायता देगी, जबकि अनुसंधान एवं विकास केंद्र के साथ ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) स्थापित करने पर भी उन्हें राहत प्रदान की जाएगी। माना जा रहा है कि यूपी की सेमीकंडक्टर नीति भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया की आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के तहत जारी सेमीकंडक्टर नीति प्रदेश और देश को इस इंडस्ट्री में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसमें निवेशकों को कई तरह से वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं। नीति में इसका पूरा उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार कैपिटल सब्सिडी के तहत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित सब्सिडी का 50 प्रतिशत प्रदान किया जाएगा। वहीं इंट्रेस्ट सब्सिडी के रूप में अनुसूचित बैंकों/वितीय संस्थानों से प्राप्त ऋण पर 200 करोड़ रुपए तक के निवेश वाली इकाइयों को 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष (ब्याज की दर पर), प्रति इकाई प्रति वर्ष अधिकतम 1 करोड़ रुपए तक प्रतिपूर्ति 7 वर्षों तक की जाएगी। प्रति इकाई अधिकतम 7 करोड़ रुपए तक की ही इंटरेस्ट सब्सिडी प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही, भूमि की दर में भी छूट प्रदान की जाएगी। राज्य अभिकरणों से भूमि क्रय करने पर प्रथम 200 एकड़ भूमि के लिए प्रचलित सेक्टर दरों पर 75 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी, जबकि इकाई अथवा सहायक इकाइयों के लिए भूमि के अतिरिक्त क्रय पर 30 प्रतिशत सब्सिडी की अनुमति होगी। इसके साथ ही स्टाम्प शुल्क और निबन्धन शुल्क के अंतर्गत भूमि की खरीद पट्टे पर 100 प्रतिशत छूट मिलेगी।

**10 वर्ष तक इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी होगी माफ :** 10 वर्ष की अवधि के लिए इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी पर 100 प्रतिशत छूट प्राप्त होगी। राज्य में स्थापित फैब इकाइयों को दोहरा पॉवर ग्रिड नेटवर्क प्रदान किया जाएगा। एक ग्रिड (दोनों में से कम) की लागत की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी, जबकि दूसरे ग्रिड की लागत निवेशक द्वारा वहन की जाएगी। इसके अतिरिक्त परियोजना के परिचालनरत होने की तिथि से 25 वर्ष की अवधि के लिए विद्युत की अंतःराज्यीय खरीद पर व्हीलिंग शुल्क/ ट्रॉसमिशन शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

### कौशल और प्रशिक्षण के लिए भी मिलेगी सहायता

चिप डिजाइन और विनिर्माण क्षेत्र में सेमीकण्डक्टर उद्योग के सहयोग के लिए एक कुशल जनशक्ति पूल तैयार करने हेतु राज्य सरकार शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग के साथ सहयोग आमंत्रित करेगी। सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में सेमीकण्डक्टर कौशल और प्रतिभा विकास गतिविधियों की वृद्धि के लिए प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। इसके तहत, फैकल्टी प्रशिक्षण, तकनीकी कार्यशालाओं, जागरुकता कार्यक्रमों, विशेषज्ञ व्याख्यानों के लिए 5 वर्षों के लिए प्रतिवर्ष 60 लाख रुपए तक, कुल 3 करोड़ रुपए प्रदान किए जाएंगे। वहीं बीटेक और एमटेक स्नातकों के लिए मुख्यमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत 5 वर्षों तक प्रति वर्ष 500 छात्रों तक प्रति छात्र 20,000 रुपए की इन्टर्नशिप सहायता भी प्रदान की जाएगी।

# चकबन्दी अधिकारी सन्तकबीर नगर किये गये पद्च्युत

अवधनामा संवाददाता

**बड़ी कार्रवाई**

■ 2023-24 में अब तक 22 चकबन्दी अधिकारी निलम्बित 04 चकबन्दी अधिकारी पद्च्युत,


■ 01 अधिकारी प्रत्यावर्तित व 40 अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेन्स नीति के तहत चकबन्दी विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों, कर्मचारियों के प्रति कठोर कार्यवाही (जिसमें निलम्बन, सेवा से पृथक करना, पदावनत करना तथा एफ0आई0आर0 दर्ज करना शामिल है) का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में श्री जी0एस0 नवीन कुमार, चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा श्री प्रभाकर, तत्कालीन चकबन्दी अधिकारी, मेरठ सम्प्रति सन्तकबीरनगर द्वारा ग्राम-बिसौला में उप जिलाधिकारी का आदेश निरस्त कर ग्रामसभा, राज्य सरकार के मूल्यवान भूमि को क्षति कारित कर निजी काश्तकारों को सदोष लाभ व ग्राम फिरोजपुर में आदेश पारित कर ग्रामसभा, राज्य सरकार की नाला एवं वन विभाग की भूमि पर निजी व्यक्तियों को स्वत्व प्रदान किया गया, जिसके लिये उन्हें सेवा से पदच्युति कर दिया गया है।

उक्त के अतिरिक्त ग्राम-बिसौला, परगना हस्तिनापुर, तहसील-मवाना, जिला-मेरठ एवं ग्राम फिरोजपुर, परगना किठौर, तहसील- मवाना, जिला-मेरठ में चकबन्दी प्रक्रियान्तर्गत कृत अनियमितताओं की जांच समिति गठित कर करायी गयी। जांच समिति की संस्तुति के अनुसार ग्राम बिसौला व फिरोजपुर में चकबन्दी प्रक्रियान्तर्गत कृत अनियमितताओं के लिये दोषी अधिकारियों / कर्मचारियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ0आई0आर0) दर्ज कराने एवं ग्रामसभा की ऐसी भूमि, जिस पर चकबन्दी अधिकारी द्वारा निजी व्यक्तियों को स्वत्व प्रदान किया गया है, जबकि उन्हें प्रारम्भिक स्तर से कोई स्वत्वाधिकार प्राप्त नहीं था, को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध यथोचित कार्यवाही करने व उक्त भूमि को ग्रामसभा, राज्य सरकार में निहित कराने के निर्देश जिलाधिकारी, जिला उप संचालक चकबन्दी, मेरठ को दिये गये हैं।

इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक चकबन्दी विभाग में कुल 22 चकबन्दी प्राधिकारियों को निलम्बित कर 04 चकबन्दी अधिकारी को पदच्युति व 01 चकबन्दी अधिकारी को उसके मूल पद पर प्रत्यावर्तित करते हुये 40 अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ0आई0आर0) दर्ज करायी जा चुकी है।

# हज सुविधा ऐप हज यात्रियों के लिए बड़ा तोहफा : स्मृति



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने विज्ञान भवन में सुविधा मोबाइल ऐप लॉन्च की. केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने हज यात्रियों की सुविधाओं के लिए सभी विभागों में कोऑर्डिनेशन स्थापित कराया है।

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि हज को सहज और अधिक आरामदायक अनुभव बनाने के सरकार के प्रयासों के तहत सभी हज यात्रियों के लाभ के लिए हज सुविधा ऐप लॉन्च किया गया है. इस ऐप के जरिए हज पर जाने वाले लोगों को हर जरूरी जानकारी मिलेगी। स्मृति ईरानी ने अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री जॉन बारला की उपस्थिति में विज्ञान भवन में हज 2024 की तैयारियों के तहत प्रशिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 550 से अधिक प्रशिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्देश्य उन प्रशिक्षकों को संवेदनशील बनाना और शिक्षित करना है जो हज यात्रियों को आगे की ट्रेनिंग देते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि तीर्थयात्रियों को यात्रा के दौरान बेहतर अनुभव हो और वे तीर्थयात्रा के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानते है।

# 'अयोध्या के बाद अब हमें मथुरा की ओर देखना पड़ेगा'

## एमपी के सीएम मोहन यादव ने अखिलेश यादव को घेरा

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर मथुरा की उपेक्षा करने और श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद से मुंह मोड़े रहने के लिए उन्हें उलाहना दिया। यह भी कहा कि 'अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हमें स्वाभाविक रूप से मथुरा की ओर देखना होगा। भगवान राम के मामले में तो जो कष्ट हुआ, वह सबके सामने है लेकिन अब भी मौका है, अब भी बोल दो। कोई साथ आएगा तो हम उसे लेकर मटकी फोड़ने चलेंगे।'

रविवार को लखनऊ में यादव महाकुंभ कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मोहन यादव भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुखातिब थे। इनमें बड़ी संख्या में यादव बिरादरी के कार्यकर्ता थे। यादव बिरादरी की उत्पत्ति को ययाति के पुत्र यदु से जोड़ते हुए कहा कि यादव अपने पिता के कष्ट में उस समय भी हाथ बढ़ाकर मदद करते दिखाई दिए थे और आज भी कष्टों का निवारण करना जानते हैं।



सपा अध्यक्ष का नाम लिए बिना हमला जारी रखते हुए कहा कि 'श्रीकृष्ण हमारे समाज के आराध्य हैं। जिन पर मथुरा की ओर देखने और मथुरा का आनंद दिलाने की जवाबदेही थी, उन्होंने क्या किया, यह समाज के सामने हैं। और तो और उन्होंने तो इसमें अवरोध पैदा करने वालों को समर्थन देकर सरकार चलाने का दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य किया। वो तो सरकार के साथ थे, यह तो कह सकते थे कि जो करो करो लेकिन मथुरा को तो मुक्त करो।'

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में व्यक्ति अपनी योग्यता और क्षमता से आगे बढ़ता है, जबकि राजतंत्र में राजा का बेटा परिवारवाद के आधार पर आगे बढ़ता है। क्रांतिकारियों ने राजतंत्र को समाप्त कर लोकतंत्र की स्थापना के लिए ही आत्मोत्सर्ग किया था। सिर्फ भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जिसने बिना कोई पारिवारिक राजनीतिक पृष्ठभूमि होते हुए भी उनके जैसे साधारण कार्यकर्ता को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया।

इससे पहले भाजपा प्रदेश मुख्यालय में उनका स्वागत व अभिनंदन हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश यादव, राज्यसभा सदस्य संगीता यादव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह व बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, राम प्रताप चौहान, सुभाष यदुवंश, विधायक रामचन्द्र यादव, आशीष यादव, यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राम कैलाश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस को झटका: कृष्ण कुमार ने पार्टी से दिया इस्तीफा

अवधनामा संवाददाता

■ भाजपा में शामिल हुए रितेश पांडेय के हैं चाचा



**लखनऊ।** बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए रितेश पांडेय के चाचा कृष्ण कुमार पांडेय ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। रितेश को भाजपा ने अंबेडकरनगर सीट से प्रत्याशी बनाया है।

लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन को एक और झटका लगा है। कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार उर्फ कक्कू पांडेय ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

वे बीते दिनों ही बसपा से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल हुए सांसद रितेश पांडेय के चाचा हैं। रितेश को बीजेपी ने अंबेडकरनगर संसदीय सीट से टिकट भी दे दिया है। वे बसपा के टिकट पर सुल्तानपुर जनपद की इसौली सीट से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। उनकी पत्नी रंजना पांडेय को कांग्रेस ने अकबरपुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के चुनाव में टिकट दिया था। रंजना फिलहाल कांग्रेस में बनी रहेंगी। कक्कू ने सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को भेजे पत्र में लिखा कि व्यक्तिगत कारण से वे पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहे हैं।

# कौशाम्बी संसदीय सीट पर पल पल बदल रहा समीकरण

अवधनामा संवाददाता

■ कौशाम्बी सीट पर अपना दल और जनसत्ता दल ने भी कर रखी है पूरी तैयारी



**कौशाम्बी।** जैसे जैसे लोकसभा चुनाव का समय करीब आरहा है वैसे वैसे कौशाम्बी की एक मात्र सीट पर समीकरण बदलता जा रहा है। एक तरफ जनसत्ता दल तो दूसरी ओर अपना दल भी इस सीट को लेकर गम्भीर दिख रहा है।

बीते राज्यसभा चुनाव में जिस प्रकार जनसत्ता दल के मुखिया ने खुल कर भाजपा का समर्थन किया था वह कहीं न कहीं भाजपा के समर्थकों के दिल की धणकनें बढ़ा गया है। इसके अलावा अपना दल के 2022 विधानसभा चुनाव में जनपद की एक सीट पर दावेदारी करने की खबरें भी चर्चा में थीं। लेकिन उसे सफलता नहीं मिली थी। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में भी उसने अंदर खाने तैयारी कर रखी है। इस बात की सुगबुगाहट जनपद में लगे कुछ होर्डिंग्स में दिख रही है। दूसरी तरफ प्रतापगढ़ से कौशाम्बी तक चहल पहल इस बात की ओर इशारा कर रही है कि मामला फिट किया जा रहा है।

जनपद की एक मात्र कौशाम्बी लोकसभा सीट पर 2014 और 2019 लगातार भाजपा के पक्ष में रही है। भाजपा के विनोद कुमार सोनकर लगातार दो चुनाव जीतकर अपनी पकड़ क्षेत्र में बनाये हुए हैं। प्रधानमंत्री की चमत्कारिक शख्सियत के सहारे वह हैट्रिक मारने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन कौशाम्बी की कला और भाजपा हाईकमान के चौंका देने वाला निर्णय कुछ कहा नहीं जा सकता। कौशाम्बी लोकसभा सीट किसके पाले में जायेगी यह कहना तो अभी बेमानी होगा। लेकिन इतना तो तय है कि भाजपा के मौजूदा सांसद विनोद कुमार सोनकर ने जिस प्रकार अपने संसदीय क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराये हैं वह किसी से छिपा नहीं है। जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। मौजूदा सांसद को घेरने की सभी दल रणनीति तैयार करने में लगे हुए हैं। हालात जो भी हों लेकिन इसबार कौशाम्बी में इंडिया गठबंधन और बसपा अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान में प्रत्याशी उतार कर भाजपा को घेरने की तैयारी में दिख रही है।

# कस्बे में बकरी चोरों का आतंक

**तीन दिन में आधा दर्जन के करीब चोरी हो चुकी हैं बकरियां**

**कौशाम्बी (अवधनामा संवाददाता)।** करारी कस्बे में इन दिनों बकरी चोरी की घटनाओं में इजाफा हो गया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से कस्बाइयों में पुलिस की कार्य शैली को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

नगर पंचायत करारी के वार्ड नयागंज और नेतानगर में दो दिन के अंदर आधा दर्जन से अधिक लोगों की बकरियां चोरी हो चुकी हैं। नयागंज निवासी जुल्फिकार ने बताया कि शुक्रवार को उनकी बकरी घर के बाहर घूम रही थी कि दो युवक मोटरसाइकिल पर आये और बकरी लेकर भाग गए। इसी प्रकार अनवर अली और जादे खान आदि की भी बकरियां गायब हो चुकी हैं। अनवर अली खान का कहना है कि कहीं न कहीं कस्बा पुलिस की लापरवाही के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं।

# डीजे में उतरा करंट दो सगे भाइयों समेत तीन की मौत

अवधनामा संवाददाता

■ शादी घर में पसरा मातम,दस झुलसे



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के उसरापर गांव में शनिवार की रात बारात आई थी। बारात की अगवानी के दौरान डीजे वाहन हाईटेंशन करंट की चपेट में आगया। करंट उतरते ही बारात में अफरातफरी मच गई। करंट की चपेट में आने से पांच लोग गम्भीर रूप से झुलस गये। साथ ही दस अन्य लोग भी करंट की चपेट में आने से मामूली तौर पर झुलस गये। इस घटना में दो सगे भाइयों समेत एक मजदूर की भी मौत हो गई है। घटना के बाद गांव में मातम छा गया है। पुलिस ने सभी झुलसे लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शनिवार की शाम कौशाम्बी थाना क्षेत्र के दुल्हनियापुर गांव से बारात आई थी। रात लगभग 11 बजे बाराती जनवासे से बैड बाजा लेकर निकले। उसी समय हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई तो डीजे को बचाने के लिए सतीश कुमार(19) पुत्र लल्लाराम चरवा छाता लेकर खड़ा था। जबकि उसी के पास रवि कुमार(19)पुत्र राम भवन अपने छोटे भाई राजेश(18) के साथ डीजे के साउंड सिस्टम को पकड़े खड़ा था। कुछ दूर डीजे वाहन गांव के खड़ंजे पर चला था कि तभी छाता ढीले होकर लटक रहे हाईटेंशन विद्युत तार से छू गया। इससे डीजे वाहन करंट की चपेट में आगया। करंट की चपेट में आने से सतीश,रवि और राजेश गम्भीर रूप से झुलस गये। चरवा निवासी विद्यासागर(17)पुत्र जय नारायण व मोहित(16)पुत्र रामबाबू भी झुलस गये। घटना के तुरंत बाद विद्युत आपूर्ति कट गई। आननफानन लोगों ने झुलसे लोगों को निजी वाहन से जिला अस्पताल इलाज के लिए ले गये। जहां चिकित्सकों ने राजेश, रवि और सतीश को मृत घोषित कर दिया। अन्य झुलसे लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### मौत के आगे कम पड़ गये आंसू

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी में पिछले दिनों हुई पटाखा फैक्टरी घटना को लोग अभी भूले नहीं थे कि अचानक फिर एक और हृदयविदारक घटना से नगर पालिका भरवारी की जनता खून के आंसू रोने पर मजबूर हो गई। पटाखा धमाका कांड में अब तक एक दर्जन लोग अपनी जान गंवा चुके हैं तो इस घटना में भी तीन युवकों की जान जा चुकी है। और कइयों का इलाज चल रहा है।

बीते रविवार को जिस प्रकार भरवारी के खल्लाबाद पटाखा फैक्टरी में धमाके से फैक्टरी मालिक सहित दर्जन भर लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। और उस घटना से अभी नगर के लोग निकल भी नहीं पाये थे कि बारात जा रहे डीजे पर हाईटेंशन तार ने कहर बरपा दिया। इस घटना में तीन युवकों की तो मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि कई अन्य विद्युत के चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। इस दोहरी घटना ने भरवारी के लोगों में एक अजीब सा भय पैदा कर दिया है।

# सीएमएस छात्रा को 1,84,540 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की छात्रा रक्रिता राव को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की न्यूयार्क यूनिवर्सिटी (शंघाई कैम्पस) द्वारा 1,84,540 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। रक्रिता को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्रा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है।

सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

श्री शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 65 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज

# पात्रों को दिया जाय शौचालय योजना का लाभ

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय स्थित उदयन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं को पात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए जिलाधिकारी ने योजनाओं से जुड़े अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को मुख्यालय स्थित उदयन सभागार में जिलाधिकारी ने बैठक कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से कराये गए कार्यों की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी को सर्वे कराकर अवशेष रह गये सभी पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने कहा कि लाभार्थियों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय का उपयोग किया जा रहा है या नहीं, नियमित सत्यापन कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि नियमित भ्रमण कर सुनिश्चित किया जाय कि माडल ग्राम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में किये जा रहें सभी गतिविधियॉ क्रियाशील रहें। बैठक में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सुजीत शुक्ला ने बताया है कि भारत सरकार के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से 19405 व्यक्ति पात्र पायें गयें, जिनकी एम0आई0एस0 करा दी गयी है, जिसमें से 15541 लाभार्थियों की विभिनन चरणों में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रथम किश्त एवं 12227 लाभार्थियों को दोनों किश्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में अवमुक्त कर दी गयी है एवं अभी भी 7163 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 3304 लाभार्थियों की द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किया जाना अवशेष है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत पंचायत सहायको द्वारा अभियान में कुल चयनित 351944 लाभार्थियों के शौचालयां का सत्यापन कराया जाना था, जिसके सापेक्ष 301568 लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका हे, अवशेष 50376 लाभार्थियों के शौचालायों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि अब तक वित्तीय वर्ष-2022-23 में कुल 59 ग्राम पंचायत तथा वित्तीय वर्ष-2023-24 में कुल 52 ग्राम पंचायत मॉडल ग्राम हो चुकें है। बैठक में बताया गया कि गंगा एक्शन प्लान के तहत गंगा के किनारे अवस्थित 31 ग्राम पंचायतों को माडल घोषित किया जाना है, जिसमें 30 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 41 ग्रामों को मॉडल ग्राम घोषित किया जा चुका है, अवशेष एक ग्राम में कार्य प्रारम्भ है,जिसे 31 मार्च, 2024 तक पूर्ण कराते हुये समस्त ग्रामों को मॉडल ग्राम घोषित कर दिया जायेंगा।



बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से कराए गए कार्यों पर विचार-विमर्श, व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण पर विचार-विमर्श, व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग कराए जाने पर विचार-विमर्श, वित्तीय वर्ष 2023-24 में आईईसी, प्रचार-प्रचार मद में उपलब्ध धनराशि के व्यय पर विचार-विमर्श,वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रशासनिक मद में किए गए कार्य पर विचार-विमर्श,वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतर्गत 35 ग्राम पंचायत को मॉडल गांव घोषित किए जाने पर विचार-विमर्श, वित्तीय वर्ष-2023-24 के अन्तर्गत गंगा के किनारे अवस्थित 31 ग्राम पंचायतों को मॉडल ग्राम बनाये जाने पर विचार।

# जयंत मिस्टर तो जरीन बनीं मिस फ्रेशर बीएससी-बीएड



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के बीएससी-बीएड के छात्रों की फ्रेशर पार्टी- जब वी मेट-2024 में जयंत सिंह शाक्य मिस्टर फ्रेशर और जरीन नाज को मिस फ्रेशर बीएससी-बीएड चुना गया। छात्र अभिनव भारद्वाज को मिस्टर इंपैकेबल और छात्रा असमी अग्रवाल को मिस इंपैकेबल का अवार्ड प्रदान किया गया। स्टुडेंट्स आदित्य रावत और दिव्यांशी सिंह ने मिस्टर बॉलीवुड एंड मिस बॉलीवुड का खिताब अपने नाम किया। इसके अलावा विवेक राज को मिस्टर रेड कारपेट, जबकि समरीन उमर अली ने मिस रेड कारपेट के खिताब पर कब्जा किया। इससे पहले डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा ने बतौर विशिष्ट अतिथि, एचओडीज- डॉ.रत्नेश जैन, डॉ. अशोक कुमार लखेरा, डॉ. विनोद जैन, एआर श्री दीपक मलिक आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके फ्रेशर पार्टी- जब वी मेट का शुभारंभ किया।

# बीआरसी सिकरारा पर आयोजित हुआ हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (सिकरारा)** जन समुदाय के समक्ष निपुण लक्ष्यों एवम मूलभूत साक्षरता की आवश्यकता से अवगत कराने हेतु हमारा आंगन - हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम के तहत ब्लाक संसाधन केंद्र पर सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हो रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने मिलकर देश व प्रदेश की सूरत बदल दी है। दोनो ही क्षेत्र में जमकर कार्य हुआ है। कहा कि शिक्षा को लेकर सरकार सजग है। बच्चो की शुरुआती शिक्षा मजबूत होनी चाहिए। ऐसें आयोजनों के माध्यम से बच्चो की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के साथ अभिभावकों को भी जागरूक किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि हमारा आंगन का मतलब हमारे पूरे समाज से है। जिसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है। समाज के सभी बच्चे हमारे है। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पहली भूमिका आंगनवाड़ी केंद्रों की है जहां प्राथमिक शिक्षा दी जाती है। मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह ने अभ्यागतों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के बारे में जानकारी दी। अतिथियों ने चालीस बच्चो को प्रोत्साहन किट, पंद्रह अभिभावकों को अंगवस्त्रम व पांच प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, सीडीपीओ नाहिद खानम, एसआरजी डा. अखिलेश सिंह, शैलेश चतुर्वेदी, शैलेश कुमार एल, अनुपम श्रीवास्तव, डा. विजय बहादुर सिंह, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन डा. सुरेश यादव ने किया।

## आन लाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों ने बी ई ओ रामनगर को सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर (रामनगर)।** रामनगर के ब्लाक संसाधन केंद्र पर शिक्षकों द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल को शिक्षकों की समस्याओं के बारे में एक मांग पत्र सौंपा गया। इस मांग पत्र में दो शर्ते रखी गयी है।(1) टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम की मांग।

(2) राज्यकर्मचारियों की भांति शिक्षकों को भी एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश प्राप्त हो।

जैसा कि ज्ञात हो कि ये मांगे पिछले वर्ष से ही हो रहीं हैं जबकि सरकार इस पर विचार भी नहीं कर रही है।मांग पत्र सौंपने वालों में ब्लाक अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, मंत्री अनुराग तिवारी राजेश सिंह मुन्ना,उपाध्यक्ष डा . मंजीत कुमार यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अन्य कुमार पाण्डेय,कोषाध्यक्ष डा.रजी अहमद,भरत कुमार सिंह, राजबहादुर यादव,आदि सैकड़ों सम्मानित शिक्षक।

# आरओ/एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

अवधनामा संवाददाता

**सचिव ने दर्ज कराया सिविल लाइंस थाने में मुकदमा**

**प्रयागराज।** समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने सोमवार को सिविल लाइंस थाने में परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मुकदमे में वह खुद वादी बने है। इससे पहले पेपर लीक के मामले में परीक्षा नियंत्रक को पद से हटाते हुए राजस्व परिषद भेजा था।

समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने सिविल लाइन थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। यूपी पीसीएससी अशोक कुमार ने इस मामले में खुद वादी बने है। सचिव अशोक कुमार ने बताया कि 11 फरवरी 2024 को दो पालियों में समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2023 कराई गई थी। इसके बाद शोशल मीडिया क्र माध्यम से पेपर लीक होने का मामला संज्ञान में आया था।

प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन के 103 इंगित प्रश्न और उसके उत्तर जिस पर कोई सीरीज दर्ज नहीं है, लेकिन सीरीज के प्रश्न पत्र से वह मिलजुल रहा है। साथ ही द्वितीय प्रश्न सामान्य हिंदी के 25 इंगित प्रश्न का उसके उत्तर जिस पर कोई सीरीज दर्ज नहीं है लेकिन सीरीज के प्रश्न पत्र से वह मिलान कर रहा है। 11 फरवरी को परीक्षा से पूर्व सूचना सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी।

इस मामले में आयोग के ईमेल पर अब तक मिले साक्ष्यों के प्रथम दृष्टि से द्वितीय प्रश्न पत्र व उसके सामने अंकित उत्तर 11 फरवरी 2024 को परीक्षा प्रारंभ होने के निश्चित समय होने के कारण स्पष्ट है। तकनीकी सत्यापन व संपूर्ण प्रकरण की जांच और उसमें शामिल दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई किया जाये। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस राम आश्रम ने बताया कि पेपर लीक के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की जा रही है। जांच के लिए क्राइम ब्रांच की मदद ली जाएगी।

## राष्ट्रीय महिला विभूतियों को खानम् आर्ट गैलरी करेगी सम्मानित

**प्रयागराज।** द्वितीय राष्ट्रीय रचनात्मक महिला पुरस्कार शो खानम आर्ट गैलरी करैली प्रयागराज में 10 मार्च को होने जा रहा है जहां महिलाओं को उनके रचनात्मक कार्यों के लिए हर क्षेत्र में जहां उन्हें कामयाबी मिली। कला में प्रो.डॉ जूही शुक्ला (प्राचार्या), पद्मश्री डॉ.राज बवेजा, (चिकित्सा) डॉ.सरोज ढींगरा,(भरत नाट्यम) डॉ मालविका राव (मनोवैज्ञानिक) डॉ.साफिया सुहैल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) कलाकार मुक्ता गुप्ता (झारखंड) समीरा फ़ैज़ (अभियोजन अधिकारी वाराणसी) अदिति डेका पाठक (दृश्य कलाकार, शोधकर्ता, लेखक और संपादक ,गुवाहाटी असम), प्रो. सबीहा आज़मी (अंग्रेजी) सनोबर इदरीस, शाहनाज़ मरियम, सबा बानो और दिल्ली से कश्फ़ी शमआइल (सेलिब्रिटी एंकर) को 10 मार्च को क्रिएटिव वूमेंस अवार्ड 2024 से नवाजा जाएगा।

## स्वयं सेविकाओं निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**फूलपुर,आजमगढ़।** फूलपुर तहसी के अम्बारी स्थित गया प्रसाद स्मारक राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन सोमवार को स्वयंसेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, व्यायाम एवं योग करके दिन की शुरुआत की। प्रथम सत्र में गोद लिए गए गांव शेखपुर पिपरी एवं इब्राहिमपुर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेविकाओं द्वारा गांव के लोगों को मतदान की महत्वता एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया गया । आज के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता अरविंद कुमार ने दीप प्रज्जवलित करके एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता ने मतदान को लोकतंत्र की नींव बताया एवं पहले मतदान फिर जलपान का नारा दिया। इस अवसर पर प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमार ने बिना लोभ लालच के मतदान करने का आह्वान किया। मंच का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर सुशील त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्राओं में प्रीति प्रिया, शिवांगी, कविता, आलिया,किरण, नंदिता, आलिया आदि उपस्थिति रही।

# विभागीय दबाव से आक्रोशित शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (जफराबाद)।** सिरकोनी ब्लॉक बाकराबाद स्थित बीआरसी पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के गलत फरमान से आक्रोशित शिक्षकों ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार को सौंपा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में बीआरसी पर जमा हुए। वहां लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि हम लोग अपने आईडी से सिम खरीदेंगे तो हमारी निजिता साझा होगी। हमें बार बार विभाग से मिले टैबलेट में सिम नही लगाने पर वेतन रोकने जैसी बात की जा रही है। इसे हम लोग अब नही सहन करेंगे। ज्ञात हो विभाग द्वारा स्कूलों को एक टैबलेट दिया गया है। उसी से बच्चो की उपस्थिति तथा एमडीएम का डिटेल देना है। श्री शुक्ला ने कहा कि हमे टैबलेट संचालन के लिए सरकारी सिम दी जाय। राज्यकर्मचारियों की तरह एक कैलेंडर वर्ष मे 31 दिनों का उपार्जित अवकाश तथा प्रत्येक दूसरे शनिवार को अवकाश व अर्ध आकस्मिक उपार्जित अवकाश अनुमन्य किया जाय। उन्होंने कहा कि हमारी मांगे अगर नही मानी जाती है तो जिला बेसिक कार्यालय तथा लखनऊ में शिक्षा निदेशालय में धरना हमारी मजबूरी होगी। इसके लिए विभागीय अधिकारी जिम्मेदार होंगे। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश सिंह, साजेश सिंह, योगेश श्रीवास्तव, सजंय सिंह, पवन सिंह, छाया सिंह, निरुपमा सिंह, काजल किरन, कंचन श्रीवास्तव, सुषमा पाठक, प्रियंका सिंह, महेंद्र सिंह, प्रेमलाल सहित भारी संख्या में अध्यापक व अध्यापिका मौजूद रही।

## डीएम को ज्ञापन सौंपकर लगाई गुहार

**आजमगढ़।** जनपद के मेंहनगर तहसील के कटहन गांव के निवासी ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन सौंप कर अपने ग्राम पंचायत में अनियमितता का आरोप लगाकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कटहन गांव निवासी व भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री पवन सिंह ने बताया कि उनके ग्राम पंचायत की प्रधान किरणबाला है। वह मनमाने तरीके से कार्य करती हैं। उनके पति दिलीप राम और एक अन्य व्यक्ति राजेश सिंह जोकि भूमाफिया है, उसने लोगों को परेशान कर रखा है। खुद सात बीघा जमीन पर अवैध रूप से विद्यालय बनाया है और अवैध रूप से लोगों को बसा दिया है वहीं गांव में ही करीब 500 वर्ष पूर्व के राम मंदिर के बगल में दूसरे धर्म के लोगों का घर बनवा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुलपति ने जनजागरुकता रैली को किया रवाना



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह और कुलसचिव महेंद्र कुमार ने जनजागरुकता रैली को सोमवार को रवाना किया। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उत्तर प्रदेश और भारत सरकार की चल रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं, इस कारण खासतौर से गांव के लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा। जनजागरुकता रैली विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांवों देवकली, जासोपुर, कुकुड़ीपुर और खमहौरा में जाकर लोगों के बीच जागरूक करने का कार्य करेगी। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ शशिकांत यादव, डॉ विशाल यादव, डॉ विनय कुमार और इंजी विजय कुमार मौर्य, मैलास, बॉकेलाल यादव सहित समस्त स्वयंसेवक स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।

### पुलिस और सीआईएसएफ जवानों ने किया फ्लैग मार्च



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** आगामी लोकसभा चुनाव ,रमजान माह एवं त्योहारों को लेकर सोमवार को पुलिस प्रशासन की तरफ से सीआईएसएफ कंपनी को साथ लेकर नगर में फ्लैग मार्च निकल गया। फ्लैग मार्च मुंगरा बादशाहपुर थाने से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए मोहल्ला सिपाह, मछली शहर रोड, प्रतापगढ़ रोड, स्टेशन रोड समेत प्रयागराज रोड पर किया। थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि भीड़ वाले क्षेत्र में फ्लैग मार्च पैदल निकल गया है। पुलिस विभाग मेहनत, लगन व सचिन निष्ठा के साथ अपना कार्य कर रहा है। जिसमें आम जनता के सहयोग की जरूरत है। फ्लैग मार्च के दौरान कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। इस दौरान सीआईएसएफ के अधिकारी रमेश कुमार, उपनिरीक्षक राकेश राय ,एसआई राजेन्द्र प्रसाद,एसआई मनोज राय,एस आई तारकेश्वर दूबे ,उप निरीक्षक शतींद्र तिवारी,हेड कां विनोद कुमार, कांस्टेबल शिवकुमार प्रजापति, कांस्टेबल संतोष सैनी, कांस्टेबल प्रदीप यादव व हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अन्तर्गत गठित वीडियो निगरानी टीम को दिया गया प्रथम प्रशिक्षण



**प्रयागराज।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के सम्पन्न कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अन्तर्गत गठित वीडियो निगरानी टीम को आज कोषागार कार्यालय में प्रत्यूष कुमार, नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण तंत्र, मुख्य कोषाधिकारी, प्रयागराज एवं मधूलिका सिंह, सहायक नोडल अधिकारी, प्रयागराज द्वारा प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रथमतः नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण तंत्र, मुख्य कोषाधिकारी द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा राजनैतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशियों के निर्वाचन रैलियों से सम्बन्धित सभी वीडियों की रिकार्डिंग सही से लेने के साथ-साथ सम्बन्धित नियमों, आदेशों तथा निर्धारित प्रारूपों में भरे जाने वाले अभिलेखों के रख-रखाव के संबंध में सविस्तार प्रशिक्षित किया गया। उपरोक्त वीडियो निगरानी टीम को निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध अनुदेशों के सार-संग्रह की प्रतियां उपलब्ध कराते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया।

### जीशान अंसारी की गेंदबाजी से क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ सेमीफाइनल में

**प्रयागराज।** क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ ने रिजवी कप के लिए आयोजित 14वीं आबिश एवं शाकिब रिजवी स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल मैच में अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन को एक तरफा मुकाबले में 118 रन से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। विजेता टीम के जीशान अंसारी की सटीक गेंदबाजी (4.4 - 0 - 10 - 4) कर अपनी टीम को सेमीफाइनल में जगह दिलाई है। सोमवार को रिजवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ ने 30 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन ( करन सिंह 78, प्रियांशु पांडेय 54, रवि सिंह 24 रन, आदर्श मिश्रा 3/35, सुव्रत प्रसाद तिवारी 1/28, अखिल कुमार कश्यप 1/42 ) पर बनाए जवाब में अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन की टीम पूरी टीम 18.4 ओवर में 73 रन ( मो. तालिब 17, सुव्रत प्रसाद तिवारी 13 रन, जीशान अंसारी 4/10,अभिषेक कौशल 2/07, जमशेद आलम, 2/04, मुफ़ीस 1/17, अनुभव श्रीवास्तव 1/31 ) पर सिमट गई।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार महिला मंडल का संगठन विस्तार

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार महिला मंडल का संगठन विस्तार, सम्मान एवं आशीर्वाद समारोह हलवाई धर्मशाला नेता नगर कीडगंज में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महिला इकाई का विस्तार किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मेंसंगठन की संरक्षक एवं किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरी ने महिलाओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया और उनको आईडी कार्ड और माला पहनाकर शुभकामनाएं बधाई दी। मुख्य अतिथि ने किन्नर समाज के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो के बारे में भी बताया। विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा रहे। जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने संगठन में नवनियुक्त महिला महानगर अध्यक्ष अपूर्व चंद्रा महामंत्री रेनू राज सिंह, मंजू केसरवानी, उषा केसरवानी अध्यक्ष मुट्ठीगंज, निधि केसरवानी संगठन, मीनू गुप्ता अध्यक्ष, अंशु अग्रवाल महामंत्री, सरिता जायसवाल अध्यक्ष कटघर, अर्चना मौर्य अध्यक्ष प्रीतम नगर एवं अनेक पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। महिला जिला अध्यक्ष रतना जायसवाल ने अनेक महिलाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो और आगामी होने वाले कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की। क्षेत्रीय प्रभारी विपिन गुप्ता ने 17 मार्च को होने वाले प्रयागराज में प्रांतीय बैठक की रूपरेखा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष अपूर्व चंद्रा ने विश्वास दिलाते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया और भरोसा दिलाया कि वह दिए गए दायित्व ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

कार्यक्रम में चौक बाजार के अध्यक्ष श्याम जी केसरवानी, जीरो रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष रतनदीप केसरवानी, बहादुरगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामचंद्र साहू, हिम्मतगंज लूकरगंज के अध्यक्ष महेंद्र, जिला उपाध्यक्ष राम जी जैन, युवा जिलामंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, संगठन मंत्री रमन गुप्ता जय हिंद आदि अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। अंत में भारतीय जनता पार्टी के खुल्दाबाद मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता को धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

## आशा बहू कल्याण समिति द्वारा अपनी मांगों को लेकर किया गया प्रदर्शन



**आजमगढ़।** आशा बहू कल्याण समिति उत्तर प्रदेश द्वारा आजमगढ़ जिले में अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट क्षेत्र में प्रदर्शन किया गया। इसमें आशा बहू ने सबसे पहले कुंवर सिंह उद्यान पार्क में सैकड़ों की संख्या में जुट कर रणनीति तय की। इसके बाद नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतर गईं। अपनी एकता का दिखाते हुए सभी ने सरकार से अपनी मांगों पर मुखर आवाज उठाई। उन्होंने अपनी मांगों में प्रोत्साहन राशि को हटाकर निश्चित मानदेय देने की मांग की है और आशा बहू को 18 हजार और आशा संगीनियों को 24 हजार मानदेय देने की भी मांग की है। साथ ही मृतक आश्रित आशा संगिनी के परिवार को योग्यता होने पर आशा संगिनी पद पर चयन किए जाने व 24 घंटे की सेवा देने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से 50 लाख का बीमा कवर सहित राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सीमा सिंह जिला अध्यक्ष विभा राय जिला उपाध्यक्ष मीनू भारती सहित आशा चौहान,शकुंतला, पुष्पा राय, केवली देवी, मंसला प्रजापति, पूजा चौहान,सहित भारी संख्या में आशा बहुएं उपस्थिति रही।

# लालगंज के हजारो रामभक्तों ने किया श्री राम दर्शन’



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी लालगंज के जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में लोकसभा लालगंज की पांचों विधानसभाओं के सभी मंडल अध्यक्षों ने अपने बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओ को प्रभु श्री राम के दर्शन कराया गया। भारतीय जनता पार्टी लालगंज के जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि लालगंज जिले की पांचों विधानसभाओं के बाइसो मंडल अध्यक्ष के बूथ स्तर के राम भक्तो को प्रभु श्री राम के भव्य दर्शन कराने के लिए 100 से अधिक बस हर बाजार में लगा कर 5000 हजार से अधिक हमारे जिले के रामभक्तो ने अयोध्या जा कर प्रभु श्री राम के भव्य दर्शन किए। वार्ता के क्रम में सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि मैं अपने सभी कार्यकर्ताओ की ओर से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने ऐसे भव्य मंदिर का निर्माण करा कर हजारों हजार हिंदुओ की आस्था के प्रतीक प्रभु श्री राम के मंदिर को बनवाने का काम किया ।

पूर्व सांसद व लालगंज लोक सभा प्रत्याशी नीलम सोनकर ने कहा कि मेरी लोकसभा लालगंज के पांचों विधानसभाओं के हर मंडल के बूथ स्तर के कार्यकर्ता आज प्रभु श्री राम के नवनिर्मित मंदिर के दर्शन करने के लिए जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में हजारों की संख्या में जा कर प्रभु राम के भव्य दर्शन करेंगे। इस अवसर पर दर्शन अभियान के संयोजक ठाकुर प्रसाद सिंह,ब्लॉक प्रमुख पल्हना अनुराग सिंह सोनू,मंडल अध्यक्ष पल्हना विक्रांत सिंह,मंडल अध्यक्ष तहबरपुर आशुतोष राय,मंडल अध्यक्ष देवगांव सिधौना राजेश सिंह,मंडल अध्यक्ष लालगंज रजनीकांत त्रिपाठी,प्रवीण सिंह,रजनीश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

**आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने एसपी को पत्रक सौंप कर नौकरी दिलाने के नाम पर हड़पे गए रुपये वापस दिलाने और दोषी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग किया है। एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में जीयनपुर कोतवाली के चौकोखुर्द गांव निवासी कैलाश ने बताया कि उसके दो भाई राम विलास व कमलेश बेरोजगार हैं। जिन्हें सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर आशीष कौशल निवासी पारनकुंडा थाना कोतवाली जीयनपुर ने कुल 7.30 लाख रुपये वर्ष 2019 में लिया था। दो साल बाद 2021 में उसने दोनों भाईयों के नियुक्ति का फर्जी आई कार्ड तक बना कर दे दिया। आई कार्ड लेकर दोनों जब सचिवालय पहुंचे तो उसके फर्जी होने की जानकारी हुई। इसके बाद वे आशीष से पैसा वापस मांगने लगे। पहले वह आज-कल की बात कह कर टालता रहा।

## पुलिस द्वारा गुम हुए कुल 70 मोबाइल बरामद

**आजमगढ़।** पुलिस द्वारा जनपद में गुम हुए कुल 70 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमती लगभग 10 लाख रूपया) को सी0ई0आई0आर0 पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया । आज को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार आजमगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन द्वारा प्रत्येक बरामद एण्ड्रायड मोबाइल फोन के स्वामियो को सुपुर्द किया गया।

# केवल बुद्धि से व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण नहीं हो सकता: प्रो. सिंह

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** चुनावों में युवाओं की प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ÷मेरा पहला वोट देश के लिए÷ अभियान में बोलते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जीवन परफ़ार्मिंग आर्ट नहीं है। केवल बुद्धि से व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण नहीं हो सकता। जीवन में सफलता और सार्थकता का समावेश आवश्यक है। जीवन की सार्थकता केवल अवसर की उपलब्धता मात्र नहीं है। शील और मर्यादा हमारे व्यक्तित्व को गढ़ते हैं। हमें सावधानीपूर्वक लोकमत का परिष्कार करना चाहिए। लोकमत परिष्कृत होगा तो मतदाता सही निर्णय कर सकेंगे । हमें मतदान के लिए स्वयं प्रेरित होकर अन्यान्य को भी प्रेरित करना चाहिए।

प्रो. ऋषिकान्त पांडेय ने कहा कि आचरण और चरित्र से स्खलन ख़तरनाक होता है। ज्ञान और चरित्र एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बिना एथिक्स के चरित्र की कल्पना कठिन है। लोकतंत्र में मतदान का महत्व सर्वविदित है यह हमारी ज़िम्मेदारी भी है। डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि मतदान कर्तव्य और दायित्व दोनों है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि हम भारतीय उत्सव जीवी हैं। मतदान को भी उत्सव की तरह जीना चाहिए। चंद्रशेखर आज़ाद उद्यान के गंगा नाथ झा परिसर सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत डॉ. तेज प्रकाश जी ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीष गौतम ने किया।

## संगोष्ठी आज

**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी उ0 प्र0, प्रयागराज के तत्वावधान में ठाकुर प्रसाद सिंह शताब्दी वर्ष के अवसर पर दिनांक 05 मार्च 2024, मंगलवार, अपराहन 3:00 बजे गाँधी सभागार, हिन्दुस्तानी एकेडेगी उ0 प्र0, प्रयागराज में ठाकुर प्रसाद सिंह व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. कैलाश नारायण तिवारी पूर्व आचार्य हिन्दी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली एवं डॉ. उमेश प्रसाद सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार चन्दौली, डॉ. सुनील विक्रम, आचार्य हिन्दी विभाग इलाहबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं डॉ. संजय गौतम, राजभाषा अधिकारी, वाराणसी सम्मानित वक्ता के रूप में प्रतिभाग करेंगे।

# नि:युद्ध मार्शल आर्टस बेल्ट परीक्षा परिणाम सफलतापूर्वक घोषित

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** निःयुद्ध मार्शल आर्ट्स द्वारा आयोजित बेल्ट परीक्षा वेद भवन अलोपीबाग में आयोजित हुई।गोरखपुर एवं वाराणसी से आए मुख्य परीक्षक राजेंद्र राय एवं धीरेंद्र प्रताप, सहायक परीक्षक गायत्री मिश्रा, नैंसी और योगेंद्र प्रताप ने बेल्ट परीक्षा ली। जिसमें की विभिन्न कलर बेल्ट परीक्षा में खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता, सेल्फ डिफेंस और फाइट टेक्निक एवं विभिन्न प्रकार की परीक्षा ली गई। इसमें प्रतिभागियों ने भाग लिया। येलो बेल्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी कुमारी आध्या राय, प्रीषा सिंह, अनाधांत शुक्ला आराध्या राय, आस्था गायकवाड रहे। ग्रीन बेल्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया रुद्र ने, ब्राउन बेल्ट उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागी रितु पटेल, सवित्र निषाद, विभा पटेल रहे। नि युद्ध मार्शल आर्ट्स द्वारा द्वारा इस प्रकार की परीक्षा को समय- समय पर कराया जाता है। जिससे की बच्चों के अंदर की प्रतिभा को निखारा जा सके। तत्पश्चात कमजोर बच्चों को प्रशिक्षण देकर दक्ष एवं कुशल बनाया जा सके जिससे कि विषम परिस्थितियों में वह अपनी आत्मसुरक्षा स्वयं कर सकें। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट के साथ बेल्ट भी प्रदान किया गय। जिसमें सामवेद के पंडित हरिओम मिश्रा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रियंका सिंह, प्रशांत मिश्रा, मो वलीउल्ल, सुनील कुमार सिंह नि युद्ध मार्शल आर्ट्स के मुख्य कोच दिनेश राय

## एनएआर इंडिया और जीएआर ने नार्विगेट 2024- ट्रांसफॉर्मेटिव रियल एस्टेट पैन इंडिया कन्वेंशन में अभूतपूर्व सफलता की घोषणा की

नार्विगेट 2024 - एक अभूतपूर्व इंडस्ट्रीयल रियल एस्टेट कन्वेंशन और वेयरहाउसिंग कॉन्क्लेव÷ के रूप में एनएआर इंडिया और जीएआर के ऐतिहासिक गठबंधन ने



एक अद्वितीय सफलता हासिल की है, जिसका आयोजन गोवा की मनमोहक पृष्ठभूमि पर किया गया। 29 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित हुए इस कार्यक्रम ने न केवल 16वें एनएआर-इंडिया नेशनल कन्वेंशन को चिन्हित किया बल्कि संगठन की ऐसी शक्ति के रूप में प्रमाणित कर स्थापित किया जो परिवर्तन लाने में सक्षम है। इसमें पूरे भारत और दुनिया भर से 1200 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स, दूरदर्शी और एक्सपर्ट्स एक मंच पर इकट्ठा हुए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने अपने संबोधन में इस बात पर बल देते हुए कहा कि रियल एस्टेट भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली आधार शिला के रूप में कार्य करता है और एक दूरदर्शी सोच रखने वाली सरकार के साथ उन्नाति और नवाचार, आवश्यक और प्राप्त करने योग्य है।÷ इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस तरह की सभाएं व्यावसायिक गतिविधियों और क्षेत्र विशेष के लेनदेन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

विशेष अतिथि के रूप में परिवहन मंत्री श्री मॉविन गोडिन्हो ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, %गोवा रियल एस्टेट क्षेत्र में एक केंद्र बिंदु के रूप में उभर रहा है। हम महत्वपूर्ण विकास की सीमा पर होने से बेहद खुश हैं। विकास के इस स्तर तक पहुंचने और गोवा में इतने बड़े पैमाने पर कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए मैं जीएआर और एनएआर-इंडिया जैसे संगठनों की सराहना करता हूं। इस तरह की पहल न केवल गोवा के विकास में योगदान देगी बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगी।

एनएआर-इंडिया ने नॉर्थईस्ट फ्लोरिडा एसोसिएशन ऑफ रीयलटर्स (यूएसए), ग्रेटर बर्गेन रीयलटर्स (यूएसए) और थाई रियल एस्टेट सेल्स एंड मार्केटिंग एसोसिएशन (थाईलैंड) जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेडिंग्स (एमओयू) की घोषणा कर वैश्विक सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया है। इन साझेदारियों का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर रियल एस्टेट प्रोफेशनल्स के बीच व्यवसाय का विकास करना, शिक्षा और जागरूकता को बढ़ाना है।

## लखनऊ में अपने रीडिस्कवर रोडशो के दौरान थर्मेक्स ने उत्तर प्रदेश में उद्योगों के लिए अत्याधुनिक एनर्जी ट्रांजिशन सॉल्यूशंस पेश किए

**लखनऊ।** ऊर्जा एवं पर्यावरण संबंधी समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी थर्मेक्स ने लखनऊ में आयोजित थर्मेक्स रोडशो रीडिस्कवर के दौरान उत्तर प्रदेश में उद्योगों के लिए अपने नवीनतम इनोवेशन एवं ग्रीन ऑफरिंग्स को प्रदर्शित किया। रीडिस्कवर रोडशो कंपनी की तरफ से अपनी तरह




का पहला नॉलेज इवेंट है। एक्पोर्ट प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स 2022 के अनुसारदेश में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग 7वीं है। इसके साथ-साथ डीपीआईआईटी ने लॉजिस्टिक्स ईज के मामले में लैंडलॉक्ड स्टेट्स में से उत्तर प्रदेश को एचीवर के रूप में चिह्नित किया है।[1]राज्य के बेहतर होते इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं कारोबारी माहौल को देखते हुए यहां मैन्यूफैक्चरिंग एवं प्रोसेसिंग उद्योग की रुचि बढ़ रही है।

स्वच्छ ऊर्जा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की दिशा में भी उत्तर प्रदेश दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है, जो कार्बन उत्सर्जन कम करने के भारत के लक्ष्य के अनुरूप है। राज्य के उद्योग ज्यादा दक्ष ऊर्जा व्यवस्था (इफिशिएंट एनर्जी प्रैक्टिसेज) को अपनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में उद्योगों द्वारा एनर्जी ट्रांजिशन की दिशा में बढ़ाए जा रहे कदमों को ध्यान में रखते हुए थर्मेक्स के रीडिस्कवर रोडशो में कई ऐसे अत्याधुनिक साल्यूशन एवं एडवांस्ड टेक्नोलॉजी की पेशकश की गई, जिनसे राज्य में स्वच्छ ऊर्जा के प्रयोग के लक्ष्य को पूरा करना संभव हो सकेगा।

## OPPO ने किया F25 Pro लॉन्च: फ्रंट और बैक दोनों कैमरों पर 4K रिकॉर्डिंग के साथ सबसे स्लिम IP65 रेटेड 5G स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** OPPO इंडिया ने F25Pro 5G को दो स्टोरेज वेरिएंट में लॉन्च किया है। पहला मात्र 23,999 रुपये में (128 जीबी) और दूसरा 25,999 रुपये में (256जीबी) मिल सकेगा। यह स्मार्टफोन जो नए लावा रेड रंग में मिलेगा, उसमें फ्रंट और रियर शूटर पर 4K वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 64MP का रियर ट्रिपल-कैमरा सेटअप है। साथ ही 6.7 इंच बॉर्डरलेस एमोलेड डिस्प्ले, ऑक्टा-कोर डाइमेंसिटी 7050 SoC और 67W 5000mAh तेजी से चार्ज होने वाली बैटरी दी गई है। इतना ही नहीं इसमें द्बक्क65 रेटिंग है तथा इसमें 7.54 मिमी की पतली Proफ़ाइल है और स्केल सिर्फ 177 ग्राम पर झुका हुआ है। लॉन्च के बारे में बताते हुए, ओप्पो इंडिया में Proडक्ट कम्युनिकेशंस के डायरेक्टर, सवियो डिसूजा ने कहा, OPPO F25 Pro 5G फ्रंट और रियर दोनों कैमरों पर 4K वीडियो रिकॉर्डिंग, एक मजबूत, साफ सुथरा बॉर्डरलेस डिस्प्ले आदि कई प्रीमियम सुविधाओं से बना है। साथ ही इसमें सेगमेंट में



सबसे तेज फोटोग्राफी और दक्षता के लिए स्मार्ट एआई प्रौद्योगिकियां दी गई है। इतना ही नहीं अपनी पतली, हल्की, टिकाऊ बनावट के साथ F25 Pro 5G उन लोगों के लिए एकदम सही विकल्प है जो एक दमदार और स्टाइलिश अपग्रेड चाहते हैं और जो #BornToFlaunt है। F25 Pro 5G का 120H5 एमोलेड डिस्प्ले 93.4% स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात के लिए बिल्कुल बारीक बेजल्स के साथ आता है, जिससे बॉर्डर लगभग न के बराबर दिखाई देगा। इसकी 10-बिट कलर टेक्नोलोजी दृश्यों में प्राकृतिक ग्रेडिएंट के लिए 1 बिलियन से भी ज़्यादा रंगों और टोन की अनुमति देती है, जबकि 1100 निट्स की इसकी सबसे तेज ब्राइटनेस बारीकियों के साथ एचडीआर कंटेंट तय करती है।

इसकी स्क्रीन पर पांडा ग्लास लगा कर इसे सुरक्षित किया गया है, जो इसे लंबे समय तक चलने और खरोंच न लगने की क्षमता को बढ़ाने के लिए दोगुना मजबूती देता है। इसकी बॉडी पीसी-जीएफ - एक पॉलीकार्बोनेट रेज़िन से बनी है, जिसे सुदृढ करने के लिए सामग्री के रूप में ग्लास फाइबर के साथ मिलाया जाता है।

## लखनऊ में मचा रंगों का धमाल! शालिमार कलरथॉन ने रचा कला, संस्कृति और रचनात्मकता का संगम

**लखनऊ।** राजधानी में रविवार को गोमती नगर स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क में शालिमार कॉर्प के सहयोग से कलरथॉन द्वारा



बहुप्रतीक्षित आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सभी उम्र के लोगों के लिए एक नया और रोमांचक अनुभव था, जहां कला की सुंदरता का जश्न मनाया गया। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव श्री मुकेश मेश्राम और कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर, लखनऊ की डीन प्रोफेसर वंदना सहगल ने मिलकर कैनवास पर रंग लगाकर इस आर्ट फेस्टिवल की शुरुआत की। इस मौके पर मशहूर वैज्ञानिक श्री मिलिंद राज, शालिमार कॉर्प के डायरेक्टर कुणाल सेठ, कलरथॉन फाउंडेशन के संस्थापक गौरव प्रकाश, श्री भूपेश राय, श्री अहमद और श्री शम्स भी मौजूद थे। 7 हॉर्स कम्युनिकेशंस इस कार्यक्रम के पीआर पार्टनर रहे। ये कार्यक्रम सही मायनों में एक यादगार आयोजन रहा। भारत के ड्रोन मैन श्री मिलिंद राज ने हैरतंगेज रोबोटिक आर्ट इवेंट का नेतृत्व किया। इस उत्सव में हर उम्र के लोगों ने कला की खूबसूरती का आनंद लिया। लाइव प्रदर्शन, प्रसिद्ध कलाकारों के साथ बातचीत करने का अवसर और हैंड्स-ऑन पेंटिंग सेशन इस आर्ट फेस्टिवल के मुख्य आकर्षण बने रहे। इसके अलावा, लाइव म्यूजिक और नृत्य कार्यक्रमों ने उत्सव और सौहार्द के वातावरण के आनंद को कई गुना बढ़ा दिया। शालिमार कॉर्प के निदेशक कुणाल सेठ ने कहा, शालिमार कलरथॉन कार्यक्रम बहुत ही शानदार रहा। हर कोई खुशी से झूम रहा था। एक भरोसेमंद रियल-एस्टेट ब्रांड होने के नाते, हम हमेशा अपने प्रोजेक्ट्स में कला का समावेश करते हैं। हम चाहते हैं कि लोग हमारे बनाए घरों में अपने आपको रंगों की जीवंतता से घिरा हुआ महसूस करें।

## श्याम स्टील ने अत्याधुनिक सुविधाओं वाले इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** देश में स्टील इंडस्ट्री के एक प्रतिष्ठित नाम श्याम स्टील ने आज पश्चिम बंगाल की माननीय मुख्यमंत्री, सुश्री ममता बनर्जी की वर्चुअल तरीके से मौजूदगी में



आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान जेएसके-2, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल में अपने चैथे इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के उद्घाटन के साथ उत्कृष्टता की अपनी विरासत को जारी रखा है। 1953 में स्थापित श्याम स्टील ने लगातार उत्कृष्टता की मिसाल कायम की है, और यह नया उद्यम इसके अब तक के शानदार सफर में एक और बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर श्याम स्टील इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर, श्री पुरूषोत्तम बेरीवाला ने कहा हम हमेशा से ही विकास और इनोवेशन के लिए प्रयासरत रहे हैं, और रघुनाथपुर स्टील प्लांट का उद्घाटन इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। सुनियोजित तरीके से किया गया यह विस्तार हमारी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने और हमारे मूल्यवान ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के हमारे अति महत्वपूर्ण लक्ष्य के अनुरूप है।

श्याम स्टील इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर, श्री ललित बेरीवाला ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपना उत्साह जाहिर करते हुए कहा स्थानीय समुदायों की स्थिति को बेहतर बनाने के साथ-साथ भारत की औद्योगिक प्रगति में योगदान देना हमेशा से ही हमारा विजन रहा है।

## रीजेंसी हॉस्पिटल सफल TAVR प्रक्रिया के साथ स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज प्रोग्राम शुरू करने वाला कानपुर का पहला प्राइवेट हॉस्पिटल बना

**कानपुर।** त्तर प्रदेश के कानपुर में रीजेंसी हॉस्पिटल लिमिटेड ने ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट प्रक्रिया के सफल समापन के साथ हार्ट केयर (हृदय देखभाल) में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर वाल्वुलर हृदय रोगों के ट्रांसकैथेटर मैनेजमेंट के लिए एक समर्पित स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज प्रोग्राम का संचालन करने वाला कानपुर क्षेत्र का पहला प्राइवेट हॉस्पिटल बन गया है। रीजेंसी हॉस्पिटल में इंटरवेंशन कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अभिनीत गुप्ता के नेतृत्व में संचालित की जा रही TAVR प्रक्रिया एडवांस्ड कार्डिएक केयर (हृदय देखभाल) प्रदान करने के लिए हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता में एक नया कीर्तिमान है। रीजेंसी हॉस्पिटल में इंटरवेंशन कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अभिनीत गुप्ता ने इस बारे में कहा, "TAVR प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम देकर हमें कानपुर में अपने मरीजों के लिए अत्याधुनिक हृदय संबंधी इलाज उपलब्ध कराने पर गर्व है। यह उपलब्धि मरीज के सेहत के परिणामों में सुधार के लिए नवीनतम मेडिकल टेक्नोलॉजी और पर्सनल



केयर की पेशकश के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है। हम अपने समाज में हृदय संबंधी देखभाल को बेहतर बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि मरीजों को सभी तरह के नए इलाज उपलब्ध हों। TAVR एक न्यूनतम चीरफाड़ वाली प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया एओर्टिक (महाधमनी) स्थिति में संकुचित और अपक्षयी हार्ट वाल्वों के इलाज के लिए डिज़ाइन की गई है। लोकल एनेस्थीसिया के तहत की जाने वाली इस प्रक्रिया में एक समर्पित हृदय टीम शामिल होती है जिसमें इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, कार्डियक सर्जन, कार्डियक एनेस्थेटिस्ट और कार्डियक रेडियोलॉजिस्ट शामिल होते हैं। TAVR से मरीज की कमर में एक बड़ी रक्त वाहिका में डाले गए कैथेटर का उपयोग करके एओर्टिक वाल्व को इंप्लांट किया जाता है।

## कॉर्पोरेशन अमोंग कोऑपरेटिव की भावना से मजबूत होगा सहकारिता आंदोलन

**लखनऊ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में शहरी सहकारी बैंकों के अम्ब्रेला संगठन, नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनयुसीएफडीसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अमित शाह




ने कॉर्पोरेशन अमोंग कोऑपरेटिव की भावना को मजबूत करने पर बल दिया।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि, जब तक सहकारी संस्थाओं के बीच सहकार और परस्पर आगे बढ़ाने की ताकत नहीं दी जाएगी, तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होंने कहा कि लगभग 20 साल के संघर्ष के बाद आज नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की स्थापना हो रही है और ये हम सबके लिए बहुत शुभ दिन है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि पहले सहकारिता मंत्रालय और सहकारिता क्षेत्र अनेक मंत्रालयों में बिखरा हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज़ादी के 75 वर्षों के बाद अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकारिता को एक नया जीवन दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को एक अंब्रेला, सहकारिता मंत्रालय के रूप में मिला है। अमित शाह ने कहा कि सवा सौ साल तक सहकारिता क्षेत्र जूझता रहा और अपने अस्तित्व को बचाता रहा, लेकिन अब सरकारी व्यवस्था के सहयोग से ये द्रुत गति से चलेगा और देश के अर्थतंत्र में अपना सम्मान हासिल करेगा। साथ ही सहकारिता आंदोलन को जन आंदोलन के स्वरूप में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, भारत जैसे विशाल देश में विकास का पैरामीटर सिर्फ आंकड़े नहीं हो सकते, बल्कि देश के विकास में कितने लोगों की सहभागिता है, ये बहुत बड़ा पैरामीटर होना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि ये अंब्रेला संगठन समय की ज़रूरत था और सेल्फ-रेगुलेशन के लिए एक प्रकार की नई शुरूआत है। उन्होंने कहा कि इस संगठन के बनने के बाद देश में अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों का विकास कई गुना बढ़ जाएगा। हमारी विश्वसनीयता के लिए बेहद ज़रूरी है कि हम खुद को अपग्रेड करें और भारतीय रिज़र्व बैंक के सभी नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अगर हम ऐसा नहीं करते तो आने वाले समय में स्पर्धा में नहीं टिक सकेंगे। अमित शाह ने कहा कि अंब्रेला संगठन का एक प्रमुख काम बीआर एक्ट के लिए छोटे से छोटे बैंक को तैयार करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें हर शहर में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक खोलने का लक्ष्य रखकर आगे बढ़ना चाहिए।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कोऑपरेटिव फाइनेंस में अच्छा काम करने वाली क्रेडिट सोसाइटी को बैंक में कन्वर्ट करने के लिए इस अंब्रेला संगठन को एक व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ह्वष्टस्नष्ठष्ट का एक उद्देश्य क्रेडिट सोसाइटीज और अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की सेवाओं और संख्या में विस्तार करना भी होना चाहिए। हमें एक समयबद्ध कार्यक्रम बनाना चाहिए कि हर शहर में एक अर्बन कोऑपरेटिव बैंक कैसे बने। साथ ही कोऑपरेटिव मूवमेंट को जिंदा रखने के लिए इसे प्रासंगिक भी बनाना होगा और उसका विस्तार भी करना होगा। उन्होंने कहा कि अंब्रेला संगठन से छोटे बैंकों को कई प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी, बैंकों और रेगुलेटर के बीच संवाद का काम भी सुचारू संवाद का काम भी यह अंब्रेला ऑर्गेनाइजेशन करेगा। उन्होंने कहा कि इस संगठन को हमारी सीमाओं को व्यापक और सर्वस्पर्शीय बनाने का काम करना है।

## अयोध्या में मोरारी बापू की श्रीराम कथा का समापन

**अयोध्या।** श्रीराम की अवतरण भूमि अयोध्या से प्रवाहित रामकथा का रविवार को समापन हो गया। नौवे दिन न्यास कमेटी के आदरणीय चंपत राय ने अपने भाव को रखते हुए कहा कि जहां कथा चल रही है वह अयोध्या



का सुनसान स्थान है। बगल में मणि पर्वत नाम का स्थल है जहां एक महीने का झूला मेला लगता है। क्योंकि चैत्र माह में भगवान का प्रागट्य होने के बाद सावन में भगवान चार महीने के होते हैं सब लोग अपने-अपने झूले को लेकर बड़ी मात्रा में इकट्ठा होते हैं और बाकी सुनसान सड़क है, लेकिन आज इसी स्थान में राम कथा ने इस वीरान भूमि प्रभु के नाम से जागृत कर दिया। कथा के अंतिम दिन मुरारी बापू ने श्रीराम के चरणों में प्रणाम करते हुए कहा की मानस राममंदिर केवल अयोध्या का नहीं, यह मेरे अंतःकरण की प्रवृत्ति का निवेदन है,केवल पृथ्वी का मंदिर भी नहीं,यह त्रिभुवन का मंदिर है। यहां ध्वजा फहरेगी तो आसमान झुकेगा,घंटनाद होगा तो देश नृत्य करेगा। यह रामचरितमानस राम मंदिर है। एक ही सत्य को अनेक कोने से,अनेक रूप से देखते हैं,परिक्रमा करते हैं। ये त्रिभुवन गुरु शिव ने गाया है। जैसे पहले बताया था कि मंदिर की नींव होती है, द्वार,गर्भ गृह, शिखर और दंड होता है, ध्वजा फहरती है। सातों सोपान में बालकांड नींव है। अयन का मतलब धाम,मंदिर,भवन,प्रासाद होता है। कुंद इंदू सम देह उमा रमन करुना अयन। यह करुणा,कृपा दया का धाम है।। तो बालकांड में जड़ चेतन का उत्साह राममंदिर की नींव है।। दर्शन करके कल लगा की पूर्णतया प्राण उतर चुके हैं। अयोध्या कांड प्लिंथ है।।हम सब का प्रेम अयोध्या कांड में गाया गया है।। कभी-कभी उत्साह बहुत होता है लेकिन प्रेम नहीं होता।। प्रेम है मार्ग वैराग का, प्रेम है द्वार विरक्ति का।।अगली-933 वीं रामकथा 23 मार्च से रवेची माताजी के आंगन में रवेची मंदिर-रव,मोटी रापर(कच्छ-गुजरात) से प्रवाहित होने जा रही है।

## एमजी मोटर इंडिया ने लांच किए न्यू हेक्टर वैरिएंट्स शाइन प्रो और सेलेक्ट प्रो




**लखनऊ।** एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी - एमजी हेक्टर के दो नए वैरिएंट लांच करने की घोषणा की है। शाइन प्रो और सेलेक्ट प्रो नाम के नए वैरिएंट्स में सुरक्षा और ड्राइविंग सुविधा के साथ-साथ कई नए फीचर्स और सहज तकनीक शामिल हैं। सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ पेशकश और अद्वितीय डिजाइन तत्वों के साथ मानकीकृत/स्टैंडर्डराइज्ड बोल्ड-स्ट्राइकिंग एक्सटीरियर और इंटीरियर के साथ, एमजी हेक्टर अब 13.99’ लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की आकर्षक कीमत पर शुरू होती है। एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने बताया कि एमजी हेक्टर ने अपनी साहसिक/बोल्ड अभिव्यक्ति के साथ प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। साथ ही, एडीएएस लेवल 2 और कनेक्टेड फीचर्स व ढेर सारी तकनीकी सुविधाओं और बेहतर ड्राइविंग आराम/कम्फर्ट के साथ, एमजी हेक्टर ने एसयूवी परिदृश्य को पुनर्भाषित किया है। प्रत्येक आगामी संस्करण ने आराम, उन्नत तकनीक और एर्गोनोमिक डिज़ाइन का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण पेश करके सेगमेंट में नए मानक स्थापित किए हैं। हमारे मार्केट रिसर्च, इंडस्ट्री एनॉलिसिस और कस्टमर फीडबैक की इनसाइट्स का उपयोग करते हुए हम दो लेटेस्ट वैरिएंटस प्रस्तुत किए हैं। हमने एसयूवी उत्साही लोगों के लिए पॉवर और परफॉर्मेंस से भरपूर एक उन्नत ड्राइविंग अनुभव देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है।

अपने डुअल पैन पैनोरमिक सनरूफ’ जैसी सर्वश्रेष्ठ पेशकशों के साथ एमजी हेक्टर एसयूवी उत्साही लोगों के लिए एक बेहतरीन मूल्य प्रस्ताव है, जो अपने वाहनों में प्रौद्योगिकी और शीर्ष प्रदर्शन पसंद करते हैं। दोनों नए वैरिएंट शाइन प्रो और सेलेक्ट प्रो भारत के सबसे बड़े 14-इंच एचडी पोर्ट्रेट इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो और एक वायरलेस फोन चार्जर के साथ एक बेहतर इन-कार इंफोटेनमेंट अनुभव प्रदान करते हैं।

हेक्टर के नए वैरिएंट्स में एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप, फ्लोटिंग लाइट टर्न इंडिकेटर, एलईडी ब्लेड कनेक्टेड टेल लैंप, क्रोम आउटसाइड डोर हैंडल शामिल हैं। प्रीमियम अपहोल्स्ट्री और लेदर रैप्ड स्टीयरिंग में ऑल ब्लैक थीम के साथ, ब्रश मेटल फिनिश (सीवीटी 5-सीटर) के साथ शाइन प्रो और सेलेक्ट प्रो दोनों वैरिएंट 17.78 सेमी एंबेडेड एलसीडी स्क्रीन के साथ फुल डिजिटल क्लस्टर के साथ आते हैं। आराम और सुविधा के मोर्चे पर शाइन प्रो और सेलेक्ट प्रो स्मार्ट कुंजी के साथ पुश बटन इंजन स्टार्ट/स्टॉप प्रदान करता है। नए वैरिएंट सेगमेंट में पहली बार डिजिटल ब्लूटूथ0 की (कुंजी/ज्ञमल) और की साझा करने की क्षमता’ भी प्रदान करते हैं।

हेक्टर के नए वैरिएंट्स प्रमुख सुविधा और सुरक्षा सुविधाएं भी प्रदान करते हैं। इनमें क्रूज़ कंट्रोल’, इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक,’ ऑल फोर-व्हील डिस्क ब्रेक, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम (ईएसपी), ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम (टीसीएस), हिल होल्ड कंट्रोल (एचएसी), एबीएस, .ईबीडी, ब्रेक असिस्ट, सभी सीटें सीटबेल्ट रिमाइंडर, फॉलो मी होम हेडलैंप, कॉर्नरिंग फ्रंट फॉग लैंप, फ्रंट और रियर डिफॉगर, स्पीड सेंसिंग ऑटो डोर लॉक, आईएसओफिक्स चाइल्ड सीट एंकर और हाई स्पीड वार्निंग अलर्ट जैसे प्रमुख सुरक्षा फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा, सेलेक्ट प्रो में 18÷ डायमंड कट अलॉय व्हील हैं, जबकि शाइन प्रो में 17÷ सिल्वर अलॉय व्हील हैं। एमजी ने शाइन प्रो को क्रमशः 15,99,800’ लाख’ रुपये और सेलेक्ट प्रो को 17,29,800’ लाख रुपये (एक्स-शोरूम) पर पेश किया है।

## अंकित तिवारी उप्र युवा कांग्रेस मध्य के कार्यवाहक अध्यक्ष बने



**अंकित तिवारी उप्र युवा कांग्रेस मध्य के कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त**

**लखनऊ।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी0वी0 जी ने अंकित तिवारी को उ0प्र0 युवा कांग्रेस मध्य का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि श्री अंकित तिवारी इसके पहले युवा कांग्रेस के लखनऊ के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव रहते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा पार्टी के कार्यक्रमों एवं आन्दोलनों में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया है।

निवास बी0वी0 ने आशा की है कि अंकित तिवारी पूरी ताकत के साथ पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी, श्रीमती सोनिया गांधी जी, श्री राहुल गांधी जी के ऊर्जावान नेतृत्व में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## सैमसंग ने गैलेक्सी F15 5G का किया अनावरण

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने गैलेक्सी F15 5G के लॉन्च का एलान कर दिया है। यह पहले के फ़ोनों से अलग तरह का फ़ोन है और यूजर्स को कई सेगमेंट-विशिष्ट खास फीचर्स के साथ एक बेहतर स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करेगा। गैलेक्सी F15 5 अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ 6000mAh बैटरी और इस सेगमेंट की अन्य विशिष्ट खूबियों, जैसे कि एसएमोलेड (सुपर एमोलेड) डिस्प्ले, 4 जेनरेशन एंड्रॉइड अपग्रेड और पांच वर्ष तक सिक्योरिटी अपडेट्स के कारण सबसे ख़ास है। इन खूबियों के साथ यूजर आने वाले कई वर्षों तक नवीनतम खूबियों और बेहतर सुरक्षा का आनंद उठा सकते हैं।

सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के वाईस प्रेसिडेंट, आदित्य बब्बर ने कहा गैलेक्सी F15 5 का लॉन्च, 2024 में गैलेक्सी स्न सीरीज स्मार्टफोन की हमारी पहली पेशकश है। यह लॉन्च दमदार उपकरणों के जरिए अपने ग्राहकों के जीवन को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। गैलेक्सी F15 5 का लॉन्च उपयोगी इनोवेशन




के प्रति हमारे अटूट समर्पण को दर्शाता है जो यूजर्स को अपनी पूरी क्षमता को अनलॉक करने में समर्थ बनाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि, ÷एसएमोलेड डिस्प्ले, 4 जेनरेशन एंड्रॉइड अपग्रेड ,पांच साल तक सिक्योरिटी अपडेट और 6000mAh की सेगमेंट बेस्ट बैटरी जैस सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स के साथ हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि गैलेक्सी स्न15 5त्र के साथ यूजर्स, खासकर नई पीढ़ी के तेज़-तर्रार जीवन जीने वाले यूजर्स को स्मॉर्टफोन इस्तेमाल करने का शानदार अनुभव मिले।÷

### डिज़ाइन और डिस्प्ले

गैलेक्सी F15 5 प्रीमियम सिग्नेचर गैलेक्सी लुक के साथ दिखने में शानदार है। गैलेक्सी F15 5 में शानदार व्यूइंग अनुभव के लिए सेगमेंट-ओनली 6.5÷ एसएमोलेड (सुपर एमोलेड) डिस्प्ले दिया गया है। एसएमोलेड डिस्प्ले के साथ, सोशल मीडिया फ़ीड के जरिए स्क्रॉल करना तकनीक-प्रेमी जेन जेड और मिलेनियल ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव देता है। यह तेज धूप में भी स्पष्ट दिखाई देता है। ऐश ब्लैक, ग्रूवी वॉयलेट और जैज़ी ग्रीन रंगों में उपलब्ध, गैलेक्सी F15 5 हर शैली से मेल खाने के लिए रंगों के कई विकल्प प्रदान करता है।

### बैटरी

गैलेक्सी F15 5 सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ 6000 एमएएच बैटरी के साथ आता है जो इस स्मार्टफोन को दो दिनों तक पावर दे सकता है। इससे उपयोगकर्ता अपने पसंदीदा मनोरंजन का आनंद ले सकते हैं। इसके अलावा, 25W सुपर-फास्ट चार्जिंग डिवाइस को जल्द चार्ज करती है, जिससे आप पूरे दिन कनेक्टेड और प्रोडक्टिव बने रहें।

### प्रोसेसर

शानदार सेगमेंट-ओनली फीचर्स के साथ गैलेक्सी F15 5 में मीडियाटेक डाइमेंशन 6100+ चिपसेट लगाया गया है। ये तमाम बड़े कामों को आसानी से संभालने में सक्षम है। इसके अलावा, यह रैम प्लस फीचर के साथ आता है जो 12 जीबी तक का अतिरिक्त वर्चुअल रैम प्रदान करता है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी ऐप सुचारू रूप से काम कर सकें। यह प्रोसेसर डिवाइस की मल्टीटास्किंग क्षमताओं को बढ़ाता है।

# शिक्षकों ने दिया ज्ञापन




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सोमवार को शिक्षकों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश को संबोधित खंड शिक्षा अधिकारी अमेठी को सौंपा। सोमवार को स्थानीय विकासखंड के शिक्षक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश शुक्ल की अगुवाई में बीआरसी पर एकत्रित हुए और एक ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को दिया। जिसमें कहा गया है कि शासन की ओर से शिक्षकों को एक टैबलेट उपलब्ध कराया गया है विभागीय अधिकारियों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है कि शिक्षक छात्रों की उपस्थिति और मध्यान भोजन का विवरण ऑनलाइन टैबलेट पर उपलब्ध कराएं। शिक्षकों का यह भी कहना है कि विभाग की ओर से उन्हें कोई सिम कार्ड नहीं दिया गया है विभागीय अधिकारी दबाव बना रहे हैं की शिक्षक अपनी आईडी पर सिम कार्ड खरीद कर उसका प्रयोग करें जो नियम विरुद्ध है। वहीं शिक्षकों ने यह भी मांग की है कि राज्य कर्मचारियों की तरह इन्हें भी कलेंडर वर्ष में 31 दिन का उपार्जित अवकाश दिया जाए। प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को अवकाश और अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य हो। साथ ही शिक्षकों का उत्पीड़न बंद कराए जाने की मांग की गई है। मांग पत्र में यह भी कहा गया है कि शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व और सचिव बेसिक शिक्षा के मध्य अक्टूबर और नवंबर 2023 में हुई वार्ता के बाद शिक्षकों की मांगों को लेकर एक समिति बनाई गई थी। चार माह बीतने के बाद भी अभी तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई है यदि शिक्षकों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ और शिक्षकों की मांगे पूरी नहीं की गई तो शीघ्र ही शिक्षक बीएसए कार्यालय और निदेशालय पर धरना देने को मजबूर होंगे। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी सदाशिव पांडे राकेश तिवारी संतोष यादव सहित तमाम शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।

# न्याय चला निर्धन के द्वार जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया देवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय परिसर से रवाना किया।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है जिसके लिए आमजनमानस अपने सुलहनीय वादों को निस्तारित करावें। वही छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते है। न्याय चला निर्धन के द्वार के उद्देश्य को अपनाकर प्रचार वाहन के द्वारा गरीबों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने व विधिक जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत मे निस्तारित होने वाले वादों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार दूबें द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी व सम्बन्धित विभाग से एक साथ आगे आने का आह्वान किया। सचिव ने कहा कि प्रचार वाहन के द्वारा आम जनमानस को अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर उसे निस्तारित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एनआईएक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस से संबंधित मामलें, राजस्व एवं सिविल वाद एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाना हैं। इस अवसर पर अपर जिला जज छाया नैन, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी लोक अदालत संजय कुमार सिंह, अपर जिला जज मनोज तिवारी, अपर जिला जज मृदांशु कुमार, अपर जिला जज जगन्नाथ, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुंदरपाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट, बैंक कर्मी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**अमेठी।** विश्वकर्मा सेवा समिति और महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नगर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वर्गीय देवी प्रसाद विश्वकर्मा की पुण्यतिथि पर उनके दोनों बेटों और दोनों बेटियों ने आज रक्तदान करके अपने पिता को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा करके उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। समिति के सचिव निर्मल विश्वकर्मा ने कहा रक्तदान का यह सिलसिला जो आज शुरू किया गया है इसे रुकने नहीं देना है इसे निरन्तर चलाना है और गति देना है। एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि रक्तदान से हम दूसरों का जीवन बचाते हैं। यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कर्म है। रक्तदान करने वालों में गोविंद विश्वकर्मा रविंद्र विश्वकर्मा निशा विश्वकर्मा वेद प्रकाश विश्वकर्मा मनोज विश्वकर्मा सजन लाल विश्वकर्मा अरुण कुमार मौर्य शिव शंकर विश्वकर्मा निर्मल कुमार विश्वकर्मा रामकिशोर विश्वकर्मा विजय मिश्र नितेश कनौजिया दुर्गेश विश्वकर्मा अभिमन्यु सिंह रमाशंकर विश्वकर्मा शमशेर विश्वकर्मा प्रमोद विश्वकर्मा राजेश सिंह आदि रहे।

## पुलिस बल ने बॉर्डर व सुदूरवर्ती क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि होली आदि व लोक सभा चुनाव को शांति व सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने जाने के लिए पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जिले की पुलिस द्वारा एरिया डोमिनेशन के अन्तर्गत जनपद के बॉर्डर व सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पैदल भ्रमण किया गया। क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ थाना मुसाफिरखाना के अन्तर्गत अमेठी-सुलतानपुर बॉर्डर पर स्थित ग्राम रसूलाबाद भद्दौर दादरा आदि में व प्रभारी निरीक्षक थाना मुंशीगंज शिव नारायण सिंह के नेतृत्व में थाना मुंशीगंज व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ ग्राम पश्चिम दुआरा व शाहगंज आदि में फ्लैग मार्च किया। अमेठी पुलिस द्वारा एरिया डोमिनेशन फ्लैग मार्च कर आमजनमानस को शांति व सुरक्षित माहौल में आगामी त्यौहार व लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने का संदेश दिया गया।

## सड़क हादसे में दो दोस्त युवकों की मौत

**तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जनपद के थाना तरकुलवा अंतर्गत रामनगर मोहपत्रही चौराहा के ठीक सामने पेट्रोल भरा करके लौट रहे दो युवक



जो आपस में दोस्त थे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान मौत हो गई।बताते चलें गढ़रामपुर निवासी 22 वर्षीय विवेक पटेल पुत्र लालबहादुर पटेल 21 वर्षीय अनूप पुत्र जीवनधन का घटनास्थल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरकुलवा पहुंचते ही मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक विवेक पटेल एक हफ्ते पहले छुट्टी लेकर अपनी बहन की शादी में आया हुआ था। इस विषय में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष तरकुलवार रणजीत सिंह ने बताया कि दोनों लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई है। आगे वाहन की तलाश की जा रही है अज्ञात वाहन के नाम से मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# चोरी के 26.5 लाख रुपए की गहने बरामद, तीन गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो


चोरी की घटना का खुलासा करते एसपी धवल

- पडरौना कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र में हुई भीषण चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। इस घटना में शामिल एक शातिर व दो बाल अपचारी चोर पकड़े गए है। इन अभियुक्तों के पास से चोरी की 26.5 लाख रूपए की गहने, एक लाख नगदी व अन्य सामान बरामद हुआ हुआ।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि पडरौना कोतवाली क्षेत्र में पिछले दिनों हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। इन अभियुक्तों को बेलवा चुंगी कब्रिस्तान के पास से पकड़ा गया है। इसमें एक शातिर अमित सिंह पटेल पुत्र केशव सिंह निवासी इन्दिरा नगर पडरौना व दो बाल अपचारी गिरफ्तार किए गए है। पूछताछ में अभियुक्तों ने चोरी की घटना को स्वीकार किया तथा इनके पास से चोरी की गई लगभग 26.5 लाख रुपए के गहने, एक लाख रुपए नगद, 15 किग्रा सिक्का, मोबाइल यानी कुल 28 लाख रुपए बरामद की गई है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में प्र.नि. सुशील कुमार शुक्ला थाना कोतवाली पडरौना, उ.नि. रविकांत कुमार सिंह, विवेक कुमार पाण्डेय, रतनपाल सिंह सहित दर्जनों पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**ये सामान हुए बरामद :** चूड़ी एक जोडी, हार 4, चैन 4, झाला 4, कानवाली एक जोडी, कील तीन, हाथ पंजा 1 जोडी, झुमका 2 जोडी, अंगूठा 4, नथ 2, टाप्स 1 जोडी, नाथिया 2 जोडी, डरकस 1, सुई धागा 1 जोडी (उक्त सभी पीली धातु कीमत करीब 26 लाख रूपये), सिक्के 24, पायल 4 जोडी, पान का पत्ता 1, कसैली 1, मछली 1, 6 जोडी बिछिया, कटोरी 1, चम्मच 1, झल्ला 1 (सभी सफेद धातु कीमत करीब 50 हजार रूपये) व अभियुक्तों के पास से 500-500 के कुल 200 नोट कुल 01 लाख रूपये नगद, 14.800 किग्रा सिक्का क्वाइन (1, 2), एक मोबाईल फोन बरामद हुई है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने धन्यवाद मोदी पदयात्रा निकाल कर किया जागरूक



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने विधायक प्रदीप शुक्ल के नेतृत्व में नारी वन्दन अभियान के तहत धन्यवाद मोदी जी पद यात्रा निकाकर जागरूक किया। पद यात्रा सहजनवा रेलवे स्टेशन, मुख्य बाजार, होते हुए भाजपा कैम्प कार्यालय पहुंचा। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं के हाथ में बैनर और तख्तियां थी। जिसमे सरकार द्वारा महिलाओ को सशक्त बनाने के लिए बनाए गए कानून व योजनाओं के स्लोगन लिखे हुए थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। भाजपा कैम्प कार्यालय पर संबोधित करते हुए विधायक ने कहा की सरकार महिलाओ को सशक्त बनाने के लिए कटिबद्ध है। उज्वला योजना इन योजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण है। तीन तलाक जैसे कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को उनका हक दिलाने का कार्य किया है। पीएम वाई के तहत 3 करोड़ घरों में से 70 फीसद घरों का मालिकाना हक महिलाओ को दिलाने का काम किया है। पद यात्रा में ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार यादव,नरेंद्र शुक्ल जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा चंचला शुक्ल, चेयरमैन संजू सिंह, शिला अग्रहरी, शांति भवानी, सोनू मण्डल,सुनैना, सुमन श्रीवास्तव, माया मिश्रा, नीलम राजभर, प्रिया सिंह सहित अनेक महिला कार्यकर्ता मौजूद थी।

## मोदी सरकार दे रही महिलाओं को सम्मान : विजयलक्ष्मी

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को महिला मोर्चा के द्वारा नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम के क्रम में एक मैराथन दौड़ आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम वह विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद देवरिया की अध्यक्ष अलका सिंह जी उपस्थित रहे टाउन हॉल परिसर से शुरू हुई



मैराथन दो सिविल लाइंस रोड होते हुए जिला पंचायत तक पहुंची जिसमें तमाम भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता कार्यकत्री वह सामान्य महिलाओ ने भाग लिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा की महिलाओं का सम्मान मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही सुरक्षित है मोदी और योगी के नेतृत्व में आज महिलाएं चांद पर कदम रखते हैं हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है आने वाले दिनों में महिला आरक्षण का भी लाभ हर वर्ग की महिलाओं को मिलेगा नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा की गांव से लेकर शहर तक महिलाएं कब पुरुषों से आगे निकल रही है हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है भाजपा की सरकार में महिलाओं को उनका संपूर्ण अधिकार मिल रहा है इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चे की जिलाध्यक्ष भारती शर्मा, आराधना पांडे, सीमा जयसवाल, विनती सिंह, बबीता चौहान, तारा सिंह, सुनीता देवी, सरिता, शोभा यादव, निशा तिवारी, अर्चना पांडे सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

# हरकत में आया विद्युत विभाग, जर्जर तार व पोल को ठीक कराया गया

अवधनामा ब्यूरो



- खोखिया गांव के 15 वर्षीय बच्ची लटक रहे विद्युत तार के चपेट में आने से हुई थी मौत

**कुशीनगर।** विकासखंड मोतीचक के खोखिया गांव में महज चार फीट की ऊंचाई पर लटक रहे हाई वोल्टेज विद्युत तार की चपेट में 2 फरवरी को आई नाबालिक बच्ची की मौत के बाद सोमवार को विद्युत विभाग निद्रा टूटी है। हाटा एक्सईएन प्रवीण चौबे ने बताया एक अतिरिक्त पोल लगाकर लटक रहे विद्युत तार की ऊंचाई बढ़ाई जा रही है। विद्युत उपकेन्द्र कप्तानगंज परिक्षेत्र के खोखिया गांव में ईट भट्टे के सामने विद्युत सप्लाई के लिए लगाएं गए जर्जर व ढ़ीले तार की जगह विद्युत विभाग ने अवर अभियन्ता अरविन्द त्रिगुणायक की देख रेख में विभागीय कर्मचारियों द्वारा लटक रहे तार की जगह एक नया पोल लगाकर तार को ऊपर किया गया। ग्राम प्रधान दुर्गेश प्रताप ने बताया कप्तानगंज विद्युत केन्द्र द्वारा 11000 वोल्ट विद्युत सप्लाई के लिए लगाया गया तार वर्षो से लटक रहा था। विद्युत सब डिवीजन कप्तानगंज व विभागीय उच्चाधिकारियों को पत्र देकर ग्रामीणों द्वारा जर्जर व ढीले तार को ठीक कराने की मांग किया गया था लेकिन विभाग ने लम्बे समय तक संज्ञान नही लिया। विभाग अगर पहले ध्यान दिया होता तो पन्द्रह वर्षीय बच्ची रानी की जान बच सकती थी। फिर भी देर आएं दुरुस्त आएं की तर्ज पर विद्युत विभाग ने नया पोल लगाकर लटक रहे विद्युत तार को ठीक करने का कार्य प्रारम्भ कर दिया है।

## दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राईसाईकिल किया गया वितरित



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं विकास खण्ड गौरीबाजार के सहयोग से रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद की अध्यक्षता में 40 दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राईसाईकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जय प्रकाश निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित है, जिसके क्रम में आज ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया है। इससे दिव्यांगजनों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने ट्राइसाइकिल को रोजगार का माध्यम बनाने के लिए प्रेरित किया। योगी सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है। कार्यक्रम का संचालन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कृष्णकांत राय ने किया। इस दौरान विश्वविजय निषाद, क्षेत्र पंचायत गौरीबाजार प्रमुख प्रतिनिधि, वैभव सिंह-मण्डल अध्यक्ष- रामलक्षन, अनिल कुमार परियोजना निदेशक/खण्ड विकास अधिकारी, हरेन्द्र सिंह सहायक विकास अधिकारी (पं0), जहेन्द्र यादव सहायक विकास अधिकारी (स0क0), उदयमल गोड ग्राम विकास अधिकारी रामभगत निषाद ग्राम प्रधान बेलकुण्डा, मनोज पटेल प्रधान प्रतिनिधि, जंगल कितासेम, कर्मवीर सिंह, श्याम सिंह सोलंकी, राजू यादव, विशाल निषाद-प्रधान प्रतिनिधि-जोगम आदि जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह का हुआ स्वागत



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह का सोमवार को जिले में प्रथम आगमन होने पर जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ा व फूल मालाओं से स्वागत किया गया। बता दें कि भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री आर पी एन सिंह को राज्य सभा के लिए अपना प्रत्याशी बनाया था। उक्त चुनाव में आर पी एन सिंह विजयी घोषित हुए और राज्यसभा चुनाव जीत लिए। इसके बाद सोमवार को अपने गृह जनपद कुशीनगर में प्रथम आगमन हुआ जहां 15 मिल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत का क्रम इसी तरह सुकरौली, हाटा कसया, व पडरौना में भी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। कसया गांधी चौक पर नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह का स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष अनिल राव ने स्वागत किया। समर्थकों के साथ स्वागत से अभिभूत दिखे आरपीएन सिंह ने कहा कि अबकी बार 400 पार। कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी सरकार की ही देन है कि वर्षो से लंबित देश के अत्यंत ज्वलनशील मुद्दों का निस्तारण किया तथा उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के पूरे कार्यकाल के दौरान प्रदेश में कहीं भी दंगे नहीं हुए, आज अपराधी या तो जेल में है या तो उप्र छोड़कर चले गए।

## पसमांदा मुस्लिम सम्मेलन का हुआ आयोजन




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** योगी सोमनाथ जी महाराज, योगाचार्यके सानिध्य मे स्थानीय मैरेज हाल में एवं अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के तत्वावधान में पसमांदा मुस्लिम सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जावेद मालिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ओझा मोटिवेशनल स्पीकर, को शामिल होना था लेकिन इलाहाबाद से टिकट फाइनल होने के बाद इन्होंने दूरभाष से कार्यक्रम से जुड़े। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सत्या पांडेय जी, पूर्व महापौर, गोरखपुर, डॉ इमरान सलमानी, सदस्य, उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार, डॉ शम्स परवेज़ सदस्य, भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, बृजेश मणि मिश्र प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश संस्कृत विद्यालय शिक्षक समिति, डॉ0 दिलनवाज़, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच, नफीस अहमद, गोरखपुर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा, क़य्यूम मलिक महामंत्री, अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच मोहम्मद याक़ूब अली, गोरक्ष प्रान्त संयोजक, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक मोहम्मद वाज़िक उर्फ शिबू खान रहे। कार्यक्रम में पिछड़े मुसलमानों की एकजुटता पर बल देते हुए वक्ताओं ने सबके साथ सबके विकास की बात दोहराई।

# इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लगी भीषण आग, 1.10 करोड़ का सामान राख

अवधनामा संवाददाता


शॉर्ट सर्किट से जलती इलेक्ट्रॉनिक की दुकान


दुकान के अंदर आग बुझाती फायर बिग्रेड की टीम

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र नगर पंचायत मथौली कस्बे में वार्ड नंबर 12 में एक इलेक्ट्रानिक की दुकान में सोमवार की

- घंटो अफरा तफरी का रहा माहौल
- वार्ड नंबर 12 का मामला
- दुकान के छत में भी पड़ी दरार, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

सुबह नौ बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया और दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने कि सूचना मिलते ही अफरा तफरी मच गई।

अगल बगल के युवाओं ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए। उधर सूचना देने के बाद लगभग डेढ़ घंटे बाद पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। तब तक दुकान में रखा एक करोड़ दस लाख का विद्युत उपकरण जलकर खाक हो चुका था। बता दें नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 12 मेन सड़क पर आशुतोष मद्धेशिया पुत्र नागेंद्र ÷मद्धेशिया जी इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल÷ आरुषि इंटरप्राइजेज नाम से दुकान खोला है। साथ ही परिवार के साथ ही उक्त दुकान के पीछे रहता है। सोमवार की सुबह करीब 9 बजे दुकान में शॉर्ट सर्किट हो गई जिससे सामान जलने लगा। आग लगने कि सूचना आशुतोष ने शोर मचाकर अगल बगल के लोगों को दी और अपने परिवार बच्चे को पीछे के रास्ते भाग निकले। आग देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग लगने सूचना पर भारी संख्या में लोग जुट गए और बाल्टी से पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। इसकी सूचना फायर बिग्रेड को भी दे दी गई। बताया जा रहा था सूचना देने के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया गया। तब तक दुकान में रखा फ्रिज, टेलीविजन, वाशिंग मशीन, कुकर, इन्वार्टर, पंखा, एसी, गीजर, वायर केवल, प्रेस, पाइप व अन्य विद्युत उपकरण जलकर राख हो गया। दुकानदार आशुतोष मद्धेशिया ने बताया कि काउंटर में रख डेढ़ लाख रुपया नगद वह भी जल गया। दुकानदार के अनुसार एक करोड़ दस लाख रुपए का सामान जला है। घटना की जानकारी होने पर थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार मय टीम, नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह, हल्का लेखपाल अमित कन्नौजिया, सेंटर बैंक के शाखा प्रबंधक आदि टीमों ने पहुंचकर क्षति का आकलन किया।

## घंटो बाद पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** हमेशा सुर्खियों में रहने



वाला कोई विभाग है तो वह अग्नि शमन केंद्र है। आगजनी की घटना कहीं हो वह अपने समय से ही पहुंचते है, तब तक सबकुछ जलकर खाक हो जाता है। ऐसे ही सोमवार को मथौली कस्बा में पहुंचा। यहां एक मद्धेशिया जी इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल की दुकान में सुबह शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग इतना विकराल था कि सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोग काबू नही पाए लेकिन आगजनी की घटना फायर बिग्रेड को दे दिया था। करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया था। बता दें कि अभी हाल ही में कप्तानगंज में बने फायर स्टेशन का सांसद ने लोकार्पण किया था जिससे पूरे तहसील व थाना क्षेत्रों के गांवों में सूचना मिलते ही तत्काल दमकल की गाड़ी पहुंचेगी लेकिन मथौली में ऐसा नही हुआ। लेकिन योवाओं की मेहनत का कस्बे सहित अन्य गांवों में जमकर चर्चा हो रही है। **युवाओं ने दिखाई सक्रियता :** आग लगने कि सूचना मिलते ही सैकड़ो की संख्या में युवा पहुंच गए। अगल बगल से बाल्टी लेकर आग पर काबू पाने लगे। युवाओं की मेहनत देकर भारी संख्या में भींड जुट गई और हर कोई आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए। इसमें सभासद प्रिंस जायसवाल, प्रिंस मद्धेशिया, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष सिंह, पूर्व प्रत्याशी व सपा नेता राकेश यादव, मोनू शर्मा, विजय सैनी, राहुल, जय प्रकाश मद्धेशिया, सोनू यादव, रोहित वर्मा सहित सैकड़ों ने आग पर काबू पाने में जुटे रहे। इन लोगों के मेहनत का चहुओर चर्चा है।

# नमामि गंगे प्रकल्प द्वारा सरयू जन यात्रा का हुआ आगाज़

अवधनामा संवाददाता

- जल पर्यावरण संरक्षण का लिया गया सामूहिक संकल्प
- मिहींपुरवा के गायघाट से जल भरकर परमहंस दास कुट्टी,बाबागंज के लिए रवाना हुई यात्रा
- पर्यावरण संरक्षण, सरयू घाट सौंदर्यीकरण व उच्चीकरण के लिए दिलाई गई शपथ

**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी के नमामि गंगे प्रकल्प द्वारा एक मार्च से 10 मार्च तक सरयू जन चेतना यात्रा प्रदेश के जनपदों में निकाली जा रही है। अमृत सरोवरों की दिशा,दशा व सरयू घाटों के सौंदर्यीकरण, उच्चीकरण व रमणीक बनाये जाने के उद्देश्य से यह विभिन्न जनपदों से होते हुए सरयू चेतना यात्रा बहराइच पहुंची। नमामि गंगे प्रकल्प के उत्तर प्रदेश संयोजक कृष्ण दीक्षित बड़े के निर्देशन में एवं मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के संयोजक सरोज सिंह सरोज की मौजूदगी में एवं जिला संयोजक राकेश चन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में मिहींपुरवा स्थित सरयू तट गायघाट से शपथ दिलाकर,कलश जल भरकर परमहंस दास कुट्टी आश्रम बाबागंज के लिए सरयू जनचेतना यात्रा निकाली गई। जहां पर विचार गोष्ठी के साथ अमृत सरोवरों की दिशा,दशा ,पर्यावरण संरक्षण व सरयू घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए व्यूह रचना बनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज, बलरामपुर के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस. एन. सिंह ने की।कार्यक्रम का संचालन मालवीय मिशन के अवध क्षेत्र संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि व अवध क्षेत्र के संयोजक सरोज सिंह चौहान ने कहा कि यह सरयू चेतना यात्रा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में चलाई जा रही है।यहां मौसम की विपरीत परिस्थिति के बावजूद अपार जनसमर्थन लोगों द्वारा मिल रहा है। सरयू नदी के सौंदर्यीकरण, घाटों के उच्चीकरण, पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बहने वाली सरयू नदी के कायाकल्प के लिए एक प्रतिनिधिमंडल केन्द्र सरकार के जल संसाधन मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री से मिलकर समस्या से अवगत करवाया जाएगा। सीमावर्ती क्षेत्र में नशा के बढ़ते उपभोग पर चिंता व्यक्त करते हुए इनके रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते जिला संयोजक राकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि पीएम मोदी व सीएम योगी के सरयू नदी का कायाकल्प व जीर्णोद्धार ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है।उन्होंने क्षेत्र में बढ़ते नशा उपभोग पर चिंता व्यक्त करते हुए एक गांव आदर्श गांव बनाने की अपील की जहाँ पर नशा उपभोग से संबंधित सभी वस्तुओं का निषेध हो। समाजसेवी शिव पूजन सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण व नदियों को स्वच्छ, निर्मल बनाए जाने पर प्रकाश डाला।संचालन करते हुए संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने सरयू नदी के तटीय क्षेत्रों में वृक्षारोपण कराए जाने की मांग प्रशासन से की है।इस दौरान आये हुए अतिथियों व क्षेत्रीय लोगो का अंगवस्त्र,स्मृतिचिन्ह व माल्यापर्ण करके स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, नवाबगंज संयोजक हर्षित सिंह, बाबागंज संयोजक चन्द्र प्रकाश मिश्रा, नानपारा संयोजक राहुल पाण्डेय, सह संयोजक केशव पाण्डेय, बलहा संयोजक प्रभात श्रीवास्तव, रुपईडीहा संयोजक शुभम श्रीवास्तव, रामगांव संयोजक शहबुद्दीन, सह संयोजक दीपक साहू,नगर संयोजक सलीम रोमी, समाजसेवी धीरेन्द्र शर्मा,अंगद गुप्ता सहित सैकड़ों लोग सरयू जन यात्रा में सम्मिलित हुए।

# शिवरात्रि के महापर्व पर धूमधाम से निकलेगी शिव बारात

- बाबा महाकाल का स्वरूप रहेगा आकर्षण का केंद्र

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** शहर के पांडव कालीन श्री सिद्धनाथ मंदिर के निकट स्थित महेश गुप्ता के आवास पर श्री महाकाल सेवक मंडल बहराइच की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता महाकाल सेवक मंडल के संयोजक करण रस्तोगी व बैठक का संचालन अनुभव गुप्ता ने किया बैठक को संबोधित करते हुए महाकाल सेवक मण्डल के अध्यक्ष ने आगामी 8 मार्च दिन शुक्रवार को साय 4:00 बजे महाशिवरात्रि के महापर्व पर श्री श्री 1008 श्री पांडव कालीन सिद्धनाथ महादेव की भव्य शिव बारात के निमित्त योजना - रचना एवं सभी शिव भक्तों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी, बैठक का संचालन कर रहे अनुभव गुप्ता ने बताया कि सेवक मंडल के स्वयंसेवक वॉकी-टॉकी से पूरे कार्यक्रम के दरमियान एक दूसरे से संवाद बनाए रखेंगे एवं नगर भ्रमण पर राजाधिराज बाबा सिद्धनाथ महादेव पर पुष्प वर्षा एवं जगह-जगह प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है एवं शहर के सभी से भक्तों से यात्रा में सम्मिलित होने का अनुरोध किया गया है यात्रा में महाकाल सेवक मंडल के कार्यकर्ता सनातन परंपरा के अनुरूप सनातनी वेशभूषा में डमरू ,ताशा आदि पारंपरिक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के साथ नगर प्रमाण पर निकलेंगे भगवान शिवजी का महाकाल स्वरूप यात्रा में विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा उक्त यात्रा श्री सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी रवि गिरी जी महाराज के सानिध्य में नगर भ्रमण के लिए सिद्धनाथ मंदिर से प्रस्थान करेगी यात्रा में महिलाएं भी सम्मिलित होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मानचित्र के खिलाफ हो रहे निर्माण पर लगी रोक

**सुल्तानपुर।** नगर के नेशनल टाकीज के बगल मकान नंबर 772 खैराबाद में निर्माण चल रहा था।यह निर्माण स्वीकृत नक्शे के विपरीत हो रहा था।शिकायत पर जेई विनियमित क्षेत्र रोहन यादव की आख्या पर एसडीएम सदर ठाकुर प्रसाद ने तत्काल रोक लगाने हेतु नगर कोतवाल को लिखित तौर पर आदेश दिया है। डायल 112 ने पहुंचकर रोक लगा दी है।इसके पहले भी पुलिस कई बार रोकने गई थी लेकिन मानने को तैयार नहीं थे। खैर इस आदेश से रईस अहमद व उनके बिल्डरों में हड़कंप मच गया है। इस जबरन निर्माण में बिल्डर सिराज बाली की अहम भूमिका थी। फिलहाल निर्माण रोकने की भनक पर बिल्डर सिराज बाली व अनाधिकृत कब्जा रहे रईस अहमद विनियमित महकमे का चक्कर लगाते दिखे। सूत्रों की माने तो नगर में विवादित जमीनों पर निर्माण कराने के लिए औने पौने दाम पर एग्रीमेंट कर शोषण करना बिल्डरों के लिए आम बात है।

### पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों व पुलिस चौकी के प्रभारियों व पुलिस कर्मियों द्वारा पुलिस बल के साथ सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु चेकिंग अभियान चलाया।जनपद के समस्त थानों के पुलिस कर्मचारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया गया। बैंक ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी। जनपद की पिकेट ड्यूटी तथा बार्डर ड्यूटी पर बैरियर लगा कर संदिग्ध व्यक्ति एंव वाहन को चेक किया गया। जनपद में चल रही कक्षा 10/12 वीं की बोर्ड परीक्षा के मद्दे नजर रखते हुये मुख्यमार्गो तथा जनपद की सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों एवं वस्तुओं की चेकिंग की गई।

### आशा बहूओं ने दिया सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन



**सुल्तानपुर।** ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि आशाओं को 18,000 मानदेय देने, सामान्य कर्मचारियों की तरह आशाओं को जीवन बीमा का लाभ देने, आयुष्मान कार्ड बनाने में जिनकी ड्यूटी लगाई गई है उन्हें अतिरिक्त भुगतान देने, हर ग्राम सभा में आशा आवास बनाए जाने, काम का समय निर्धारित करने एवं संगिनी के भ्रमण क्षेत्र के लिए स्कूटी वाहन प्रदान किए जाने का मुद्दा उठाया। जिलाधिकारी कार्यालय के सामने आशा बहूओं ने मांगों से संबंधित शासन से अपनी आवाज बुलंद की। दर्जनों की संख्या में आशा बहूओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

### पांच श्मशान घाट और हाईमास्ट की सौगात



**सुल्तानपुर।** इसौली विधायक ताहिर खान ने अपने क्षेत्र वासियों के लिए पांच श्मशान घाट की सौगात दी है। दुबेपुर, कुड़वार, बल्दीराय धनपतगंज समेत कूरेभार विकासखंड में श्मशान घाट स्थापित किए जाएंगे। बहरमपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चिरंजीव मिश्र उर्फ मोंटी मिश्रा के आवाहन पर मंदिर के सामने हाई मार्क्स लाइट और एक श्मशान घाट की सौगात दी है। रविवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी को अनुपालन करने का निर्देश दिया है। विधायक ने पत्र जारी करते हुए जल्द से जल्द इस सौगात को धरातल पर उतरने के लिए डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला को हिदायत दी।

## कुश के किले से जिला प्रशासन ने हटाए हिंदू धर्म के झंडे

**सुल्तानपुर।** कुशभवनपुर किले से राजा नंदकुँवर राजभर का बैनर पोस्टर एवं तहसील प्रशासन नें झंडों को निकलवा,दिया, जिसे लेकर क्षेत्रीय लोगों में काफी रोष व्याप्त है। जनपद की ऐतिहासिक एवं पौराणिक धरोहर राजा वीर नंदकुवर के किले की जमीन में बंदर बाट, एवं कागजों में हेरा फेरी का आरोप, सत्य साई दाता आश्रम विगत कई वर्षो से लगा रहा है। राजस्व विभाग की मिली भगत से नदी के किनारो पर आवासीय निर्माण हो रहे हैं।साई दाता आश्रम के महंथ ने बताया कि न्याय न मिला तो सैकड़ो साधु संतों के साथ आमरण अनशन करेंगे। शासन प्रशासन के खिलाफ आश्रम के महंथ साई दयानंद शाह के साथ हजारों की संख्या में लोग भी शामिल होंगे। किले की लड़ाई के लिए,जनपद वासियों का आश्रम को,भारी संख्या में साथ मिल रहा है।

# गर्भवती व नौनिहालों के टीके का हिसाब रखेगा यू -विन पोर्टल

- प्रदेश के सभी जिलों में टीकाकरण की होगी ऑनलाइन एंट्री

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में जल्द ही आपके मोबाइल पर आपके बच्चे का नाम और उसे कौन सा टीका कब लगवाना है का मैसेज आए तो चौंकिएगा नहीं बल्कि सही समय से नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर टीका लगवा लेना। यह उसके सुरक्षित जीवन के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा और उसे संक्रामक बीमारियों से बचाने में मदद करेगा। इसके लिए जल्द ही यू -विन पोर्टल का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। यह बातें सीएमओ सभागार में यू -विन पोर्टल प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 एसके सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम में शत प्रतिशत लाभार्थी अनुसार सूचना व देय टीकों की रियल टाइम की स्थिति प्राप्त करने के उद्देश्य से जल्द ही यू -विन पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा। इस पोर्टल में पाँच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती के टीके का ऑनलाइन ब्योरा दर्ज किया जाएगा। इस पहल से अभिभावकों को जानकारी रहेगी कि उनके बच्चे को कौन सा टीका कब लगना है। साथ ही उन्हें टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी व ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा यू -विन पोर्टल पर पंजीकरण के बाद बच्चों व गर्भवती को देश में कहीं भी टीका लगवाने की सुविधा प्राप्त हो जाएगी जिसका वह डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकेंगे।



### टीकाकरण कार्यक्रम को मिलेगा बल

डॉ सिंह ने बताया कि यू -विन पोर्टल लांच होने के बाद किसको कौन सा टीका लगेगा और कितने लोगों को लगेगा इसकी रियल टाइम की जानकारी स्वास्थ्य कर्मियों को रहेगी इससे उन्हें शत प्रतिशत बच्चों व गर्भवती को टीकाकरण से आच्छादित करने में आसानी होगी। इसके अलावा सभी सूचनाएँ ऑनलाइन होने के कारण कार्यक्रम की समीक्षा करने में सुविधा होगी।

### इन बीमारियों से मिलेगी सुरक्षा

सर्विलान्स मेडिकल ऑफिसर डब्ल्यूएचओ विपिन लिखोरे ने बताया कि टीकाकरण 13 प्रकार की बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। इनमें टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस बी. डिप्थीरिया, टिटनेस, मीजल्स, परट्यूसिस (काली खांसी), रूबेला, निमोनिया, वायरल डायरिया, जेई , हेपेटाइटिस टाईप बी और रोटा शामिल हैं। यह टीके शिशु जन्म के साथ ही पांच वर्ष की आयु तक बच्चों को समय-समय पर 7 बार टीके लगाये जाते हैं। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान चार सप्ताह के अन्तराल पर टीडी के दो टीके लगाये जाते हैं। इस दौरान सभी प्रशिक्षकों को यू -विन पोर्टल पर एंट्री करने की बारीकियाँ सिखाई गयी जिसे वह ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे। इस मौके पर चित्तौरा सीएचसी अधीक्षक डॉ0 प्रताप गौतम, यूनिसेफ़ के मंडलीय प्रबन्धक साकेत शुक्ला, यूएनडीपी के वीसीसीएम राजकुमार सहित बीपीएम व बीसीपीएम उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी का जिला संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन कल्याण सिंह सभागार में सम्पन्न हुआ। संयुक्त सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन ने व संचालन कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी ने किया। संचालन करते हुये धर्मेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि आज का विषय हम पार्टी के सभी सातों मोर्चाओं के कार्यकर्ताओं को जनता के बीच में पहुंच कर किस तरह अपने विकास सम्बंधित कार्यो का विवरण आधिक से अधिक लोगों तक प्रसारित करने का कार्य करना है। मुख्य अतिथि म.प्र.शासन के पूर्व गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि लोकसभा संयोजक नागेन्द्र गुप्ता, ललितपुर जिला प्रभारी सुरेश अवस्थी, लोकसभा क्लस्टर संत विलास शिवहरे मौजूद रहे। इस दौरान सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि लोकसभा सांसद काल में गांव-गांव तक पहुंचने का प्रयास किया है। उसके लिए पम्प, कम्प्रेसर की आवश्यकता होती है और इसका काम हमारे संगठन और कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाता है। जिलाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राज्य मंत्री मनोहरलाल, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, प्रदीप चौबे, 226 विधानसभा संयोजक गंधर्व सिंह लोधी, महरौनी विधानसभा संयोजक हरिराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी एड., अनिल जैन, घासीराम सहरिया, श्रीकांत, इकबाल वेग, अजय पटैरिया, हरिओम, गौरव, दिग्विजय सिंह, सुरेश टोटे, सुरेन्द्र प्रताप, नासिर, नीतेश, रामचरन सहरिया, लक्ष्मी रावत, बब्बू राजा, बंशीधर, बलराम सिंह, महेश श्रीवास्तव, आशीष सैनी, भरत राजपूत, रवींद्र राजा, अशोक रावत, मोहन लाल, बी.के.पाल, जयप्रकाश, प्रभू गन्धर्व, पृथ्वी सिंह, मुन्नालाल, रामरतन, विक्रांत, विनोद, रवींद्र, रामकुमार, जगत के अलावा अनेकों भाजपा नेता मौजूद रहे।

## छात्रवृत्ति से वंचित न रह सके कोई विद्यार्थी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** दो हजार से अधिक विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए भरे गये आवेदनों को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा अग्रसारित नहीं किया है। इस प्रकार का आरोप लगाते हुये बच्चों को उनके छात्रवृत्ति रूपी अधिकार को दिलाने के लिए छात्र नेता रोहित मिश्रा ने महाविद्यालय के प्रबंध समिति को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि नेहरू महाविद्यालय जनपद का सबसे पुराना व प्रतिष्ठित महाविद्यालय है। अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विद्यार्थियों के अध्ययन में किसी प्रकार की आर्थिक समस्या न हो, इसके लिए शुल्क प्रतिपूर्ति के रूप में छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। परंतु वर्तमान में नेहरू महाविद्यालय में कार्यरत प्राचार्य द्वारा सत्र 2023-24 के लगभग 3200 छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति के आवेदनों में से 2100 आवेदन अग्रसारित नहीं किये गए। जिससे लगभग 2100 विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित हो जाएंगे। कितने ही विद्यार्थी तो संभवतः अपने अध्ययन को बीच में ही छोड़ देंगे। निश्चित रूप से प्राचार्य का यह कृत्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शिक्षा हर विद्यार्थी का अधिकार है को समाप्त करने का प्रयास है। महाविद्यालय द्वारा लापरवाही तथा अहंकार पूर्ण कृत्य ने लगभग 2100 विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया।

### प्राथमिक शिक्षक संघ ने ऑनलाइन कार्य के विरोध में दिया ज्ञापन

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर संगठन की ब्लॉक इकाई ने संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष/ जिला मंत्री अरुण गोस्वामी के नेतृत्व में ऑनलाइन कार्य हेतु विभाग द्वारा दिए गए टैबलेट में अध्यापकों से निजी सिम लेकर कार्य करने का दबाव डालने के विरोध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा को सम्बोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार पुरोहित को सौंपा। ज्ञापन देने के पूर्व उपस्थित अध्यापकों को संबोधित करते हुए शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डा.दिनेश चन्द्र शर्मा के आह्वान पर एवं जिलाध्यक्ष राजेश लिटौरिया के नेतृत्व में महानिदेशक कार्यालय लखनऊ पर आयोजित धरने और 21 सूत्रीय मांगपत्र पर जब तक विभाग अध्यापकों की मांगें नहीं मानेगा।

# सपा लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**मड़ावरा (ललितपुर)।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष परवेज पठान एवं प्रदेश सदस्य संजय रजक का प्रथम नगर मड़ावरा आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला, तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। बताते चलें कि आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर पक्ष विपक्ष द्वारा कमर कस ली गई है। तो ऐसे में तमाम पार्टियों को मजबूती देने वाले पार्टियों के संगठनों के पदों पर पार्टी के आला पदाधिकारियों द्वारा सभी जिलों में जिलाध्यक्ष और महानगरों में महानगर अध्यक्ष के नामों की घोषणा की जा रही है। उसी क्रम में समाजवादी पार्टी द्वारा भी प्रदेश में अपने विभिन्न संगठनों के विभिन्न पदों पर पदाधिकारीयों को नियुक्त किया जा रहा है। विगत दिनों पूर्व सपा लोहिया वाहिनी प्रदेशाध्यक्ष रामकरन निर्मल द्वारा ललितपुर में परवेज पठान को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मड़ावरा प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष परवेज द्वारा सभी को साथ लेकर चलने वाली बात बैठक में कही गई। उनके द्वारा आगे कहा गया कि सपा लोहिया जी और नेता जी मुलायम सिंह यादव के आदर्शो पर चलने वाली पार्टी है। हमें पार्टी के महापुरुषों की बातों को अपने अंदर समाहित करना चाहिए और सब बातें भुलाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करना चाहिए। इस दौरान सपा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश नारायण पाल, सचिन सोलंकी, सरफराज खांन, राजेश यादव, वाहिद खांन फैजल, रिजवान खांन, स्वामी राजपूत, जावेद पठान, मजहर पठान, असद अली, रवि नामदेव, सोवरन रजक, अभिषेक जैन, पुष्पेन्द्र कसगर, रविन्द्र, राहुल, अमर आदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 27.03.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 01502024 dated 04.03.2024 | | |
| निविदा सं. | 52Sr.DEN-III-LKO/2023-2024 | | |
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (तृतीय) उत्तर रेलवे, लखनऊ अधिकार के क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर (जौनपुर)–अनुभाग में ट्रिम्बल गेडो वोरसिस ट्राली सिस्टम या समान का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैंपिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण और अद्यतन स्केल मैप का विकास का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,21,13,283.00 | धरोहर राशि | ₹2,10,600/- |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 13.03.2024 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 27.03.2024 को 15:00 बजे | | |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 686/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### बारिश व तेज हवाओं से सब्जियों को नुकसान

**कुड़वार,सुल्तानपुर।** शनिवार की सुबह से शुरू हुई बारिश से किसानों को बड़े स्तर पर नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान कुड़वार के भंडरा,सोहगौली,प्रतापपुर, भगवानपुर आदि क्षेत्रों में हुआ है। दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई, जिसके कारण ज्यादातर खड़ी फसलें गिर गई। जानकारी देते हुए कुड़वार क्षेत्र के भण्ड़रा किसान शिव महेश पांडेय,रामहेत मिश्रा,जय प्रकाश पाठक ने बताया कि तेज हवाएं चलने और बारिश से गेहूं,गन्ना,आलू, अरहर,मटर,सरसों,सब्जियों समेत कई फसलों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। किसान इन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि तेज हवाएं व बारिश के चलते गेहूं की फसलें जमीन पर लेट गई है। किसान आनन्द प्रकाश मिश्रा ने बताया कि गन्ना बुवाई का काम करीब डेढ़ हेक्टेयर में चल रहा था जो कि बारिश के चलते बाधित हो गया है।तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू होने से गन्ना,गेहूं,सरसों, अरहर की फसलें ज्यादातर गिर गई है। उपज में भी भारी कमी होनी तय है।

# लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने जनपद को फिर दी नई सड़कों की सौगात

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जिले में 57.02 करोड़ की लागत से जहाँ दो मार्गो का चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य होगा वहीं 57.55 करोड़ की लागत से विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 59.29 कि.मी. लम्बे मार्गो के नवनिर्माण की स्वीकृति मंत्री जितिन प्रसाद ने प्रदान की है। मंत्री जितिन के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने बताया कि जितिन प्रसाद ने 17.40 कि.मी. लंबे निगोही-खुदागंज मार्ग के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 5014.17 लाख की धनराशि स्वीकृत कर इस क्षेत्र की जनता के आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि शाहजहाँपुर-पुवायां मार्ग से नियामतपुर ए.आर.टी.ओ. कार्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र होते हुए रिंग रोड तक मार्ग के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु 687.92 लाख रुपये की धनराशि भी स्वीकृत की है। विनीत मिश्र ने बताया कि जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों 59.29 कि.मी. मार्गो के नवनिर्माण हेतु जितिन प्रसाद ने 5755.71 लाख रुपये की धनराशि और स्वीकृत की है। उन्होंने बताया कि ददरौल विधानसभा क्षेत्र में 3.70 कि.मी. लंबे कुरिया कलाँ-पथरा खास संपर्क मार्ग के नव निर्माण हेतु 362.74 लाख रु., 3.30 कि.मी. लंबे औदापुर मोड़ से हठीपुर कुरिया-गंगानगर, शमशेरपुर, गुमटा होते हुए मदनापुर सम्पर्क मार्ग के नव निर्माण हेतु 370.52 लाख रू. की धनराशि, 2 कि.मी.लंबे कटरा-जलालाबाद मार्ग से कुनिया जमालपुर मार्ग के निर्माण हेतु 167.90 लाख रूपए की धनराशि और अजीजगंज चौहनापुर मार्ग से ग्राम चांदापुर देवीस्थान तक 0.50 कि.मी. नवनिर्माण हेतु 74.13 लाख रू. की धनराशि, मल्हपुर से सरथौली मार्ग के नवनिर्माण हेतु 1.45 कि.मी के लिये 134.53 लाख रू., मल्हपुर से बिसरा सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण हेतु 1.2 कि.मी. के लिये 110.95 लाख रू0, ग्राम मल्हपुर से बहादुरापुर सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण हेतु 1.40 कि0मी0 के लिये 130.33 लाख रू0, पडैंचा मोड़ के अमोरा सम्पर्क मार्ग से सिरोमनपुर होते हुये मरेना इमलिया सम्पर्क मार्ग तक 2.70 कि0मी0 के लिये 250.88 लाख, एन0एच024 ग्राम बरतारा से जहानपुर होकर सरही नहर पुलिया तक 3.70 किमी के लिये 361.59 लाख, के0के0सी0 मार्ग से कुर्रिया बहिरी की पुलिया से कुतुआपुर होते हुये पल्हौरा पुलिया तक 1.65 कि0मी के लिये 146.07 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने बताया कि पुवायां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खिरिया रसूलपुर से पचदेवरा सम्पर्क मार्ग तक 4.0 किमी के लिये 350.97 लाख रू., कटिया मुर्छा मार्ग से ग्राम कोटावारी करनैयापुर तक 1.40 कि.मी. नवनिर्माण के लिये 155.57 लाख रू. की धनराशि स्वीकृत की गयी है।

कार्यालय नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर

पत्रांक :- 89/न0पं0कचगॉव/2023-24
दिनांक : 04/03/2024

ई-टेण्डर निविदा सूचना

नगर पंचायत कचगॉव, जौनपुर में एम0आर0एफ0 सेन्टर पर कूड़े की छटाई एवं के एम0आर0एफ0 सेन्टर का मैनुअल तथा मैकेलिकल संचालन का कार्य हेतु कार्य दिनांकः- 04/03/2024 से 10/03/2024 तक उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाइड http://etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित है।

(आस्था पाठक)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत कचगॉव,
जौनपुर।

(फिरोज़ अहमद खान)
अध्यक्ष,
नगर पंचायत कचगॉव,
जौनपुर।

# न्याय की उम्मीद लिए अधिकारियों की चौखट पर भटकता पीड़ित

**अवधानामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** न्याय पाने की उम्मीद लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की चौखट पर माथा टेकने के बाद भी यदि पीड़ित को न्याय न मिले तो पीड़ित थक हार कर बैठ जाता है।ऐसे ही मामले में कबूतर बाज के जाल में फंसा युवक कोतवाली पुलिस, क्षेत्राधिकारी, एसडीएम के बाद तहसील दिवस में भी गुहार लगा चुका है लेकिन पीड़ित को अभी तक न्याय नहीं मिल रहा है।

कस्बे के मोहल्ला हैदरिया निवासी जहीर अहमद पुत्र सगीर अहमद ने कोतवाली से लेकर उप जिलाधिकारी और सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के परछा निवासी कबूतरबाज हारून शाह के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है कि उक्त कबूतरबाज हारून शाह ने सऊदी अरब में उसे अच्छी नौकरी के साथ रहने खाने का अनुबंध कर विदेश भेजा था।

लेकिन वहां पर अनुबंध के हिसाब से न तो नौकरी थी और न ही वेतन और अन्य सुविधाएं, जिसके बाद वह अरब से वापस लौट आया और हारून शाह से अपने पैसे मांगे तो उक्त कबूतरबाज ने जान से मारने की धमकी दी है जिसके बाद पीड़ित परिवार दहशत में है और सभी अधिकारियों की चौखट पर दस्तक दे रहा है लेकिन कबूतरबाज के प्रभाव और धनबल के कारण कार्यवाही नहीं हो रही है।

बताते चलें कि कस्बे सहित क्षेत्र में कबूतरबाज सक्रिय हैं और यह क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को विदेशों में अच्छी नौकरी का झांसा देकर ठगने का काम कर रहे हैं लेकिन इनके प्रभाव और धनबल के कारण पुलिस बजाए कार्यवाही करने के समझौते पर अधिक ध्यान देती है जिसके कारण इनके हौसले बुलंद हैं। हालांकि इस मामले को कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने पैसों के लेनदेन का बताया है।

# 17 मार्च को सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा की होगी परीक्षा

**अवधानामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट राम जी मिश्र ने बताया कि माह मार्च में माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा वर्ष 2024 की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा जनपद में 35 केन्द्रों पर 02 सत्रों में संचालित है, दि. 17 मार्च को सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा की परीक्षा होगी तथा 08 मार्च को महाशिवरात्रि, दि. 24, 25 मार्च को होली एवं दि. 29 मार्च को गुड फ्राइडे के त्योहार मनाये जायेंगे, इन परीक्षाओं एवं त्योहारों के दृष्टिगत असामाजिक एवं अराजक तत्वों के साथ-साथ कतिपय अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति करने के लिए विभिन्न जातियों विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों, वर्गों एवं जन सामान्य के मध्य वैमनस्य, द्वेष व दुर्भावना का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास कर लोक परिशान्ति विक्षुब्ध करने में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संलिप्त हो सकते हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये जनशांति, जनसुरक्षा को बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद की सीमान्तर्गत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए धारा-144 द.प्र.सं. लागू की जाती है। उन्होने बताया कि यह आदेश सम्पूर्ण जनपद में दि. 31 मार्च 2024 की रात्रि तक प्रभावी रहेगा जब तक कि इसे बीच में वापस न ले लिया जाये, इस आदेश की किसी भी धारा या अनुच्छेद का उल्लघंन धारा-188 आई.पी.सी. व अन्य के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

# विश्वकर्मा पूजन के साथ हिण्डाल्को में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

**अवधानामा संवाददाता**



**सोनभद्र/रेणुकूट।** 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर हिण्डाल्को, रेणुकूट के प्लांट परिसर में स्थापित भगवान श्री विश्वकर्मा जी की भव्य मूर्ति के समक्ष विधिवत पूजन का आयोजन किया गया। अल्युमिना प्लांट हेड एन.एन. राय ने अन्य उच्चाधिकारियों, मान्यताप्राप्त श्रमिक संघो के प्रतिनिधियों एवं भारी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा का पूजन एवं आरती करके संस्थान के कर्मचारियों व उनके परिजनों की खुशहाली व सुरक्षा की कामना की। पूजा के दौरान रिडक्शन प्लांट हेड जगन्नाथ नायक, ब्वायलर हेड कैलाश प्रधान, एच.आर. विभाग की उपाध्यक्ष वनिता वासनिक, लीगल हेड विवेक कुमार, फ़ैब्रिकेशन प्लांट के उपाध्यक्ष स्वपन गुप्ता, पब्लिसिटी व प्रशासन विभाग के हेड यशवंत कुमार आदि उपस्थित रहे। पूजा के उपरांत डॉ. प्रदीप ने सभी उपस्थित लोगों को सुरक्षा शपथ दिलाई। एन.एन. राय ने अन्य उच्चाधिकारियों के साथ सुरक्षा ध्वज फहराया एवं हिण्डाल्को के प्रबंध निदेशक सतीश पाई द्वारा प्रेषित सुरक्षा संदेश पढ़ कर सुनाया। जिसमें ज़ीरो हानि के बारे में कर्मचारियों को और भी सतर्क रह कर कार्य करने व लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी गई। इसके पश्चात् सभी ने प्लांट परिसर में स्थापित हिण्डाल्को के संस्थापक स्व. जी.डी. बिड़ला के मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का समापन सेफ्टी विभाग के श्री पवन कुमार के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय को मिली सौगात



**अवधानामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** सोमवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स (एनसीएल) के जयंत स्थित नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में सीएमडी एनसीएल मनीष कुमार ने आहार गृह (कैंटीन) और आराम गृह (विश्राम गृह) का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, सीएमएस, एनसीएल डॉ. विवेक खरे, सीएमएस प्रभारी एनएससी, डॉ. पंकज कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे। एनएससी में नए सर्वसुविधायुक्त आहार गृह (कैंटीन) और आराम गृह (विश्राम गृह) का उद्घाटन किया गया है । इससे यहां इलाज के लिए आने वाले लोगों व उनकी देखभाल व सहायता के लिए साथ आने वाले लोगों को लाभ होगा । एनसीएल की यह पहल स्वास्थ्य सुविधाओं, समग्र कल्याण और अनुभव को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एनसीएल का जयंत स्थित नेहरू शताब्दी चिकित्सालय सिंगरौली परिक्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल है जो एनसीएल कर्मियों सहित सिंगरौलीवासियों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाने के लिए सदैव तत्पर है।

# विश्वविद्यालय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

**राठ हमीरपुर।** दशकों से चली आ रही स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय को राजकीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग भले ही पुरानी हो लेकिन राठ क्षेत्र वासियों को आज भी स्वामी ब्रह्मानंद राजकीय विश्वविद्यालय बनने की लालसा है। जिसको लेकर स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज की प्रपौत्री चन्द्रकान्ता सिंह राजपूत की अगुवाई में 3 सितम्बर 2023 से स्वामी ब्रह्मानंद राजकीय विश्वविद्यालय सेवा समिति और क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों के साथ स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय गेट पर अनिश्चितकालीन धरना निरन्तर जारी है। चन्द्रकान्ता सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि 7 माह से चल रहे धरना के बीच स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन सहित मुख्यमंत्री योगी को भी कई बार ज्ञापन दे चुके है। लेकिन अब तक क्षेत्र के लोगो की मांगे पूरी नही हो सही। स्वामी ब्रह्मानंद राजकीय विश्वविद्यालय सेवा समिति और क्षेत्र की जनता की मांग है कि स्वामी ब्रह्मानंद के नाम से ही राठ में राजकीय विश्वविद्यालय बने।

# विषाक्त भोजन से एक ही परिवार के आधा दर्जन से अधिक गंभीर




**अवधानामा संवाददाता**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ललपुरा थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के सात लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए हैं। सातों लोगों ने घर में बनाए गए समोसे खाए जिसके कुछ ही देर बाद उल्टी-दस्त शुरू हो गए। देर रात सभी को उपचार के लिए छानी सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पांच साल की बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है।पूरा मामला ललपुरा थाना क्षेत्र के कलौलीजार गांव का है। यहां नवल की पत्नी गोमती ने बताया कि उसकी बड़ी बहन विनीता ने कल शाम को घर में समोसे बनाए थे। इसके लिए गांव की दुकान से मसाला खरीदा था। दो दिन पहले लाए गए रिफाइंड तेल में समोसे तले गए थे, जिन्हें घर के छोटे-बड़े सभी लोगों ने खाया था। देर रात करीब 11 बजे के आसपास अचानक सभी को उल्टी-दस्त शुरू हो गए। देखते ही ही देखते घर के सात सदस्यों की हालत बिगड़ गई। देर रात सभी को एंबुलेंस में लादकर छानी सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने वालों में 35 वर्षीय विनीता, नौ वर्षीय बेटा प्रिंस, पांच वर्षीय बेटा निखिल, महेश की 10 वर्षीय बेटी राधिका, नौ वर्षीय बेटा अमन, 50 वर्षीय सरमन और नवल की पांच वर्षीय बेटी बेबी है। इन सभी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इसमें बेबी की हालत गंभीर है।

## संक्षिप्त समाचार

### महानिदेशक शिक्षा विभाग को भेजा ज्ञापन



**मौदहा हमीरपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ईकाई मौदहा के बैनर तले शिक्षको ने अपनी समस्या के समाधान की मांग को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष हरिमोहन गुप्ता ने सैकड़ों शिक्षकों के साथ अपनी मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश स्कूल शिक्षा महानिदेशक के नाम सम्बन्ध ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को सौंप बताया की शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट को सक्रिय कराने हेतु सिम कार्ड उपलब्ध कराने की मांग एवं शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह का द्वितीय शनिवार अवकाश तथा अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमान्य किये जाने की जोरदार मांग की है। वहीं शिक्षकों का उत्पीड़न बंद कर उक्त मांगे पूरी न होने पर समस्त शिक्षकों द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शिक्षा निदेशालय लखनऊ में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान डॉ मुकीम उद्दीन, आशीष कुमार, अवधेश यादव, अख्तर मास्टर, जफर महमूद सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

### मुण्डेरा किसवाही मार्ग का निर्माण जल्द



**मौदहा हमीरपुर।** लम्बे समय से रपटा और सड़क निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीणों को सड़क की सौगात जल्द मिलने वाली है जिसको लेकर सोमवार को सदर विधायक और सम्बंधित विभागों के जिम्मेदारों ने भूमि पूजन कर सड़क निर्माण का रास्ता साफ कर दिया। जनपद के आखिरी छोर पर स्थित चंद्रावल नदी किनारे बसे गांव किसवाही में कोई सम्पर्क मार्ग नहीं होने के कारण बारिश के सीजन में उसका अन्य गांवों से पूरी तरह से सम्पर्क कट जाता था जिसके चलते लम्बे समय से ग्रामीणों द्वारा किसवाही के लिए पुल और सड़क की मांग की जा रही थी।हालांकि इसके पहले किसवाही वासियों द्वारा चुनाव में मतदान बहिष्कार करने तक की घोषणा की गई है लेकिन हाल के दिनों में लगभग दो महीने से ग्रामीणों द्वारा अक्सर जिलाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क कर अपनी मांग रखी जा रही थी जिसके चलते सोमवार को सदर विधायक डा.मनोज कुमार प्रजापति ने लावलश्कर के साथ पहुंच कर भूमि पूजन किया जिसके बाद सुमेरपुर विकास खण्ड के मुण्डेरा और मौदहा विकास खण्ड के किसवाही को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग बनने का रास्ता साफ हो गया है। इस दौरान एई ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सुधीर कुमार रस्तोगी,अवर अभियंता राजबहादुर सहित बीजेपी के तमाम नेता मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**हमीरपुर।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम कक्ष, वीवीपैट कक्ष आदि देखा तथा सीसीटीवी कैमरे आदि का अवलोकन किया जो क्रियाशील पाए गए। उन्होंने लॉक बुक, सुरक्षा व्यवस्था, सहित अन्य व्यवस्था आदि का अवलोकन किया तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने फायर अलार्म सिस्टम को भी देखा। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण में भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधियों ने भी विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु, तहसीलदार अनुभव चन्द्रा तथा अन्य अधिकारी /कर्मचारी मौजूद रहे।

### बैलगाड़ी में बिदा हुई किसान की बेटी



**हमीरपुर।** शादी जैसे खास लम्हे को यादगार बनाने के लिए अभी तक आपने दुल्हन की लग्जरी कार या फिर हेलीकॉप्टर से विदाई देखी और सुनी होगी। लेकिन यहां एक पिता ने अपनी बेटी को बैलगाड़ी से विदा कर सदियों पुरानी परंपरा को जीवंत करने का काम किया है। सजी-धजी बैलगाड़ी से बेटी की विदाई को देखने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। अनोखी विदाई के चलते यह शादी जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल राठ कस्बा निवासी भाजपा नेता प्रीतम सिंह किसान की पुत्री इंटीरियर डिजायनर रुचि सिंह राजपूत का शनिवार रात पठानपुरा मोहल्ला निवासी डॉ कनिष्क माहुर के विवाह हुआ। रविवार सुबह विदाई से पहले बैलगाड़ी को फूलों से सजाया गया। प्रीतम सिंह किसान ने नम आंखों से बैलगाड़ी में बैठाकर पुत्री की विदाई की। उन्होंने बताया बैलगाड़ी किसानों का महत्वपूर्ण साधन रहीं है। समय के साथ लोगों ने इसे भुला दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोग लग्जरी कार की जगह बैलगाड़ी से अपनी बेटी की विदाई करें। इससे किसानों को अतिरिक्त आमदनी होगी। वहीं गोवंश संरक्षण को भी बल मिलेगा।

# प्रधानमंत्री द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली के तृतीय चरण 2.800 मेगावाट इकाइयों का हुआ शिलान्यास

**अवधानामा संवाददाता**




**सोनभद्र/शक्तिनगर।** प्रधानमंत्री द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली मे 800 मेगावाट की दो यूनिट के शिलान्यास के साथ शक्तिनागर परियोजना के तृतीय चरण के विस्तारीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया। विद्युत उत्पादन के क्षेत्र मे नए मानक स्थापित करते हुए आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आदिलाबाद, तेलंगाना से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एनटीपीसी सिंगरौली के तृतीय चरण के विस्तारीकरण के साथ 800 मेगावाट की दो इकाइयां राष्ट्र को समर्पित की गयी।

तृतीय चरण के शिलान्यास कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि एक विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण हेतु विद्युत उत्पादन एक महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने उद्बोधन में उन्होने एनटीपीसी कि सभी विकास परियोजनाओं को राष्ट्र निर्माण हेतु कंधे से कंधा मिलाकर अग्रसरित हेतु बधाई दी।

एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर ने कहा कि शक्तिनागर सोनभद्र स्थित एनटीपीसी सिंगरौली ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान देने वाली एनटीपीसी की मातृ इकाई है जो 1981 से लगातार बिजली उत्पादन कर कई राज्यों को बिजली उपलब्ध करा रही है और इसके विस्ताररिकरण पर हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। बताते चलें कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर समेत कई परियोजनाओं के 56 हज़ार करोड़ से भी अधिक तेलंगाना से शिलान्यास किया गया है।

इस कार्यक्रम में सुरेश राय, एसडीएम (सोनभद्र), एस.के. गुजरानिया, परियोजना प्रमुख, झानोर, एल.के. बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), डॉ. एस.के. खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (एडीएम), सिद्धार्थ मण्डल, एजीएम (एचआर), सभी विभाग प्रमुख, सत्य देव सिंह, लेखपाल (शक्तिनगर), दिनेश कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष, (शक्तिनगर), यूनियन एवं एसोशिएशन, पत्रकार बंधु, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित हुए।

# अनियंत्रित कार पलटने से चार छात्र घायल, एक की मौत



**अवधानामा संवाददाता।**

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के पतारा मोड के समीप अनियंत्रित कार पलटने से चार छात्र घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जहा उपचार के दौरान एक छात्र की मौत हो गई है। हमीरपुर के कुछेछा में महर्षि विद्यामंदिर में पढ़ने वाले चार छात्र कार से कुरारा की तरफ आ रहे थे। तभी पतारा मोड के समीप कार अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे गड्ढे में गिर गई।जिसमे सभी छात्र दब गए। राहगीरों ने थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। तथा पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान कार्तिकेय दीक्षित पुत्र आशीष दीक्षित निवासी हमीरपुर के दर्दनाक मौत हो गई। शेष तीन घायलों में रचित पालीवाल पुत्र नीरज पालीवाल, तथा पौथिया गांव निवासी आमिल पुत्र अनीश का उपचार चल रहा है।

# मेरा गांव, मेरा अभिमान कार्यक्रम के दूसरे अध्याय का आयोजन




**अवधानामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत एक दिन सामज के लिए : मेरा गांव, मेरा अभिमान कार्यक्रम के दूसरे अध्याय का आयोजन रविवार दिनांक 03.03.2024 को किया गया। एक दिन सामज के लिए : मेरा गांव, मेरा अभिमान कंपोजित स्कूल कोड़ार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता और अध्यक्षा (वर्तिका महिला मण्डल समिति) अनीता मेदीरत्ता ने किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रति माह में एक रविवार को सामाजिक जिम्मेदारी, सामुदायिक कल्याण एवं परियोजना से प्रभावित गावों और आस पास के क्षेत्रों और वहाँ के निवासियों के उत्थान के लिये अपना एक दिन समर्पित करना है। इसके तहत समाज मे साफ सफाई के महत्व, अच्छे स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण और अपने आस पास के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना, साथ ही साथ जरूरत मंद बच्चों एवं ग्रामीणो को विभिन्न उपयोगी वस्तुएँ वितरित करना समिलित है। एनटीपीसी रिहंद के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कंपोजिट स्कूल कोड़ार के बच्चों को स्टडि टेबल, स्टेशनरी किट एवं हाइजीन किट का वितरण किया गया। इसी कड़ी में अपर महाप्रबंधक (ईईएमजी) राजेंदर कुमार ने उपस्थित बच्चों को बताया कि एनटीपीसी रिहंद कैसे बिजली उत्पादन करती हैं। और वरिष्ठ प्रबन्धक (ईएमजी) राघवेंद्र नारायण ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होने यह भी बताया कि हमें कैसे पर्यावरण को साफ एवं प्रदूषण मुक्त रखना है। और अंत में मुख्य चिकित्साधिकारी (रिहंद) डॉ मोनिषा कुलश्रेष्ठा नें स्वच्छता पर बल देते हुए विशेष वार्ता द्वारा लोगों को स्वच्छता और अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व के बारे में समझाया। परियोजना प्रमुख (रिहंद) मेदीरत्ता ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुये जीवन में शिक्षा का महत्व बताया साथ ही उपस्थित अभिभावकों से निवेदन किया कि वे अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें क्योंकि यही बच्चे कल का भविष्य हैं और उन्होनें उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होनें उपस्थित लोगों को अवगत कराया कि नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत स्कूल में सौचालय का निर्माण किया जा रहा।

# बारिश के साथ आधा दर्जन गांवो में फिर गिरे ओले, रही सही फसल हुई बर्बाद

**सुमेरपुर हमीरपुर।** रविवार की देर शाम तेज हवाओं के साथ बारिश भी हुई, वहीं टेढ़ा, उजनेड़ी, पौथिया, सिकरी नदेहरा, कलौलीजार आदि गांवो में ओले गिरने से जो कसर बाकी थीं वह भी पूरी हो गई, किसानो की जो फसल बची थी वह भी बर्बाद हो गई, ओला प्रभावित गांवों के किसानों ने बताया कि शाम 7बजे गरज चमक के साथ बारिश हुई और तेज हवा के ओले गिरे तो जो फसल बची थी वह भी फसल बर्बाद हो गई, गौर तलब है कि एक सप्ताह पूर्व हुई ओला वृष्टि में भी उक्त गांवों की फसल नष्ट हो गई थी, जिससे किसान परेशान हो उठा था, अब जब दुबारा ओले गिरे है तो किसानो को और अधिक धक्का लगा है।

# सुरक्षा के प्रति हमेशा एलर्ट मोड में ही रहकर जीरो हार्म लक्ष्य को किया जा सकता है प्राप्त

**अवधानामा संवाददाता**



**सोनभद्र/अनपरा।** हिण्डालको, रेनूसागर पावर डिवीजन में 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह की भव्य शुरुआत कारखाना परिसर स्थित सुरक्षा लॉन में हुई, समारोह के मुख्य अतिथि हिण्डालको,रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट एच आर प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह ने फीता काट कर उदघाटन किया। तत्पचात मुख्य अतिथि ने भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर संस्थान के उत्तरोत्तर प्रगति व कर्मचारियों के लिए मंगल की कामना की व सुरक्षा ध्वज फहराया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने सुरक्षा जागरुकता माह के आयोजन को सम्बोधित करते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारा प्रबन्धन सुरक्षा के प्रति दृढ़ संकल्पित है, शून्य दुर्घटना से एक कदम आगे जीरो हार्म हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होने सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तृत रुप से चर्चा करते हुए कहा कि सभी कर्मियों को कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए, सुरक्षा से संबन्धित छोटी सी भूल भयानक दुर्घटना का कारण बन सकती है। मुख्य अतिथि ने सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु सभी को प्रेरित करते हुए कहा की हमारे सभी कर्मचारी अधिकारी सुरक्षा के प्रति हमेशा एलर्ट मोड में रह कर ही कार्य करे, अंत में मुख्य अतिथि ने सुरक्षा से संबन्धित नारा देते हुए कहा कि सेफ्टी दिल से अपनायेगे तभी हम जीरो हार्म लक्ष्य हासिल कर पाएँगे।

# एनटीपीसी विंध्याचल में मना 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

**अवधानामा संवाददाता**



**सोनभद्र/विंध्याचल।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना के उमंग भवन सभागार में 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह धूम-धाम से मनाया गया। हर साल इस दिन को एक थीम के आसपास चिह्नित किया जाता है। इस वर्ष के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का विषय है ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें। सर्वप्रथम सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष आशीष कुमार अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया । इसके पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य-अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट लेबर कमिश्नर (शहडोल) मनोज कुमार दीक्षित द्वारा दीप-प्रज्वलन करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रबीर कुमार बिस्वास, सहायक कमांडेंट सीआईएसएफ, सदाराम कुशवाहा एवं अन्य महाप्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, यूनियन/एसोसिएशन के पदाधिकारी, सीआईएसएफ-फायर एवं सुरक्षा कर्मचारीगण के साथ-साथ कर्मचारी एवं उनके परिवारजन भी उपस्थित रहे। इसके पश्चात विभागाध्यक्ष (सुरक्षा) आशीष कुमार अग्रवाल नें कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों को प्लांट सुरक्षा के संबंध मे जानकारी दी एवं सुरक्षा उपायों तथा वर्ष भर के दौरान परियोजना के सुरक्षा विभाग की उपलब्धियों से भी अवगत कराया।

परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ने अपने उद्बोधन में कार्य स्थल पर सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया और संयंत्र के सभी कार्यों में सुरक्षा मानदंडों का पालन करने के महत्व पर बल दिया। अपने भाषण में उन्होंने यह भी कहा हर दिन एक सुरक्षा दिवस है और प्रत्येक कार्यकर्ता एक सुरक्षा अधिकारी है। साथ ही परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी कर्मचारियों और संविदाकर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई।





# अर्थव्यवस्था की दोगुनी रफ्तार
# डबल इंजन की सरकार

उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना जैसी योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर लोगों को दिलाते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। टैक्सपेयर्स के लिए नियमों एवं प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं को सकारात्मक माहौल मिला है, जिससे उनकी सेवाओं में भी अभूतपूर्व विस्तार देखने को मिल रहा है। बेहतर प्रबंधन एवं राजकोषीय अनुशासन से प्रदेश की आय में वृद्धि हुई है, राज्य रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में उभरा है। पिछले 7 वर्ष में राज्य की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। प्रदेश में 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' एवं 'ईज़ ऑफ लिविंग' पर समान रूप से बल दिया गया है।

**यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित**

**आईटीआर भरने वालों में दूसरा स्थान**

| वर्ष 2014 | वर्ष 2023 |
|---|---|
| 1.65 लाख | 12 लाख |

**एस.जी.एस.टी./ वैट में लगाई ऊंची छलांग**

वर्ष 2016-17 में
**₹51,883 करोड़**

2022-23 में
**₹1.25 लाख करोड़**

### बैंकों द्वारा ऋण वितरण

| वर्ष 2016-17 में | वर्ष 2022-23 | वर्ष 2023-24 (दिसंबर तक) |
|---|---|---|
| ₹1,37,452 करोड़ | ₹3,00,430 करोड़ | ₹2,98,551 करोड़ |

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में ऋण वितरण (विभिन्न श्रेणियों में)

| शिशु | किशोर | तरुण |
|---|---|---|
| ₹16,291 करोड़ | ₹18,741 करोड़ | ₹12,396 करोड़ |

### बैंकिंग व्यवसाय

वर्ष 2016-17
₹12.80 लाख करोड़

वर्ष 2023-24
₹26.80 लाख करोड़

**बैंकों/अन्य वित्तीय संस्थाओं से फंड जुटाने में अग्रणी**

2013-14 में
**1.1% हिस्सेदारी**

2022-23 में
**16.2% हिस्सेदारी**

- ₹36,000 करोड़ रुपये से 86 लाख किसानों का ऋण मोचन
- वर्ष 2023-24 में 59% सीडी रेशियो प्राप्त, वर्ष 2024-25 के लिए 65% का लक्ष्य निर्धारित
- वर्ष 2017 से अब तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 4.59 करोड़ नए लाभार्थी जुड़े, 5.54 करोड़ कुल नामांकन
- वर्ष 2017 से अब तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 1.67 करोड़ नए लाभार्थी जुड़े, 1.90 करोड़ कुल नामांकन
- 2.28 लाख बैंक मित्र एवं बीसी सखी कार्यरत
- त्वरित आर्थिक विकास योजना हेतु ₹2,400 करोड़ की व्यवस्था
- 19,705 बैंक शाखाओं का संचालन, 17,852 से अधिक एटीएम संचालित
- ग्राम पंचायतों में 1.80 लाख से अधिक जन सेवा केंद्र संचालित
- सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष 2023-24 में अब तक ₹8,787 करोड़ से अधिक का अल्पकालिक ऋण वितरण




**यूपी ₹1,174.32 करोड़ के डिजिटल लेन-देन के साथ देश का अग्रणी राज्य**

**पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ₹2,412 करोड़ वितरित, देश में सर्वाधिक**

**प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत 9 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए**

**देश में सर्वाधिक व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत**

- सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष 2023-24 में अब तक ₹257 करोड़ से अधिक का दीर्घकालिक ऋण वितरित
- सहकारी बैंकों द्वारा किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए ₹525 करोड़ की व्यवस्था
- वर्ष 2023 के प्रथम 6 माह में वार्षिक ऋण वितरण योजना के तहत बैंकों के माध्यम से ₹2.06 लाख करोड़ का ऋण वितरित
- मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना में मृत्यु/दिव्यांगता पर अधिकतम ₹10 लाख की सहायता
- मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत अधिकतम ₹5 लाख की सहायता
- 4.18 लाख से अधिक पशुपालकों को क्रेडिट कार्ड वितरित
- अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 1.18 करोड़ नामांकन
- ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक निजी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया ग्रामों को अपनाते हुए 75 स्मार्ट क्लास सहित अन्य विकास कार्य











## नये यूपी की पहचान - सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन